धनबाद, शनिवार

5 अप्रैल 2025

वर्ष : 10 अंक : 305

पृष्ठ : 12

मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची,: पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है।

प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मधु कोड़ा की माताजी के निधन की दुखद सूचना से मन दुखित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा मनोज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, आरती कुजूर, दीपक बंका हेमंत दास आदि शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की मां कुनी कोड़ा का गुरुवार की दोपहर निधन हो गया था। वह रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती थीं। 80 वर्षीय कुनी कोड़ा लंबे समय से बीमार थीं।

### फिल्म अभिनेता-निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

रांची, नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मशहूर फिल्म अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मनोज कुमार का निधन भारतीय सिनेमा और कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मरांग बुरु से प्रार्थना की कि वे शोकाकुल परिजनों को इस दुःखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच होगी वार्ता

नई दिल्ली(एजेंसी) :प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच शनिवार को होने वाली वार्ता के बाद भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने समेत लगभग 10 समझौतों पर सहमति बनने की उम्मीद है।मोदी बैंकॉक की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद शुक्रवार शाम को श्रीलंका की राजधानी पहुंचे। मोदी पहले विदेशी नेता हैं, जिनकी श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके मेजबानी करेंगे। मोदी ने पिछली बार 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था। यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि रक्षा सहयोग समझौते समेत सात समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इसके अलावा तीन और समझौतों पर भी बात हो सकती है।

यदि रक्षा सहयोग से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर हो जाते हैं, तो यह भारत-श्रीलंका रक्षा संबंधों में एक बड़ी प्रगति का संकेत होगा। इस समझौते के बाद लगभग 35 वर्ष पहले भारत द्वारा श्रीलंका से भारतीय शांति सेना को वापस बुलाए जाने से संबंधित कड़वी यादें पीछे छूट जाएंगी।प्रधानमंत्री की श्रीलंका यात्रा ऐसे समय हो रही है जब श्रीलंका के आर्थिक संकट से उबरने के संकेत मिल रहे हैं।

# वक्फ संशोधन बिल रात 2:32 बजे राज्यसभा में भी पारित

नई दिल्ली,(एजेंसी) : वक्फ संशोधन बिल देर रात संसद में पारित हो गया है। लोकसभा में पारित होने के बाद वक्फ संशोधन बिल पर राज्यसभा में चर्चा पूरी होने के बाद देर रात करीब 2 बजे वोटिंग कराई गई। इस दौरान सत्ता पक्ष बिल पास कराने में सफल रहा। राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मत पड़े। इस प्रकार उच्च सदन में 12 घंटे से ज्यादा चली चर्चा के बाद रात 2.32 बजे राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया। सदन में सत्ता पक्ष ने बिल को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति से इतर राष्ट्रीय हित में बढ़ाया गया एक अहम कदम बताया। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने इस बिल को संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। वक्फ संशोधन बिल पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों में



अनेक अवसर ऐसे आए जबकि गहमागहमी की स्थिति भी बनी। यहां लोकसभा में एक दिन पहले ही पास हुए बिल को अगले ही दिन राज्यसभा में भी चर्चा के बाद पारित करवा लिया गया।

इससे पहले राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे अल्पसंख्यक कार्यमंत्री ने कहा कि यह बिल ऐतिहासिक है और इससे किसी एक मुसलमान को कोई नुकसान नहीं होने वाला। इससे तो करोड़ों गरीब मुसलमानों को लाभ होने वाला है। रिजिजू ने कहा कि बिल पारित होने के बाद आप सब देखेंगे कि कैसे लोग इसका स्वागत करते हैं।

# फिल्म इंडस्ट्रीज के भारत कुमार को श्रद्धांजलि

### नहीं रहे अभिनेता मनोज कुमार, 87 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, बॉलीवुड में शोक की लहर

मुंबई : भारतीय फिल्म जगत के मशहूर निमार्ता, निर्देशक, पटकथा लेखक, लिरिक्स राइटर और अभिनेता मनोज कुमार का निधन 87 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल को अहले सुबह कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए विख्यात मनोज कुमार को फिल्म इंडस्ट्री में 'भारत कुमार' के नाम से भी पुकारा जाता था। उन्हें पद्म श्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार सहित कई अन्य सम्मान भी प्राप्त हुए थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत साल 1957 में आई फिल्म 'फैशन' से की थी। इसके बाद 1961 में उनकी फिल्म 'कांच की गुड़िया' रिलीज हुई। इस



फिल्म में वह बतौर लीड अभिनेता नजर आए थे, जो सफल रही। मनोज कुमार ने 'सहारा' (1958), 'चांद' (1959) और 'हनीमून' (1960) जैसी फिल्मों में खाम किया और फिर उन्हें मिली 'कांच की गुड़िया' (1961) जिसमें वो पहली बार लीड रोल में दिखे। इसके बाद 'पिया मिलन की आस' (1961), 'सुहाग सिंदूर' (1961), 'रेशमी रूमाल' (1961), 'हरियाली और रास्ता' (1962), 'शादी' (1962), 'डॉ. विद्या' (1962), गृहस्थी (1963) आई। उन्हें सबसे अधिक सफलता साल 1962 में विजय भट्ट की 'हरियाली और रास्ता' से मिली जो कमर्शियली हिट रही। फिल्म में माला सिन्हा थीं। मनोज कुमार ने 'वो कौन थी' (1964), 'शहीद' (1965), 'गुमनाम' (1965), 'सावन की घटा' (1966), 'दो बदन' (1966), 'उपकार' (1967), 'पत्थर के सनम' (1967), 'अनिता' (1967), 'नील कमल' (1968), 'साजन' (1969), 'पूरब और पश्चिम' (1970), 'पहचान' (1970), 'मेरा नाम जोकर' (1970), 'यादगार' (1970), 'बेईमान' (1972), 'शोर' (1972), 'रोटी कपड़ा और मकान'(1974), 'संन्यासी' (1975), दस नंबरी' (1976), अमानत (1977), 'क्लर्क' (1989) और 'क्रांति' (1981) जैसी कमाल की कई फिल्में दीं, जिन्हें सिनेप्रेमियों की जमात कभी भुला नहीं पाएगी। आज भले ही मनोज कुमार हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन वो अपनी फिल्मों के जरिए सिनेदर्शकों के दिलोदिमाग में युगों युगों तक छाए रहेंगे।

# वक्फ संशोधन बिल संविधान की भावना के खिलाफ: सांसद सैयद नसीर हुसैन

## वक्फ बिल के जरिए बीजेपी की सांप्रदायिक ध्रुवीकरण

### विधेयक में विपक्षी सदस्यों की कोई सिफारिश शामिल नहीं

नई दिल्ली(एजेंसी) : वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पारित हो गया। विपक्षी दल के कड़े विरोध के बावजूद विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। सदन में विधेयक के खिलाफ बोलते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और जेपीसी सदस्य रहे डॉ.सैयद नसीर हुसैन ने वक्फ विधेयक को भाजपा का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि जेपीसी ने ये संशोधन सुझाये हैं, लेकिन यह केवल जेपीसी के एनडीए सांसदों का विचार है, अन्य दल के सभी लोगों और उनकी सिफारिशों को नजरअंदाज कर दिया गया।



उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि 1995 और 2013 के विधेयक किसी को खुश करने के लिए लाए गए थे और सख्त थे, तो भाजपा उसका समर्थन क्यों करी थी? भाजपा के लोग पूरे देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा ने 2013 में इस विधेयक का समर्थन किया था, जिसके बाद 2014 में एनडीए सत्ता में आई। और 10 साल तक सत्ता में रहने के दौरान उन्होंने कभी इस बारे में बात नहीं की। लेकिन 2024 में बिल फिर से याद आ गया, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिली। इसलिए भाजपा चाहती है कि ऐसे मुद्दे चलते रहें, देश बंटता रहे और जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहे। भाजपा की हिन्दू-मुस्लिम राजनीति जारी रह सके। जो संशोधन लाए गए हैं वे संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। यह अनुच्छेद 14, 25, 26, 30 का उल्लंघन है। यह कानून के समक्ष समानता की अवधारणा के खिलाफ है। यह विभिन्न वर्गों के लिए कानून में समानता के विरुद्ध है। और भाजपा एक राष्ट्र, एक कानून, यूसीसी के बारे में जो भी कहती है, वह उसके भी खिलाफ है। पिछले कुछ दिनों से लगातार वक्फ एक्ट और बोर्ड के बारे में गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं और गोदी मीडिया इसका पूरा समर्थन कर रहा है और भाजपा का आईटी सेल भय फैला रहा है। वक्फ क्या है? इसका अर्थ क्या है? वक्फ का मतलब है दान। अल्लाह के नाम पर, अल्लाह के लिए।उल्लेखनीय है

# ईडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीएस सहित 21 ठिकानों पर दी दबिश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांचीः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान घोटाले मामले में रांची सहित कुल 21 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे आयुष्मान घोटाले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री निजी सचिव ओम प्रकाश सिंह के जमशेदपुर स्थित आवास पर शामिल है लेकिन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का निजी सचिव ईडी के हाथ नहीं लगा। वह छापेमारी से पहले घर से बाहर निकला था। ईडी अधिकारियों के साथ संपर्क होने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। ओम प्रकाश पर घोटाले में शामिल लोगों के साथ करीबी संपर्क रखने का आरोप है। ईडी बन्ना गुप्ता के निजी सचिव के इस घोटाले की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देख रही है।वहीं, राजधानी रांची में ईडी के अधिकारियों ने जिन जगहों पर दबिश दी उनमें अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी शामिल है। इसके अलावा ईडी ने जमशेदपुर और बोकारो सहित राज्य के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की। साथ ही ईडी ने




पश्चिम बंगाल के दो और उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के एक-एक ठिकानों पर छापेमारी की है।छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने कई सरकारी अधिकारियों के आवासों को खंगाला। इसमें झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी(झसास) के एडिशनल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक श्रीवास्तव, सीनियर कंसल्टेंट वैभव राय के आलावा सेफवे टीपीए और इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों के ठिकाने शामिल हैं। ईडी ने पूर्व एडिशनल डायरेक्टर को नियुक्तियों को आसान बनाने और अवैध लेनदेन को बढ़ावा देने में शामिल पाया है।ईडी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 20 लाख रुपये कैश और निवेश से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं।ईडी ने प्रारंभिक जांच में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के फर्जी दावों का भुगतान कराने में सीनियर कंसल्टेंट वैभव राय की संलिप्तता पायी है। ईडी ने नीरज कंसल्टेंट कंपनी से जुड़े लोगों को भी छापेमारी के दायरे में शमिल किया है। इसके अलावा फर्जी दावों के भुगतान में थर्ड पार्टी असेसमेंट(टीपीए) का काम करने वाली कंपनी सेफवे टीपीए के कर्मचारियों दयाशंकर चौधरी के अलावा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी कर्मचारी मनीष के ठिकानों को छापेमारी की दायरे में शामिल किया गया है।दयाशंकर चौधरी ने अपना एक अस्पताल भी खोल रखा है। झारखंड में थर्ड पार्टी असेसमेंट का काम सेफवे इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड की सेफवे टीपीए नामक कंपनी करती है। सेफवे प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंद्रजोत सिंह को सरकारी बीमा योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में अहमदाबाद सीबीआई कोर्ट पांच साल की सजा सुना चुकी है। झारखंड में भी सेफवे टीपीए के एक कर्मचारी ने अस्पतालों के किये जाने वाले भुगतान में 10 प्रतिशत की दर से कमीशन लेने का वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था।ईडी ने हजारीबाग के सनसाइन हॉस्पिटल पर भी छापा मारा है। इस अस्पताल पर भी मुर्दों का इलाज करने का आरोप लगा था और अस्पताल को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि बाद में इसे फिर से अस्पताल चलाने की अनुमति दे दी गयी थी। इस अस्पताल में भर्ती एक मरीज की मौत हो गयी थी। लेकिन आयुष्मान के पोर्टल पर उसका इलाज चल रहा था। जांच के दौरान मरीज के नंबर पर फोन कर उसकी स्थिति की जानकारी ली। इसमें इस बात की जानकारी मिली कि मरीज की मौत तीन दिन पहले हो चुकी है और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस घटना के बाद सरकार के स्तर से अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गयी थी। हालांकि बाद में इसे बंद कर दिया गया था।

**शेष पृष्ठ-4.....**

# प्रकृति पर्व सरहुल नहीं करती लोगों में भेदभाव : ममता

## सरहुल मिलन समारोह में मांदर की थाप पर थिरके लोग, जय सरना से गूंजा शहर

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रामगढ़, : आदिवासी छात्र संघ के तत्वाधान में शहर के सुभाष चौक में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि सरहुल जिले में रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रहा है।

सरहुल के जुलूस में सभी समुदायों के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। जुलूस में जनजातीय संस्कृति के अनुरूप नाचते-गाते भाईचारगी की अदभुत मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि सरहुल का त्योहार प्रकृति से जुड़ने का त्योहार है। प्रकृति जब भेदभाव नहीं करती है तो प्रकृति में रहने वाले लोगों को भी भेदभाव नहीं रखना चाहिए।

अतिथियों का स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया

आदिवासी छात्र संघ के द्वारा आयोजित सरहुल पूजा सह मिलन समारोह में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत संघ के पदाधिकारी ने परंपरागत तरीके से किया। समारोह की अध्यक्षता सुनील मुंडा व संचालक प्रकाश करमाली और जगनारायण बेदिया ने संयुक्त रूप से किया।




मांदर की थाप पर थिरके लोग

जिले के विभिन्न स्थानों से आदिवासी समाज के लोग पारंपारिक वेशभूषा में ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए और लोक नृत्य करते हुए सुभाष चौक स्थित समारोह स्थल पहुंचे। इस दौरान झांकी का भी प्रस्तुत किया गया। जिनका स्वागत आदिवासी छात्र संघ के द्वारा किया गया। इस दौरान पूरा शहर जय सरना से गूंज उठा।

समारोह में कल्याण विभाग के आप्त सचिव शिवराम कच्छप, सिमडेगा के जिलाध्यक्ष आलोक बागे, आदिवासी नेता महेंद्र मुंडा, समाजसेवी कमल बगड़िया, पीएचडी विभाग के एसडीओ मनीराम मुंडा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनील करमाली, गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

समारोह में ये थे उपस्थित

राजी पडहा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, प्रदेश सलाहकार सुभाष उरांव, जिला धर्मगुरु संदीप टोप्पो, आदिवासी छात्र संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष मानकी, अधिवक्ता शिवकुमार करमाली, अनिल मुंडा, इंद्रजीत मुंडा, पंचदेव करमाली, दिनेश मुर्मू, तिवारी टोप्पो, बुधन करमाली, बनवारी मुंडा, माधव करमाली, संजय करमाली, विजय कच्छप, दीपक बेदिया, कृष्ण सोरेन, उचित नारायण करमाली, गणेश पाहन, राजन मुंडा, चरका मुंडा, अशोक करमाली, अशोक मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाए : राज्यपाल



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची, : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राज भवन में राज्य के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मुलाकात की और उच्च शिक्षा की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए।

राज्यपाल से मुलाकात करने वालों में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह शामिल थे। दोनों कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कुलपतियों को निदेशित किया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाए और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। **शेष पृष्ठ-4.....**

## संक्षिप्त खबर

### पोषण सखी संघ ने कल्पना सोरेन से मिलकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ ने प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी एवं गिरिडीह जिला अध्यक्ष रजिया खातून एवं गांडेय प्रखंड की कुछ पोषण सखी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू से मिलकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा जिसमे मुख्य रूप से ईद जैसे पर्व में मानदेय भुगतान न होने से सभी पोषण सखियां निराश थी।अतः अब रामनवमी पर्व को देखते हुए 6 जिला में अविलंब मानदेय भुगतान,कराने का आग्रह किया तथा पोषण सखियों के लिए ड्रेस कोड और मानदेय में वृद्धि की बात रखी। कल्पना सोरेन ने बहुत ही गंभीरता पूर्वक मांगपत्र को देखा और आश्वासन दिया कि जिस तरह इस सरकार ने पोषण सखियों को नया जन्म दिया है तो आगे भविष्य में भी यही सरकार संवारेगी।बस आपलोग थोड़ा सरकार को समय दीजिए सरकार आपलोगों के प्रति काम कर रही है और बहुत जल्द आपलोगों की मांगे पूरी की जाएगी।

### अखंड रामचरितमानस एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ हवन कार्यक्रम संपन्न



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में शुक्रवार को सत्रारंभ पर अखंड रामचरितमानस एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।आचार्य सतीश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ करवाया। मौके पर प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि नवीन सत्र हेतु विद्यालय में आचार्य-दीदी द्वारा अखंड रामचरितमानस पाठ किया गया।पाठ के समापन के पश्चात उपस्थित भैया बहन एवं आचार्य ने हवन कुंड में आहुति दी।नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामना देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हवन पूजन से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।नया सत्र हम सभी के लिए उमंग,ऊर्जा और प्रेरणादायक हो।अखंड रामचरितमानस पाठ में समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थे।

### खरगडीहा में सालों से पेजलापूर्ति ठप,आसपास के कई गांव प्रभावित



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** खरगडीहा में पानी के लिए ग्रामीण संकट में हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से खरगडीहा में करोड़ों की लागत से बनाया गया सिर्फ फोटो खींचने की वस्तु रह गई है। जलापूर्ति योजना लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सिस्टम की लापरवाही के कारण विफल साबित हो गई है। खरगडीहा, मिजार्गंज, बदडीहा, जगन्नाथडी, मिसिरडीह,परगोडीह पानी की सप्लाई होने से इन गांवों को लाभ मिलता था।शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर बनाया गया जल सप्लाई केंद्र पिछले 1 साल से बंद है। इससे खरगडीहा पंचायत से सटे मिजार्गंज, बदडीहा, जगन्नाथडीह, मिसिरडीह, परगोडीह लगभग 10 हजार की आबादी के समक्ष आपूर्ति बाधित होने से समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां के लोग पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए कुएं एवं नदी पर निर्भर हो गए हैं। इस गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि खरगडीहा में जलापूर्ति योजना के लिए लगभग करोड़ों की लागत से जल सप्लाई केंद्र बनाया गया था जिसका उद्घाटन 2016 में निवर्तमान मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं स्थानीय विधायक केदार हाजरा ने किया था। जहां से खरगडीहा पंचायत सहित अन्य कई गांव में जलापूर्ति होती थी। परंतु सिस्टम की लापरवाही के कारण अब जलापूर्ति केंद्र कबाड़ होने के कगार पर है। इस योजना का सही लाभ यहां के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।इस संबंध में वर्तमान विधायक डॉ. मंजू कुमारी ने सदन के माध्यम से खरगडीहा जलापूर्ति केंद्र को चालू करने की मांग की थी लेकिन कब शुरू होगी यह भी बताने वाला कोई नहीं है।मुखिया सुनील कुमार साव का कहना है इस समस्या के कारण वाकई ग्रामीणों को काफी कष्ट का सामना करना पढ़ रहा है। पेयजल आपूर्ति करना एक महत्वपूर्ण विषय है। इस संबंध में हमने पीएचडी विभाग को कई बार पत्र लिखा है और मेरे ही आग्रह पर विधायक मंजू कुमारी ने भी इस मामले को लेकर सदन में आवाज उठाई है।खरगडीहा पंचायत के उप मुखिया पप्पू खान ने कहा है कि खरगडीहा जनता जनार्दन हाथ जोड़कर निवेदन करता है कि कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक मंजू देवी, पेयजल आपूर्ति विभाग आप सभी मिलकर कैसे सुचारू रूप से पानी सप्लाई हो इस पर विचार करके अविलंब पानी को चालू करने का कष्ट प्रदान करें ताकि यहां की जनता पानी पीने के लिए त्राहिमाम ना हो।

### गिरिडीह और गांडेय के नेताओं में कुछ खास करने की क्षमता है : पूरण महतो

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** भाकपा माले के पोलित ब्यूरो मेम्बर सह गिरिडीह ज़िला सचिव कामरेड जनार्दन प्रसाद की उपस्थिति में गिरिडीह नगर, गिरिडीह मुफस्सिल, बेंगाबाद, गाण्डेय और पीरटांड़ के नेतृत्वकारी प्रमुख नेताओं की बैठक बदडीहा स्थित एक होटल में हुई। सनद रहे कि माले के राज्य सम्मेलन 22,23 एवं 24 अप्रैल,2025 को बोकारो में होने जा रहा है। राज्य सम्मेलन के पूर्व पार्टी के ब्रांच, लोकल तथा एरिया स्तर के कमिटियों का विधिवत सदस्यता आधारित कमेटियों का पुनर्गठन एवं एरिया कमिटी के सम्मेलन कर राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इस बाबत गिरिडीह नगर कमिटी का सम्मेलन 8 अप्रैल, गाण्डेय प्रखंड का सम्मेलन 9 अप्रैल, 10 अप्रैल को बेंगाबाद प्रखंड का सम्मेलन, गिरिडीह प्रखंड सम्मेलन 11 अप्रैल तथा पीरटांड़ में 12 अप्रैल को होगा। राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए क्रमशः बंटी,महताब अली मिर्जा, रामलाल मुर्मू और शंकर पाण्डेय को पर्यवेक्षक के रूप में अधिकृत किया गया है। इस दौरान कुछ लोगों ने नये सदस्य के रुप में शपथ लेकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पप्पु सिंह, सुरेश राय, ओम प्रकाश राय, राज किशोर यादव, राजेन्द्र कुमार राय, बिरसा हांसदा, मनोहर ठाकुर, बजरंगी राय, दिलीप कुमार राय, संतोष चक्रवर्ती, मनोज हांसदा, सपन चन्द्र डे शामिल थे।

# उपायुक्त ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी की गठित

**अनुमंडल पदाधिकारी चास करेंगी नेतृत्व, शीघ्र उपलब्ध कराएंगे जांच प्रतिवेदन**

**बीएसएल प्रशासनिक भवन के समक्ष विस्थापित अप्रेंटिस संघ का धरना प्रदर्शन**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव ने दिनांक 03.04.2025 को बीएस सिटी थानान्तर्गत बीएसएल के प्रशासनिक भवन के समक्ष विस्थापित अप्रेन्टीस संघ के द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना- प्रदर्शन करने एवं धरना-प्रदर्शन के दौरान विस्थापित संघ एवं सीआईएसएफ बलों के बीच हुई झड़प में विस्थापित संघ के एक व्यक्ति प्रेम कुमार महतो की मृत्यु मामले की विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। अनुमण्डल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढ़ांडा कमेटी की अध्यक्षता करेंगी। कमेटी में बतौर सदस्य पुलिस उपाधीक्षक, नगर, बोकारो एवं कार्य० दण्डाधिकारी बोकारो जया कुमारी शामिल हैं।

उपायुक्त ने गठित कमेटी को गुरुवार को घटित पूरे घटनाक्रम की जाँच बीएसएल प्रशासनिक भवन में अधिष्ठापित सीसीटीवी फुटेज एवं मीडिया से प्राप्त फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के माध्यम से करते हुए विस्तृत जाँच प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है।

### बोकारो बंद का जेईई मेन-2 पर असर नहीं, 632 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे सत्र के तहत शुक्रवार को तीसरे दिन बोकारो के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 632 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विस्थापित आंदोलन के क्रम में लाठीचार्ज से एक युवक की मौत की घटना के बाद आहूत बोकारो बंद का उक्त परीक्षा पर विशेष असर नहीं पड़ा। यद्यपि परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में थोड़ी-बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा, परंतु बावजूद इसके प्रशासनिक सहयोग से दोनों ही पालियों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हो गई, जिसमें कुल 632 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि, 58 अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके। एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, अल्फा आईसीटी सेंटर, चिकिसिया (चास) में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 223 में 210 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जबकि 13 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र पर दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 223 अभ्यर्थियों में से 208 ने परीक्षा दी और 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 111 में 97 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 14 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में कुल 133 में 117 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, केंद्राधीक्षकों और पर्यवेक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रामनवमी के मद्देनजर नगर भवन सभागार में जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** रामनवमी पर्व के अवसर पर उत्कृष्ट विधि-व्यवस्था संधारण, सुचारू यातायात प्रबंधन तथा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री नगर एवं आवास विभाग ने बैठक में रामनवमी आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। जुलूस के साथ जेनेरेटर एवं लाइट की व्यवस्था रहेगी तथा ड्रोन से पूरे जुलूस की निगरानी होगी जुलूस के दौरान बिजली और पानी की व्यवस्था रहेगी जुलूस की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की जायेगी। जुलूस के रूट में नहीं होगा बदलाव, सभी जुलूस अपने निर्धारित समय पर निकलेंगे तथा अश्लील गाने और डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारियों से थाना व अंचल स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक की जानकारी ली गयी। बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड़ में रहने को कहा गया। किसी भी तरह की आपत्तिजनक, अश्लील गाने को बजाया नहीं जाएगा। डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से मंत्री नगर एवं आवास विभाग विधायक जमुआ, विधायक,बगोदर, विधायक, डुमरी, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सांसद प्रतिनिधि, कोडरमा लोकसभा, सांसद प्रतिनिधि, राज्यसभा, विधायक प्रतिनिधि, धनवार विधानसभा, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### अंतिम यात्रा में आए लोगों को होती है दिक्कतः कामेश्वर पासवान



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** नई दिल्ली प्रवास के दौरान जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह प्रदेश मंत्री भाजपा कामेश्वर पासवान गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के 21नॉर्थ एवेन्यू स्थित आवास नई दिल्ली पर मिलकर संसदीय क्षेत्र में आवश्यक कार्य करने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसमें आग्रह किया गया है कि गिरिडीह सीसीएल अधिसूचित क्षेत्र है और गिरिडीह के बगल से बराकर नदी में स्थित श्मशान घाट है। जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। व्यक्ति के अंतिम यात्रा के दौरान लाश जलाने हेतु लाश सेड,घाट तक सीधा ना होना अंतिम यात्रा में आए लोगों को एवं उनके परिजनों को दिक्कत होती है। इस तकलीफ को विगत दिनों स्वर्गीय एमपी सिंह के दाह संस्कार कार्यक्रम में जाने के बाद नजदीकी से एहसास हुआ और सांसद को ज्ञापन देकर आग्रह किया। जिस पर सांसद ने यह घोषणा की कि बहुत जल्द किसी भी निधि से शमशान घाट में जो सुविधा होनी चाहिए वह श्मशान घाट पर होगा। इस आश्वासन के लिए सांसद को गिरिडीह लोकसभा की जनता धन्यवाद करती है। साथ ही इस ज्ञापन में उपस्थित जिला परिषद सदस्य अनूप पांडे, दीपक यादव, जितेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### किसी भी फजीवाड़े से बचें, ये साइबर अपराध करने वाले हो सकते हैं :अंचल अधिकारी

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** ऐसा देखा जा रहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुक अपने अपने मोबाईल में एक फर्जी सूची का फोटो लेकर अंचल कार्यालय आ रहे हैं एवं उनके द्वारा बतलाया जा रहा है कि प्रज्ञा केन्द्र साइबर कैफे संचालक के द्वारा चेक कर के बतलाया गया कि मेरा नाम भुगतान सूची से हटा दिया गया है, इस सम्बंध में कहना है कि किसी भी तरह की सूची प्रज्ञा केन्द्र संचालक साइबर कैफे संचालक या किसी व्यक्ति विशेष को किसी भी तरह की कोई भी सूची उपलब्ध नहीं कराया गया है। अगर किसी प्रज्ञा केन्द्र साइबर कैफे संचालक या किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा चेक करने कराने के नाम पर या नाम जुडवाने के नाम किसी तरह की राशि वसूल की जाती है तो इसकी सूचना अधोहस्ताक्षी को उसका नाम एवं पता उपलब्ध कराने की कृपा करें ताकि उसके विरुद्धि विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अन्तर्गत सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर आपके मोबाईल पर किसी तरह का फोन कॉल आते हैं एवं ओटीपी की मांग करते हैं तो इसकी सूचना साईबर थाना में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। गिरिडीह शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सभी जन प्रतिनिधियों सम्मानित व्यक्तियों को सूचित करते हुए अनुरोध किया कि अंचल कार्यालय से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना से सम्बंधित कोई भी तरह का डाटा हस्तांतरण नहीं किया गया है, अगर किन्ही के पास कोई सूची है तो उसे फर्जी सूची समझा जाय एवं अगर किन्ही के द्वारा व्हाट्सप्प पर किसी भी तरह की सूची हस्तांतरित किया जाता है तो उस व्यक्ति का मोबाईल न. उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि साईबर थाना को सूचित कर कार्रवाई की जा सके। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत किसी भी तरह की जानकारी अंचल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी मांग रहे विस्थापितों पर लाठीचार्ज, एक की मौत, तीन घायल



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी की मांग कर रहे विस्थापितों के आंदोलन ने गुरुवार, 3 अप्रैल को हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान सीआइएसएफ ने लाठीचार्ज किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इस घटना के बाद प्रशासन ने मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी और बीएसएल तथा सीआइएसएफ के खिलाफ केस दर्ज किया गया। बोकारो स्टील प्लांट में अप्रेंटिस का प्रशिक्षण ले रहे विस्थापित युवा लंबे समय से नौकरी की मांग कर रहे थे। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे वे अपनी मां, पत्नी और बच्चों के साथ कंपनी के मुख्य गेट पर पहुंचे और वहां जाम लगा दिया।

उन्होंने प्लांट जाने वाले कर्मचारियों और वाहनों को रोक दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। शाम करीब 5 बजे प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़कर इस्पात भवन के अंदर प्रवेश करने का प्रयास करने लगे। सुरक्षा में तैनात सीआइएसएफ के जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी, तो लाठीचार्ज कर दिया। इस लाठीचार्ज में चार प्रदर्शनकारी घायल हुए, जिनमें से 32 वर्षीय प्रेम महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक प्रेम महतो हरला थाना क्षेत्र के शिबूटांड़ गांव का निवासी था। लाठीचार्ज के दौरान स्थिति थोड़ी शांत हो गई थी, लेकिन कुछ देर बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। विस्थापितों ने फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को रोक लिया और सीआइएसएफ के वाहन के शीशे तोड़ दिए। इसके जवाब में सीआइएसएफ ने एक बार फिर लाठीचार्ज किया।

बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि जिला प्रशासन ने इस मामले में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएल और सीआइएसएफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और प्रशासन स्थिति को नियंत्रण में लाने की दिशा में प्रयास कर रहा है। विस्थापित युवाओं का आरोप है कि बीएसएल उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिला प्रशासन ने कई बार इस मुद्दे को बीएसएल के संज्ञान में लाया, लेकिन हर बार बीएसएल इसे दिल्ली में लंबित मामला बताकर टाल देता है।

# वेदांता ईएसएल ने विश्व जल सप्ताह मनाया

**सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों के जरिए सतत जल प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** वेदांता ईएसएल ने विश्व जल सप्ताह 2025 का सफल और प्रभावशाली समारोह मनाया। जिसमें सतत जल प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में ज्ञान-साझाकरण सत्र, इंटरैक्टिव प्रतियोगिताएं और सीएसआर-संचालित पहल शामिल थीं। जिसमें 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें:** सप्ताह का मुख्य आकर्षण ग्लेशियर संरक्षण पर एक ज्ञानवर्धक वेबिनार था, जिसका नेतृत्व वैप और डिजिटल पानी के सह-संस्थापक राजेश जैन ने किया। जिन्होंने भारत के घटते ग्लेशियरों की रक्षा और उद्योगों और घरों के लिए सतत जल समाधानों के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। वेदांता ईएसएल के वरिष्ठ नेतृत्व ने सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और उन्हें संबोधित किया। तपेश चंद्र नस्कर, निदेशक-सीई और एचएसईएस; और दुर्गा प्रसन्ना पांडा, उप निदेशक सीई, ने जल अनुकूलन, अपशिष्ट में कमी और पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी के दृष्टिकोण पर अपनी, बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। भाषण, पोस्टर-मेकिंग, नारा लेखन और ऑनलाइन और ऑफलाइन क्विज सहित आकर्षक प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला में मजबूत सामुदायिक भागीदारी देखी गई। विजेताओं को उनकी रचनात्मकता और जल संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए पहचाना और पुरस्कृत किया गया। वेदांता ईएसएल के सीएसआर विभाग ने केंद्रीय इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से विश्व जल दिवस 2025 पर प्रोजेक्ट स्वजल के तहत प्रभावशाली जमीनी स्तर की पहल की। बुढ़ीबिनोर आंगनवाड़ी में, 45 एसएचजी लाभार्थियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिसमें वर्षा जल संचयन और



कुशल भंडारण तकनीकों जैसे व्यावहारिक जल-बचत तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र का समापन शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने स्थायी जल प्रथाओं को अपनाने का संकल्प लिया।

इसके अलावा, चंदाहा ड्राइंग सेंटर में, जल संरक्षण-थीम वाली ड्राइंग प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिससे उन्हें जल संरक्षण के बारे में अपनी समझ को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को उनके कलात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम का समापन मीठे पानी के संसाधनों की रक्षा के लिए सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

**जल संरक्षण के प्रति वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता:** इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता ईएसएल के निदेशक सीई एंड एचएसईएस तपेश चंद्र नास्कर ने कहा- पानी उद्योग और समुदायों दोनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है। वेदांता ईएसएल में, हम न केवल स्थिरता की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि सक्रिय रूप से इसका अभ्यास भी करते हैं। विश्व जल सप्ताह जागरूकता पैदा करने, बदलाव लाने और सभी स्तरों पर जिम्मेदार जल प्रथाओं को लागू करने की हमारी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।

### उम्दा अभिनय व देशभक्ति फिल्मों के लिए याद किए जाएंगे मनोज कुमार





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** महान अभिनेता व फिल्मकार मनोज कुमार के निधन पर बोकारो के कलाकारों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उपकार, पूरब और पश्चिम, रोटी- कपड़ा और मकान, क्रांति आदि फिल्मों के निर्माण व निर्देशन सहित अनेक फिल्मों में यादगार अभिनय के लिए मनोज कुमार चर्चित रहे हैं। कवि, पत्रकार, गायक व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सांस्कृतिक सचिव अरुण पाठक ने कहा कि मनोज कुमार बहुत बड़े अभिनेता व फिल्मकार थे। उनकी फिल्में यादगार गीत संगीत के लिए भी जानी जाती हैं। फिल्मों में उम्दा अभिनय व देशभक्ति फिल्मों के लिए वे सदैव आदर के साथ याद किए जाएंगे। कवयित्री करुणा कलिका ने कहा कि ऐसे कलाकार बहुत कम होतें हैं जिनका नाम भारत पर रख दिया जाए। देशभक्ति फिल्मों में योगदान के लिए मनोज कुमार जी भारत कुमार के नाम से भी मशहूर हुए। गायिका करिश्मा प्रसाद ने कहा कि मनोज कुमार जी के उल्लेखनीय योगदान के लिए फिल्म जगत सदैव उनका ऋणी रहेगा। भारतीय संगीत कला अकादमी के सचिव व वरिष्ठ तबला वादक डॉ राकेश रंजन ने कहा कि भारतीयता से ओत-प्रोत फिल्मों के निर्माण व निर्देशन के साथ ही फिल्मों में सुंदर अदायगी के लिए मनोज कुमार जी लोगों के दिलों में रहेंगे। गायक रमण चौधरी ने कहा कि फिल्मों के जरिए लोगों में भारतीयता व देशभक्ति की भावना जगाने वाले फिल्मकारों में मनोज कुमार जी का अग्रणी स्थान है। उनकी फिल्में मधुर संगीत के लिए भी चर्चित रही हैं। रंगकर्मी व संगीत प्रेमी शंभु झा ने कहा कि मनोज कुमार एक बहुत ही उम्दा अभिनेता व निमार्ता निर्देशक रहे। उनकी फिल्में सदैव उनकी मौजूदगी का एहसास कराती रहेंगी।

Page 3_Page 3.qxd 4/4/2025 11:01 PM Page 1



**संक्षिप्त खबर**

## छाताबाद में रामनवमी पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : श्री श्री महावीर दल स्व बाबू सिंह अखाड़ा छाताबाद कतरास मंदिर में शुक्रवार को महासप्तमी पर हनुमान मंदिर में विशेष पूजन तथा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया. मंदिर प्रांगण में बजरंगबली की विशेष पूजा अर्चना सुधीर कुमार गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सोनी गुप्ता के साथ पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना के बाद अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया. कल दिन 12:00 बजे संपन्न अखंड हरी कीर्तन का पूणार्हुति होगा. मंदिर प्रांगण में 5 अप्रैल को महा अष्टमी पूजा तथा 6 तारीख को झंडा पूजन के साथ धूमधाम से अखाड़ा निकली जाएगी. जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के नंदकिशोर यादव, तारा सिंह,चंदन मेहता, प्यारी तुरी, राजकुमार प्रजापति, रिकी सरदार, गौतम गुप्ता, भीम प्रजापति, जुगनू यादव, सहदेव प्रजापति, सक्रिय रूप से लगे हुए हैं.

## लोहपिट्टी पंचायत के संथालडीह में बाघमारा बीडीओ व मुखिया ने किया पूजन सामग्री वितरित



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : झारखंड सरकार के निर्देश पर शुक्रवार को कल्याण विभाग के द्वारा लोहपिट्टी पंचायत के जामडीहा स्थित संथालडीह में ग्रामीणों के बीच जाहेर थान पूजन सामग्री का वितरण किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, लोहपिट्टी पंचायत के मुखिया सुनीता देवी के हाथों से पूजन सामग्री वितरित किया गया. इस दौरान मुखिया के द्वारा प्रखंड से आए हुए सभी पदाधिकारीयों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया. मौके पर जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष धीरन रवानी, बीपीआरओ आरके भारती, जिप सदस्य आशा देवी, उपमुखिया मधुसूदन महतो, वार्ड सदस्य उमा देवी, मांझी हदाम, मुखिया प्रतिनिधि बॉबी महतो, प्रेमचंद महतो, दारा सिंह, सुरेश मांझी, आकाश मांझी, भोला मांझी, सिवान मांझी, सरकार मांझी, महादेव मांझी, ललिता देवी, पेड़की देवी, कुसुम देवी, चंदा मांझी, किशन देशवाली सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे.

## निरसा सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी व सुनील चौधरी ने रिसोर्स सेंटर भवन का किया उद्घाटन



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : मैथन बीएसके कॉलेज,मैथन में झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के मद से रिसोर्स सेंटर भवन का निर्माण किया जा रहा है. चिन्हित कार्यस्थल पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के दिशा निर्देश पर एवं संवेदक के आग्रह पर निरसा विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी एवं धनबाद के सुनील चौधरी के द्वारा नारियल फोड़कर कार्य शुरू किया गया. इस दौरान एसडीओ,कनिष्ठ अभियंता,कंपनी के तरफ से शिवम सिंह,साइट इंचार्ज राकेश भारतीय जनता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ साव, भाजपा के महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती दीपा मैथन मंडल अध्यक्ष दीनबंधु महतो, रवि श्रीवास्तव मिथिलेश कुमार, विद्यार्थी परिषद के बीएसके कॉलेज के पूर्व महासचिव देवाशीष महतो, सतेंद्र पासवान, गोरेलाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## कतरास कोयलांचल में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ व्रत संपन्न

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : लोक आस्था का महान पर्व छठ पर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रतियों ने छठ पूजा का पारन किया. छठव्रतियों के साथ श्रदालुओं ने भी शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र,सुख,शांति,निर्मल काया के लिये प्रार्थना किया. तेतुलमारी सूर्य मंदिर छठ घाट,कतरास कतरी नदी छठ घाट,गजलीटांड,भेलाटांड, टाटा सिजुआ 12 नंबर,वेस्ट मुदीडीह, निचितपुर टाउनशिप,ईस्ट बसुरिया सहित अन्य छठ घाटों में छठ व्रतियों ने उगते सूर्य अर्घ्य अर्पण किया.

## धनबाद में चैती छठ महापर्व श्रद्धा और उल्लास से संपन्न

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : धनबाद के चिरागोडा स्थित प्रदीप कुमार सिंह के पुत्र युवराज सिंह ने 14 वर्ष की आयु मे छठ जैसे महापर्व को सम्पूर्ण नियमबद्ध तरीके से सम्पन्न की. युवराज देहली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर का 9 वीं कक्षा का स्टुडेंट है.अच्छी पढाई के साथ साथ पूजा पाठ मे विषेश रूची रखते है.पिछ्ले वर्ष भी उन्होने 13 वर्ष की आयु मे छठ पर्व किया था.

## न्यू ग्रीन सिटी सोसायटी में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

जमशेदपुर : बालीगुमा स्थित न्यू ग्रीन सिटी सोसायटी के शिव मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें 4 अप्रैल को कलश स्थापना के लिए स्वर्णरेखा नदी से जल कलश भरा गया। 5 अप्रैल को विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी और 6 अप्रैल को भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष हरेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष शुभ वर्मा, सचिव शिवकुमार सिंह, संयुक्त सचिव लक्ष्मी सिंह, कोषाध्यक्ष अनंत प्रकाश,अनिल कुमार, मनोज बर्नवाल, संजय पांडेय, सुभाष सिंह, मनीष भगत, सुशील गोस्वामी, एन एन शांडिल, एस एन उपाध्याय , अरविंद कुमार आदि शामिल थे।

# महिलाओं ने पेयजल समाधान को लेकर कपूरिया ओपी प्रभारी से की शिकायत





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : कपूरिया पंचायत के रूदी बस्ती के महिलाओं ने कपूरिया ओपी में लिखित शिकायत देकर पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की.आवेदन में महिलाओं ने बताया है कि विगत कई वर्षो से हमारे गांव के लोग पानी की समस्या से जुझते आ रहे हैं. कपुरिया जलापूर्ति योजना (वाट्सन) का लाभ हमलोगो को नही मिल रहा है. इस पाइपलाईप से एक बुंद पानी नही मिल रहा है. लगातार शिकायत करने के बावजूद हर बार सिर्फ तकनीकी खराबी का हवाला दिया जाता है. रुदी बस्ती में पानी के लिए लोग हाल बेहाल है,प्राकृतिक पानी का स्त्रोत सुख गया है. कुंआ चापानल हाफ रहा है, हमलोग जलापूर्ति बहाल करने के लिए वाटसन समिति के अध्यक्ष को लगभग 11 हजार रूपया दिया था ताकि तकनीकी समस्या को दूर किया जा सके. लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक जलापूर्ति बहाल नहीं हो सकी. गर्मी की शुरूआत में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है. यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नही हुआ तो विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है. महिलाओं ने ओपी प्रभारी को उक्त जानकारी देते हुए कहा कि यदि 10 दिनों के अंदर गांव में निर्बाध जलापूर्ति नही हुई तो हमलोग सप्लाई हाउस, मेन भाल्ब पर तालाबंदी करने को विवश होंगे. इस संबंध में ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने कहा कि जो आवेदन दिया है वह पीएचईडी विभाग से संबंधित है. इसे पेयजल विभाग के अधिकारियों को भेजकर सूचित कर दिया जायेगा.

## सर्वमंगला पब्लिक स्कूल नगरीकला ने 7 वां ओरिएंटेशन सह काउंसलिंग दिवस मनाया

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : शिक्षा जीवन के लिए अमूल्य है जिसे ग्रहण करके कोई भी बच्चे अपना जीवन सफल कर सकते है. उक्त बातें दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद के प्राचार्या श्रीमती सरिता सिंह ने कहा. साथ ही अच्छे वातावरण व प्राकृतिक वातावरण में शिक्षा प्रदान करने के लिये विद्यालय प्रबंधन की सराहना की. सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर सर्वमंगला प्रसाद व प्राचार्या प्रभा सक्सेना ने सभी बच्चे व अभिभावकों धन्यबाद देते हुए कहा कि वर्ष 2025-2026 का नया सत्र प्रारंभ समारोह में विद्यालय के लगभग 1300 छात्र- छात्रा उपस्थित थे. डॉक्टर हरदेव प्रसाद ने कहा कि विद्यालय का सफल संचालन के लिये 60 योग्य व अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपना अपना परिचय दिया. जिससे अभिभावकों ने संतुष्टि जाहिर की. डॉक्टर सर्वमंगला प्रसाद, प्राचार्या प्रभा सक्सेना, उप प्राचार्या कल्याणी नायर, संरक्षक अध्यक्ष डॉक्टर हरदेव प्रसाद ने कहा कि शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में आम लोगो को लाभ प्रदान करने के लिये सर्वमंगला हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी नामक संस्था का गठन किया गया. मौके पर शशिलता, अमित महतो, मृत्युंजय मंडल, गोविंद कुमार, दीपिका कुमारी, तेजू कुमार, सौरभ कुमार, आकांशा पांडेय, नीतू कुमारी, अविनाश कुमार, अरुण मिश्रा, अंजली, मिथुन, सिमरन, प्रिंस, गिरधारी प्रामाणिक, गौतम मंडल, साक्षी, सुषमा भारती, राजकुमार उपस्थित थे.

## रामनवमी के मद्देनजर निरसा अंचलाधिकारी व निरसा थानेदार ने अखाड़ा समितियों के साथ की बैठक



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : रामनवमी की तैयारी को लेकर निरसा बाजार स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में अंचलाधिकारी रमेश रविदास, प्रखंड विकास पदाधिकारी,थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने मंदिर एवं अखाड़ा समिति के साथ बैठक की. रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का शत प्रतिशत, अनुपालन की बात कही. इस दौरान मंदिर समिति की ओर से उपस्थित अधिकारियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर शिवकुमार दारुका, बृजेंद्र गोस्वामी, वीरेंद्र तिवारी, मल्लेश्वरी यादव तुलसी साव, अशोक साव, मुरली अग्रवाल, योगेंद्र यादव, मधुरेंद्र गोस्वामी, कन्हैया लाल वर्मा, ननकी प्रसाद, रविंद्र मिश्रा, किशोर गुप्ता,पप्पू यादव, अरुण वर्मा, कर्मवीर यादव, छोटू यादव, विकास यादव, सहित बड़ी संख्या मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे.

# मैथन सिरामिक के सम्मान में मध्य विद्यालय एग्यारकुंड में सम्मान समारोह आयोजित

**विधायक सहित कई अतिथि रहे उपस्थित, मैथन सिरामिक के कार्यों की सराहना की गई**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसाः मैथन सिरामिक के सौजन्य से सीएसआर प्रोजेक्ट करुणा के तहत मध्य विद्यालय एग्यारकुंड का जीर्णोद्धार किए जाने के उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधक के द्वारा शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों को तिलक लगाकर किया गया.मुखिया अजय राम के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकार अभिनंदन किया गया. वही कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया.उसके बाद संगीतकार संजय कुमार ने जब दीप जले आना, जब शाम ढले आना गानों से सभी को अभिभूत कर दिया. वहीं स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी उपस्थित अतिथियों एवं अभिवावकों का मन मोह लिया.सभी अतिथियों ने मैथन




सिरामिक द्वारा विद्यालय के जीर्णोद्धार का काम किए जाने पर सराहना की. साथ ही छात्र व छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया.

मुख्य अतिथि मैथन सिरामिक के प्रबंध निदेशक विशाल अग्रवाल ने कहा की यह प्रोजेक्ट मेरी मां के नाम से किया गया है. मेरे तरफ से जितना हो सकेगा मैं मदद करने को तैयार रहूंगा. मैथन सिरामिक क्षेत्र में लगातार सीएसआर मद से सफाई, लाइट, डीप बोरिंग जलापूर्ति योजना, ग्रामीण क्षेत्र में शेड का निर्माण, कंबल वितरण सहित छोटी छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है.हमारा लक्ष्य है की 2030 तक निरसा क्षेत्र के 50 सरकारी स्कूलों को जीर्णोद्धार किया जा सके. जिससे की जायदा से जायदा बच्चों को इसका लाभ मिल सके.वहीं निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा की यह मैथन सिरामिक का काफी अच्छा पहल है,विद्यालय में शिक्षक निमित रूप से बच्चों के बीच शिक्षा का प्रयास करें और हमारा प्रयास रहेगा कि इस विद्यालय को उच्च विद्यालय बनाया जाए ताकि स्थानीय बच्चों को शिक्षा ग्रहण के लिए लंबी दूरी तय ना करना पड़े. विद्यालय को हर संभव मदद करने को तैयार हूं.इस मौके पर मुख्य अतिथि मैथन सिरामिक के प्रबंध निदेशक विशाल अग्रवाल, निदेशक अजय शर्मा, निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, डॉक्टर रोहित गौतम, बीडीओ इंद्रलाल ओहदार, बीईईओ सपन मंडल, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास,सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी,जिप सदस्य बादल बाउरी सहित दर्जनों अथिति उपस्थित हुए. मंच का संचालन स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रमोद झा एवं शिक्षक अशोक कुमार सिंह ने किया. विशिष्ट अतिथि सीएस सिंह, गोविन्द प्रसाद, लखी देवी, मो. इश्तियाक, नंदकिशोर, मधुमिता, गौरी दास, सहित काफी संख्या में अभिभावक, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित हुए.

# गोविंदपुर में मां दुर्गा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विंध्याचल से मां का ज्योत लाया गया

**गोविंदपुर निवासी सह यूपी के एडिशनल डीजीपी एसके भगत व धर्मपत्नी शेफाली भगत ने मां की ज्योत टीम के हवाले किया**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

गोविंदपुर : जगत जननी मां दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन शुक्रवार रात उत्तर प्रदेश के विंध्याचल से माता रानी की ज्योत लाई गई.मंदिर समिति के आग्रह पर गोविंदपुर बाजार निवासी एवं उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसके भगत एवं उनकी धर्मपत्नी शेफाली भगत पुलिस मुख्यालय लखनऊ से विंध्याचल पहुंचे. एडीजीपी ने पूजा- अर्चना के बाद मां विंध्यवासिनी मंदिर से ज्योत लेकर




गोविंदपुर से गई टीम के हवाले किया. श्री भगत ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि माता रानी का ज्योत अपने गांव गोविंदपुर के निवासियों को सौंप रहे हैं. उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा में अपना गांव नहीं पहुंच पाने पर खेद जताया और मां विंध्यवासिनी से पूरे गोविंदपुर के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. उन्होंने जगत जननी मंदिर निर्माण व ज्योत ले जाने के लिए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी. ज्योत लाने गई टीम का नेतृत्व कर रहे बलराम प्रसाद साव, बलराम अग्रवाल व राजा दास ने नवरात्र मे विंध्याचल में भारी भीड़ के दौरान समय देने और माता रानी का ज्योत सुलभता से प्रदान करने के लिए श्री भगत का आभार प्रकट किया. देर शाम माता का ज्योत लेकर टीम जगत जननी मंदिर पहुंची यहां आयोजन समिति के सदस्यों एवं गोविंदपुर के नागरिकों ने ज्योत की आरती उतारी. यहां भी पूजा- अर्चना की परंपरा का निर्वाह किया गया. शनिवार को ज्योत एवं देवी विग्रह का नगर भ्रमण कराया जाएगा और देवी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार को ज्योत मंदिर में स्थापित की जाएगी, जो अनवरत जलती रहेगी. प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन बनारस के पंडितों ने वेदी पूजन, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास आदि अनुष्ठान कराए शाम में सुरेंद्र ठाकुर की टीम ने भक्ति जागरण प्रस्तुत किया. टीम ने देवी का एक से एक भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया मंदिर संस्थापक शंभूनाथ अग्रवाल एवं नंदलाल अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया.

## तेतुलमारी चंदौर पहाड़ी शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : श्री श्री रामनवमी अखाड़ा समिति बेस्ट चंदौर पहाड़ी तेतुलमारी शिव मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ.

मौके पर दिलीप निषाद, विक्रम निषाद,सूरज कुमार,अनिल कुमार,नागेंद्र निषाद,पप्पू निषाद, सुनिल निषाद,बबलू निषाद, पिंटू निषाद, उत्तम निषाद,मुकेश कुमार,मोहरा निषाद, गोरा,सुशील,गुड्डू व गायक मंडली में बसंत निषाद, सुखदेव निषाद, कुलेन्द्र पासवान, देवधारी पांडेय,संजय निषाद, राम प्रसाद पासवान,बृज भूषण पांडेय, अजय साव, राजू सिंह,सुरेश सहित अन्य लोग सक्रिय थे. अखंड हरिकीर्तन से पूर्व मुख्य यजमान दिलीप निषाद व विक्रम निषाद व सूरज निषाद स पत्नी को पप्पू पांडेय व सुदामा पंडित ने पूजा अर्चना करवाया.

## चैती दुर्गा पूजा में पहुंचे निरसा के विधायक अरूप चटर्जी, किया महाप्रसाद का वितरण

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : चैत्र नवरात्रि जिसे (बासंती दुर्गा) पूजा भी कहा जाता है, हिंदू धर्म में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का नौ दिवसीय पर्व है, जो चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक मनाया जाता है.



चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को शुरू होकर 6 अप्रैल को राम नवमी के साथ समाप्त होगी.

यह पर्व माता दुर्गा की भक्ति और शक्ति उपासना का विशेष समय होता है, जिसमें भक्तजन नौ दिनों तक देवी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करते हैं.

कलश स्थापना के साथ

नवरात्रि पूजा का प्रारंभ कलश स्थापना (घटस्थापना) से होता है, जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक क्रिया है. नवरात्रि के नौ दिनों में देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है.

कई लोग नवरात्रि के दौरान व्रत और उपवास रखते हैं, जो देवी को प्रसन्न करने और आत्म-शुद्धि के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं.

नवरात्रि में कन्याओं को माता दुर्गा का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती है और उन्हें भोजन कराया जाता है,

चैत्र नवरात्रि हिंदू नववर्ष की शुरूआत का प्रतीक है.

नवरात्रि का पर्व पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और यह एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना है.चैत्र नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है, जहाँ दुर्गा अष्टमी का व्रत रखा जाता है और नवमी पर देवी की पूजा की जाती है. चैत्र नवरात्रि का समापन राम नवमी के साथ होता है, जो भगवान राम के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है.नवरात्रि में पूजा करने के लिए कुछ विशेष नियम और विधि होती हैं, जैसे कि देवी को सफेद रंग के फूल, वस्त्र और श्रृंगार का सामान अर्पित करना, दुर्गा सप्तशती का पाठ करना और आरती करना. नवरात्रि में देवी को भोग के लिए विभिन्न प्रकार के प्रसाद चढ़ाए जाते हैं, इस शुभ अवसर पर राजपुरा काली मंदिर में पहुंचे निरसा के विधायक अरूप चटर्जी. उन्होंने स्वयं नर नारायण को प्रसाद वितरण किया.

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का हुआ समापन





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

गोविंदपुर : गोविंदपुर छठ पूजा तालाबों व नदियों में लोक आस्था के छठ महापर्व के चौथे दिन आज (शुक्रवार) की सुबह छठ व्रतियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया. इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया. मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है.

छठ व्रतियों ने किया पारण

छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र-ओम एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते, अनुकंपय माम् भक्तया गृहाणार्घ्यम् दिवाकर का जाप किया गया महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था. पहले दिन व्रतियों ने यहां गंगा स्नान के साथ सूर्यदेव को जल से अर्घ्य दिया इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया. बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ गुरुवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया. भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता की प्रार्थना की

शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्त्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया.

# धनबाद-गया -डीडीयू-सेक्शन पर 160 किमी की स्पीड ट्रायल सफल







नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू-गया-धनबाद खंड पर 160 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रायल ट्रेन चली।डीडीयू-गया-धनबाद सेक्शन पर 160 किमी स्पीड का ट्रायल सफल रहा।

पूर्व मध्य रेलवे के जीएम छत्रसाल सिंह की मॉनिटरिंग में प्रस्तावित स्पीड ट्रायल का परीक्षण किया गया। ट्रायल ट्रेन में डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम राजेश गुप्ता, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा सहित जोनल व डिवीजलन ब्रांच अधिकारियों की टीम मौजूद रहे। अप और -डाउन रेल लाइन पर स्पीड ट्रायल से पूर्व आरडीएसओ की टीम ने सुरक्षात्मक जायजा लिया था। ट्रायल के दौरान सुरक्षा के लिए रेल लाइन के किनारे बसे गांव में सतर्कता के तहत कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, हजारीबाग रोड आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर भी एन कुमार, गुरपा आउटपोस्ट के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार अपने टीम के साथ सुरक्षा के लिए रेल लाइन के आसपास तैनात रहे। शुक्रवार को ट्रायल ट्रेन लेकर धनबाद से गया पहुंचने पर जीएम छत्रसाल सिंह ने बताया कि रेल ट्रैक का और मजबूतीकरण का कार्य तेजी से की जा रही है। इस रूट पर ट्रेनों की रफ़्तार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। स्पीड ट्रायल के लिए रेलवे ने तैयारी पूरी की। इसका परिणाम रहा कि आज का पहला 160 किलो मीटर प्रति घंटे बक स्पीड ट्रायल सफल रहा। ट्रायल के दौरान सुरक्षा के लिए रेल लाइन के किनारे बसे गांव में सतर्कता का अलर्ट का काफी प्रभाव रहा। इसमें स्थानीय लोगो की अच्छी सहभागिता रही। उन्होंने बताया कि इस ट्रायल के बाद पुनः आरडीएसओ की टीम इस सेक्शन के रेल ट्रैक की गुणवत्ता की जांच करेगी। इस सेक्शन पर 160 की स्पीड से ट्रेनों का परिचालन की हरी झंडी दिखाने में अभी कुछ समय लगेगा। हालांकि रेलवे इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। । वर्तमान में इस रेलखंड पर 130 किमी प्रति घंटे की गति स्वीकृत है तथा मिशन रफ्तार के तहत इसे बढ़ाकर 160 किमी घंटा करने के लिए कार्य किया जा रहा है।145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पहले का ट्रायल भी सफल रहा था।

थिक वेब स्विच लगाए गए 160 किलो मीटर प्रति घण्टे की स्पीड से ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित कराने के लिए रेल ट्रैक को सुदृढ किया गया। साथ ही थिक वेब स्विच भी लगाए गए हैं। रेल सूत्रों ने बताया कि थिक वेब स्विच परंपरागत स्विच से ज्यादा मजबूत होते हैं और उनका सेवाकाल भी लगभग चार गुना ज्यादा होता है।

थिक वेब स्विच युक्त टर्नआउट पर ट्रेन के ट्रैक बदलते समय किसी तरह का झटका महसूस नहीं होता है। सेक्शन पर कवच प्रणाली की स्थापना पूर्व मध्य रेलवे के माध्यम से रेल यात्री सुरक्षा व सुविधा बढ़ाने के लिए हमेशा नई तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। ट्रेनों के संरक्षित परिचालन के लिए डीडीयू जंक्शन से गया-मानपुर जंक्शन होकर प्रधानखांटा तक कवच प्रणाली की स्थापना की जा रही है। करीब 408 रूट किलोमीटर लंबे डीडीयू जंक्शन-मानपुर-प्रधानखांटा रेलखंड रेलवे के दिल्ली-हावड़ा रेल सेक्शन के व्यस्तम रेल मार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रेल सेक्शन उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड राज्य से होकर गुजरता है। इस रेल सेक्शन पर आठ जंक्शन स्टेशन सहित कुल 77 स्टेशन, 79 लेवल क्रासिग गेट और 07 इंटरमीडिएट ब्लाक सिग्नल हैं। इस रेलखंड पर सभी प्रकार के मिश्रित यातायात यथा माल ढुलाई, मेल-एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाता है

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक वार्ड सदस्य के परिजनों से मिले पूर्व विधायक, मदद का दिलाया भरोसा

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर प्रखंड की डुमरीचट्टी पंचायत के वार्ड संख्या छह के वार्ड सदस्य व चमरूचक गांव निवासी उमेश मालाकार के आकस्मिक निधन की खबर पाकर पूर्व विधायक अजय पासवान शुक्रवार देर शाम उनके घर पहुंचे। वे मृतक वार्ड सदस्य के परिजनों से मिले और घटना पर गहरा दुख जताया। साथ ही पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में हमेशा उनके साथ खड़ा रहने की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुखिया प्रसादी यादव, पप्पू मालाकार, मिथलेश मालाकार, पप्पू यादव, राजकुमार आदि लोग भी मौजूद थे।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ संपन्न



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सूयोर्पासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ शुक्रवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। सूयोर्पासना के इस महापर्व पर लोगों ने नदी, तालाब, पोखर के साथ ही अपने घरों के दहलीज और छत पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दान किया। छठ व्रतियों ने सुख, समृद्धि व शांति के लिए भगवान सूर्य से प्रार्थना की। उगते सूर्य को आराधना के बाद छठ व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निराहार उपवास थोड़ा। इधर, सुरक्षा को लेकर छठ घाटों पर व छठ घाट जाने वाले रास्तों में सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के अगुआई में पुलिस अधिकारी व जवान पूरी मुस्तैदी के साथ चौकस बनी रही।

### कामाख्या मंदिर में 108 गायों का किया गया वैदिक पूजन, मंत्री लेसी सिंह हुई शामिल



पूर्णिया, (एजेंसी) : पूर्णियां जिलान्तर्गत भवानीपुर मजरा में स्थित प्रसिद्ध माँ कामाख्या मंदिर में आयोजित माँ कामाख्या महोत्सव राजकीय मेला में गौ पूजन एवं गोपाल सम्मान कार्यक्रम में मंत्री लेसी सिंह ने भाग लेकर गौ माता की धार्मिक अनुष्ठानिक तरीके से पूजा अर्चना कियो कुल 108 गौ माता की विधिवत चुनरी,तेल,सिंदूर एवं हरा चारा खिला कर पूजा अर्चना किया गया। मंत्रों का जाप के साथ गौ माता की आरती की गई ।गौमाता के सम्मान में भक्तजनों ने ₹गोमाता की जय₹ से मंदिर परिसर गूंज उठा। मौके पर मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि गाय को ₹कामधेनु₹ की देवी के रूप में भी पूजा की जाती है, जो समृद्धि और समग्र कल्याण का प्रतीक मानी जाती है। गाय की पूजा भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा है। गाय माता को चन्लत मंदिर की मान्यता दी गई है । हिंदू धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया है और इसे देवी लक्ष्मी,सरस्वती और पृथ्वी माता का प्रतीक माना जाता है ।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल गौ माता की पूजा ही नहीं बल्कि यह पशुओं प्राकृतिक और पर्यावरण के प्रति भी एक सम्मान दिखाता है ।मंत्री लेशी सिंह ने गौपालक को अंगवस्त्र प्रदान करते हुए अन्य पारम्परिक तरीके से सम्मनित किया,जिससे गौपालक काफी आह्लादित दिखे और मंत्री लेशी सिंह को आशीर्वाद दिया । विद्वान पंडितो देवानंद तिवारी बाबा ने कहा कि इस तरह का अनोखा गौपूजन सह गोपाल सम्मान बिहार में किसी मंदिर में नहीं किया गया है मंत्री लेशी सिंह का सत्प्रयास गौ रक्षा व गौ सम्मान के लिए अनुकरणीय प्रशंसनीय है।

## एलएचवी रैक के 160 किमी स्पीड ट्रायल के दौरान सुरक्षा में मुस्तैद रही आरपीएफ

### गया-कोडरमा रेलखंड के स्टेशनों व संवेदनशील जगहों पर तैनात रही आरपीएफ

ड्रोन से भी रखी गई निगरानी

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया):गया-कोडरमा रेल सेक्शन पर शुक्रवार को एलएचवी रैक से 160 किलोमीटर स्पीड ट्रायल के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सुरक्षा में ड्रोन को भी लगाया गया था। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के अगुआई में गझंडी से बंधुआ तक सभी रेलवे स्टेशनों व हॉल्टों पर आरपीएफ के अधिकारी व जवान सुरक्षा में तैनात रहे। इसके साथ ही गझंडी से बंधुआ के बीच संवेदनशील जगहों पर रेल किनारे पर भी आरपीएफ के अधिकारी व जवान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। आरपीएफ की निगरानी में इस रेलखंड से ट्रायल ट्रेन का सुरक्षित परिचालन कराया गया। जब तक यह ट्रेन गया से खुलकर कोडरमा से आगे नहीं गुजरी आरपीएफ के अधिकारी और जवान अपनी-अपनी जगह मुस्तैद रहे। साथ ही सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहे। साथ ही ड्रोन से भी निगरानी होती रही। बताया गया है कि





डीडीयू-गया-प्रधानखंता रेल सेक्शन पर शुक्रवार को एलएचवी रैक 160 किलोमीटर स्पीड ट्रायल कराया गया। इस ट्रायल ट्रेन के सुरक्षित परिचालन कराने को लेकर गया जंक्शन से लेकर कोडरमा जंक्शन तक सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। इस रेलखंड में स्थित बंधुआ, टनकुप्पा, वंशीनाला, पहाड़पुर, गुरपा, बसकटवा, यदुग्राम, नाथगंज, दिलवा, लालबाग, गझंडी रेलवे स्टेशनों सहित संवेदनशील जगहों पर आरपीएफ अधिकारी व जवानों को तैनात किया गया था। इसका नेतृत्व आरपीएफ पोस्ट कोडरमा के इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा कर रहे थे। इन स्टेशनों व संवेदनशीन जगहों पर तैनात अधिकारियों व जवानों की मोजूदगी में ट्रायल ट्रेन को वहां से सुरक्षित परिचालन कराया गया। इसके साथ ही गुरपा-पहाड़पुर-वंशीनाला के बीच ड्रोन से भी ट्रायल ट्रेन की निगरानी की गई।आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि खासकर संवेदनशील जगहों पर स्पेशल निगरानी की गई। सुरक्षा को लेकर इन जगहों पर आरपीएफ के अधिकारी व जवान मुस्तैद रहे और पूरी तरह से चौकस बने रहे। वे उन जगहों पर ट्रायल ट्रेन को सुरक्षित परिचालन कराया। उन्होंने बताया कि ट्रायल ट्रेन के परिचालन से पहले रेलवे ट्रैक से लेकर ट्रैक सिस्टम, सिग्नल सिस्टम सहित अन्य सिस्टम की काफी गहनता से जांच की गई। ताकि ट्रायल ट्रेन का सुरक्षित परिचालन कराया जा सके। उन्होंने बताया कि ट्रायल को लेकर रेल सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन और रेल लाइन के किनारे व आसपास बसे गांवों व स्कूलों में भी जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। इस अभियान के तहत रेल सुरक्षा के प्रति लोगों व स्कूली बच्चों को जगरूक किया गया है।

## निजी बैंक के फाइनेंसकर्मी से लूट

पूर्वी चंपारण(एजेंसी) : जिला के चकिया थाना क्षेत्र के गांवद्रा - शेरपुर रोड में कारिख स्थान के नजदीक बाइक सवार अपराधियों ने एक निजी बैंक के फाइनेंस कर्मी से कैश लूट लिया।

बताया गया है कि फाइनेंस कर्मी समूह से लोन की राशि का वसूली कर जा रहा था। इस बीच बाइक सावर अपराधियों ने आर्म्स के बल पर लगभग 47 हजार नगद सहित अन्य सामान लूट लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह के साथ चकिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की है।

इस संबंध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि लूट का मामला प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध लग रहा है। कंपनी का उक्त कलेक्शन एजेंट अपना बयान बार-बार बदल रहा है , जिसको लेकर मामला संदेहास्पद नजर आ रहा है। बहरहाल पुलिस की टीम उक्त मामले की जांच में जुटी है।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने किया रिकार्ड तोड़ खर्च, कुल बजट का 99.21 खर्च: सम्राट चौधरी

पटना, (एजेंसी) : उपमुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार ने 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2 लाख 78 हजार 725 कड़ोड़ के कुल बजट का 99.21% यानी, 2 लाख 76 हजार 522 करोड़ का रिकार्ड तोड़ खर्च किया। इससे पहले बजट की राशि विकास योजनाओं पर खर्च करने में इतनी सफलता नहीं मिली थी।

उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि वर्ष 2001-02 में राजद सरकार बजट का मात्र 23% राशि ही खर्च कर की थी। राज्य में बेहतर वित्तीय अनुशासन और योजनाओं को लागू करने की तत्परता से फोरलेन सड़क, स्कूल , पंचायत भवन , अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, प्रशासनिक भवन , ग्रामीण सड़क, खेल परिसर और सांस्कृतिक केंद आदि का निर्माण तेज हुआ । उन्होंने कहा कि बजट में निर्धारित राशि का अधिकतम उपयोग करने से निर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर तो बढे ही सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा भी पूरा करने में लगी है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय के साथ विकास किया, जिससे बजट का आकार 20 साल में 23,885 करोड़ से बढ़ कर 3.17 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## शराबबंदी के 9 साल पूरे: 3.86 करोड़ लीटर शराब बरामद, 14.32 लाख अभियुक्त गिरफ्तार

पटना, (एजेंसी) :राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून के सफलतापूर्वक लागू हुए 9 वर्ष पूरे हो गए हैं । 05 अप्रैल, 2016 से अमल में लाए गए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस साहसिक फैसले की बदौलत राज्य में बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। दूसरी तरफ, इस कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 3.86 करोड़ लीटर शराब बरामद की गई साथ ही 14.32 लाख अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अप्रैल 2016 से मार्च 2025 तक राज्यभर में 3 करोड़ 86 लाख 96 हजार 570 लीटर शराब बरामद की गई। इसमें 2 करोड़ 10 लाख 64 हजार 584 लीटर विदेशी तथा 1 करोड़ 76 लाख 31 हजार 986 लीटर देशी शराब शामिल है। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के स्तर से 1 करोड़ 18 लाख 16 हजार 288 लीटर और पुलिस ने 2 करोड़ 68 लाख 80 हजार 282 लीटर शराब जब्त की है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के स्तर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी साझा की गई है।

पिछले 9 वर्षों में राज्य में जब्त की गई 3 करोड़ 86 लाख 96 हजार 570 लीटर शराब में मार्च 2025 तक 3 करोड़ 77 लाख 28 हजार 713 लीटर शराब नष्ट किया जा चुका है। यह कुल जब्त की गई शराब का 97 फीसदी है। यानी अभी 9 लाख 67 हजार 857 लीटर शराब नष्ट करने के लिए शेष है। इसकी प्रक्रिया भी जारी है।

## बीते 30 वर्ष में 2.34 करोड़ निबंधन दस्तावेजों का हुआ डिजिटाइजेशन

पटना, (एजेंसी) :बीते 30 वर्ष यानी 1995 से 2025 तक कुल 2.34 करोड़ निबंधित दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन का काम पूरा किया जा चुका है। इससे लोगों को अब जमीन और मकान के दस्तावेजों को ऑनलाइन देखने में सुविधा मिल जाएगी। साथ ही वर्ष 1908 से लेकर वर्ष 1990 तक कुल पांच करोड़ निबंधित दस्तावेजों को डिजिटाइज किया जाना है, जिसके लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है।

इसके साथ ही निबंधन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व लक्ष्य का 102 प्रतिशत हासिल किया है। बीते वर्ष लक्ष्य 7 हजार, 500 करोड़ रुपये था। जिसके विरुद्ध कुल 7 हजार, 648.88 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह लक्ष्य 7 हजार करोड़ रुपये निर्धारित था। जिसके विरुद्ध कुल 6 हजार, 170.91 रुपये की प्राप्ति हुई थी। विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में राजस्व की प्राप्ति में 24 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में निबंधित दस्तावेजों की कुल संख्या 17 लाख, 51 हजार, 510 रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व संग्रहण का निर्धारित लक्ष्य 8 हजार 250 करोड़ रुपये है।

राज्य सरकार ने आमजन की सुविधा के लिए ₹ई-निबंधन₹ सॉफ्टवेयर भी लांच किया है। इससे लोग घर बैठे निबंधन के लिए आवेदन, अपडेट की स्थिति, जमीन की श्रेणी, देय शुल्क और ई-केवाइसी कर सकेंगे। निबंधन प्रक्रिया पेपरलेस करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार कार्यालयों में काम चालू है। इससे पक्षकारों को दस्तावेज तैयार करने और उसे स्कैन करने से छुटकारा मिल गया है। विभाग की ओर से सभी पदाधिकारियों को निबंधन के लिए लैपटॉप दिया गया है।

राज्य में फिलहाल कुल 140 निबंधन कार्यालय कार्यरत हैं। जिसमें राज्य के सभी 38 जिलों में निबंधन कार्यालय के साथ-साथ कुल 102 अवर निबंधन कार्यालय काम कर रहे हैं। वर्ष 2025 में कुल तीन नए निबंधन कार्यालय वीरपुर (सुपौल), सोनवर्षा (सहरसा) और पालीगंज (पटना) बनाए गए है।

विभागीय सॉफ्टवेर से सभी निबंधन कार्यालयों में ई-स्टाम्प की बिक्री को-ऑपरेटिव बैंक के माध्यम से की जा रही है। निबंधन कार्यालयों में फ्रैंकिंग मशीन से एक हजार रुपए तक के गैर न्यायिक मुद्रांक निर्गत कर उसकी बिक्री की जा रही है। उच्च न्यायालय और राज्य के सभी 60 व्यवहार न्यायालयों में भी ई-कोर्ट फीस की बिक्री की जा रही है।

## संत लक्ष्मीनाथ गोंसाई कला भवन को आधुनिक रूप देने की कलाकार ने मांग की

सहरसा, (एजेंसी) : सुपर बाजार के पश्चिम भाग का बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर नामकरण कर कला और संस्कृतिकर्मियों को समर्पित किया जाना चाहिए। जिससे इस शहर का सौंदर्यीकरण भी बढ़ेगा और कलाकारों को अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिलेगा। जहाँ की भूमि कला, साहित्य व संस्कृति से समृद्ध हो वहां एक भी सांस्कृतिक परिसर न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जो है भी वहां मॉल और सामुदायिक भवन बना कर उसके अस्तित्व को समाप्त करने की बात कही जा रही है। जो निंदनीय है। उक्त बातें शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान के



सचिव वन्दन वर्मा ने कही।उन्होंने कहा कि सुपर बाजार में मॉल बने या सामुदायिक भवन अच्छी बात है लेकिन सुपर बाजार के पश्चिम भाग को कला और कलाकार को ही समर्पित किया जाना चाहिए। ऐसा मनोरम स्थल जहां कला भवन, विज्ञान भवन, पुस्तकालय, प्रेस क्लब एक ही जगह अवस्थिय हो। ये अलग बात है कि प्रशासनिक उदासीनता हो या जनप्रतिनिधि के कारण यह अपने अस्तित्व में नहीं है। संत लक्ष्मीनाथ गोंसाईं कला भवन को आधुनिक रूप देकर जिसमें लाईट, साउंड, पर्दा, कुर्सी, एसी का समुचित व्यवस्था हो और न्यूनतम शुल्क पर कला और कलाकार को समर्पित किया जाय एवं भवन के सामने तालाब का सौंदर्यीकरण व भवन से सटे पश्चिम और दक्षिण भाग में अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर मुक्ताकाश मंच एवं दर्शक को बैठने हेतु सीमेंटेड गैलरी का निर्माण, पूर्वाभ्यास कक्ष का निर्माण,चहार दिवारी व परिसर को मनोरम करने सहित कला भवन की जीर्णोद्धार की मांग की है।

## पृष्ठ एक का शेष...

### ईडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीएस सहित 21.....

कि भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ओर से संसद में आयुष्मान योजना पर रिपोर्ट पेश करने के बाद ईडी ने स्वास्थ्य विभाग से योजना में हुई गड़बड़ी और की गयी कार्रवाई से संबंधित जानकारी मांगी थी।

जवाब में राज्य सरकार ने ईडी को पत्र भेज कर आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी और की गयी कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट भेजी थी। साथ ही गड़बड़ी के सिलसिले में दर्ज की गयी प्राथमिकी की जानकारी दी थी।

ईडी ने इन प्राथमिकियों के आधार पर इस प्राथमिकी को आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तौर पर दर्ज की थी।

### विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की....

उन्होंने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन एवं सत्र को नियमितीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टीम भावना के साथ कार्य करे तथा शोध के स्तर में सतत सुधार लाए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा कार्य करे, जिससे उसकी सभी क्षेत्रों में सकारात्मक छवि स्थापित हो।

वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से राज भवन में लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी, मध्य भारत एरिया ने भेंट की तथा राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किया।

## संक्षिप्त खबर

### डीसी ने घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा को किया गिरफ्तार

**बीएसएल प्रबंधन ने विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी मांगों को माना**

**प्रशिक्षण पूरा कर चुके अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को 21 दिनों में पद सृजित कर तीन माह के अंदर सभी को नियुक्त करेगा प्रबंधन**

**मृतक के परिजनों को 20 लाख मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को नियोजन**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** नौकरी की मांग को लेकर बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के एडीएम बिल्डिंग के समीप गुरुवार को विस्थापित अप्रेंटिस संघ द्वारा प्रदर्शन पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने देर रात कार्यालय में बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, बीएसएल के ईडी, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआइएसएफ, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा आदि शामिल हुए। उपायुक्त ने घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) हरि मोहन झा को गिरफ्तार किया। उधर, विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी मांगों को बीएसएल प्रबंधन ने मान लिया है। जिसमें मुख्य निम्न बातें शामिल हैं। ट्रेनिंग पूरा कर चुके सभी विस्थापित अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को बीएसएल प्रबंधन 21 दिनों में पद सृजित कर तीन माह के अंदर उन्हें नियुक्ति देगा। वहीं, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। वहीं, मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को नियोजन देना बीएसएल प्रबंधन ने किया स्वीकार। साथ ही, बीएसएल प्रबंधन घायलों को बीजीएच में मुफ्त उपचार एवं 10,000 (दस हजार) रुपए मुआवजा देने को राजी। वहीं, अन्य मांगों के लिए बीएसएल विस्थापितों के साथ प्रति माह 15 तारीख को जिला नियोजन पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता की उपस्थिति में बैठक कर अनुश्रवण करेंगे। उपरोक्त सभी बातों को लेकर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास को प्रत्येक माह अनुश्रवण कर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से जिले वासियों से अपील की है कि वह शांति बनाएं रखें। सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाएं एवं जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग करें। इधर गुरुवार की घटना के विरोध में शुक्रवार को बोकारो बंद का आह्वान किया गया था। बंद का व्यापक असर रहा। बाजार, दुकानें, शैक्षणिक संस्थान बंद रहे।

### बीएसएल ने आंदोलनकरियों से प्लांट गेट से अविलम्ब जाम हटाने की अपील की

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**


**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र एक थर्मो सेंसिटिव प्लांट है जिसके अंदर संवेदनशील गैस पाइपलाइन का नेटवर्क है जिसे 24 घंटे कड़े सेफ्टी प्रोटोकॉल में रखा जाता है ताकि गैस पाइपलाइन नेटवर्क सुरक्षित रहे. बोकारो इस्पात संयंत्र के सभी गेट जाम कर दिये जाने की वजह से लगभग 5000 लोग प्लांट में 18 घंटे से अधिक समय से भूखे- प्यासे अंदर फंसे हैं. ऐसी स्थिति में प्लांट के सभी ब्लास्ट फर्नेस के साथ-साथ अन्य प्रमुख उत्पादन इकाइयां जैसे कोक ओवन, सिंटर प्लांट, एस एम एस, हॉट स्ट्रिप मिल भी कल रात से ही पूरी तरह से बंद हो गए हैं. गौरतलब है कि प्रमुख उत्पादन इकाइयों के बंद होने से संवेदनशील गैस पाइपलाइन के सेफ्टी प्रोटोकॉल को कायम रखने में भी कठिनाई आ रही है हालांकि भूखे-प्यासे और रात भर जगे होने के बावजूद हमारे कर्मी अभी तक यथासंभव सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कर रहे है. पर यदि यही स्थिति आगे भी बनी रहती है तो सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करना मुश्किल हो जाएगा जिससे प्लांट और शहर की सेफ्टी पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने की संभावना है. इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जन हित में आंदोलनकरियों से प्लांट गेट से अविलम्ब जाम हटाने की अपील की जाती है.

### बंद कमरे में मिला महिला का शव, हर पहलुओं पर जांच कर रही है पुलिस



**जामताड़ा :** चित्तरंजन में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली हत्या की घटना सामने आई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह वारदात रात करीब 8:15 बजे स्ट्रीट नंबर 28 स्थित क्वार्टर नंबर 46/2डी में घटी, जहां 56 वर्षीय संचिता चौधरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। संचिता चौधरी, जो चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने के कर्मचारी प्रदीप चौधरी की पत्नी थीं, अपने घर में मृत पाई गईं। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस, एसीपी कुल्टी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। इलाके में भय और तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया ताकि महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए जा सकें। रात 9:30 बजे तक शव को हटाया नहीं गया था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हत्या धारदार हथियार से की गई प्रतीत होती है। हालांकि, हत्या के पीछे की मंशा स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना के वक्त संचिता चौधरी घर में अकेली थीं, और उनके पति के लौटने पर ही वारदात का पता चला। उन्होंने तुरंत पुलिस और स्थानीय निवासियों को सूचना दी। पुलिस विभिन्न कोणों से मामले की पड़ताल कर रही है और जल्द ही रहस्य से पर्दा उठाने का दावा कर रही है। वारदात के बाद से इलाके के लोग डरे हुए हैं और अपराधी की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### कलयुगी बेटे ने की लाठी डंडे से पीट कर अपने ही मां की हत्या



**जामताड़ा :** कलयुगी बेटे ने लाठी डंडे से पीट-पीट कर अपने ही मां की हत्या कर दी। घटना नाला थाना क्षेत्र के कुमबेदिया कालीपाथर गांव की है। बताया जाता है कि मृतका नीलमुनी सोरेन (55), पति स्वर्गीय नुनूलाल सोरेन के बेटे लालन सोरेन(30) ने अपनी ही मां को लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि गुरुवार रात को आरोपी बेटा लालन सोरेन कुमबेदिया गांव स्थित अपने चाचा स्व. मोतीलाल सोरेन के श्राद्ध में उसका घर गया था जब श्राद्ध घर से बेटा लालन सोरेन अपना घर आया तो उसकी मां नीलमुनी सोरेन ने कहा कि चाचा का घर क्यों गया था, इसी बीच उसका बेटा नशे की हालत में मां को लाठी डंडा सहित अन्य हथियार से मार कर मौत के घाट उतार दिया। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना कल रात की है।

शुक्रवार सुबह ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।मृतका नीलमुनी सोरेन का मृत शरीर खलियान के पीछे पड़ा हुआ था। सिर पर गंभीर चोट थी। पुलिस को देखते ही आरोपी बेटा घर के पीछे डंगाल तरफ भागने लगा।पुलिस द्वारा खदेड़ कर उसे पकड़ा गया।इस संबंध में कांड संख्या 16/25, धारा 103(1)बीएनएस के तहत जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक हेमकांत ठाकुर, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक संजय गहलोत सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक





**परीक्षा आयोजन को लेकर अब तक हुई तैयारियों से हुए अवगत**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक की गई। जिसमें उपायुक्त ने जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 1/2025 को लेकर नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं एवं अनुमानित डेट शीट के आलोक में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा आयोजन से जुड़े बिंदुओं पर तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी/समिति के संबंधित सदस्यों को प्रश्नपत्र एवं उत्तरकुंजी तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी अधिकारी शिथिलता बरतेंगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पारदर्शी तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने एवं कदाचारमुक्त, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त , परियोजना निदेशक आईटीडीए , अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी , प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ पर्व उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। जिले के मिहिजाम एवं जामताड़ा नगरों में चैती छठ को लेकर काफी उत्साह लोगों में थी। जामताड़ा में राजा बांध एवं सूर्य पोखर मिहिजाम में अजय नदी एवं छठ तालाब में लोगों ने उगते हुए सूरज एवं डूबते हुए सूर्य को अर्ध देने का काम किया एवं अपने एवं अपने परिवार की सुखी एवं स्वस्थ होने की कामना भगवान भास्कर से की। नवरात्रा का समय होने के कारण जगह-जगह पर चैती दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। जामताड़ा नगर में मां काली मंदिर प्रांगण में नौ दिनों तक मां काली की पूजा के लिए काली मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ हो रही है। वहीं कोर्ट रोड़



स्थित मां दुर्गा मंदिर में माता दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है संध्या एवं रात्रि के समय तक श्रद्धालुओं की काफी भीड़ माता के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। सप्तमी होने के कारण मां की खौंछा करने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ हुई।पूजा स्थल के पास मेल जैसी भीड़ लगी रहती है। जिसमें कई प्रकार की दुकान लगाए गए हैं।

## डकैती लूट कांड के फरार वारंटी गिरफ्तार

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** गोपीकांदर की थाना पुलिस ने डकैती लूट कांड के फरार वारंटी आरोपी शुशील मड़ैया को गिरफ्तार किया। गोपीकांदर पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया। बता दें कि आरोपी पाकुड़ जिला अमरापाड़ा थाना अंतर्गत बड़ा तालडीह गांव का रहने वाला है। विगत तीन वर्ष पूर्व 2022 में गोपीकांदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामबनी गांव में परगना हेंब्रम के घर में घुस कर डकैती लूट कांड का अंजाम दिया था। थाना में कांड संख्या 3/2022 , धारा 457, 395 / 412 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसमें चार आरोपियों को पुलिस ने



पहले ही पकड़ कर जेल भेजा चुका थी। एक आरोपी फरार चल रहा था। बता दें कि पांचवां आरोपी सुशील मड़ैया को पकड़ने में सफलता रही। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत के नेतृत्व में आरोपी को डुमरचीर के सप्ताहिक हटिया से गिरफ्तार किया।

## चुटोनाथ को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने हेतु जामा विधायक को ज्ञापन सौंपा

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** चुटोनाथ को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने की मांग को लेकर सिविल सोसायटी के अध्यक्ष ने जामा विधायक को ज्ञापन सौंपा। सिविल सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी और सचिव संदीप कुमार जय बमबम हथियापाथर में जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी से मिलकर जामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित प्रसिद्ध बाबा चुटोनाथ व बाबा पहाड़ ठाकुर मंदिर क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग पर चर्चा



किया। सिविल सोसायटी ने बताया कि गोविन्दपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग से जो मंदिर जाने का रास्ता का चौड़ीकरण करते हुए वन वे रास्ता पहाड़ के चारों ओर घुमाकर बनाया जाएं। साथ ही मांग पत्र में आकर्षक पार्क,वाहन पार्किंग स्थल,शौचालय के निर्माण के अलावा जिस प्रकार से मसानजोर में झारखंड सरकार के द्वारा लकड़ियों से बनें आकर्षक कॉटेज पर्यटक के लिए बनाया है उसी तर्ज पर चुटोनाथ में बांस से बने कॉटेज का निर्माण कराया जाएं। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और बांस से बने कॉटेज पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।

# उपायुक्त ने की रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**डीजे का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाली जाय। जिला प्रशासन के साथ आमजनों का सहयोग आवश्यक है। बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। डीजे का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित रुट पर ही जुलूस निकाली जाय।लाइसेंसधारी एवं बिना लाइसेंसधारी समिति अनुमति प्राप्त कर ही जुलूस नकालेंगे। जिले के सभी जुलूस के साथ एक वीडियोग्राफर रहेंगे जो पूरे जुलूस की वीडियोग्राफी करेंगे।सभी समितियां अपने सदस्यों की सूची उपलब्ध कराएंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सदस्य अपना पहचान पत्र निश्चित रूप से लगाये रखेंगे। समिति के सदस्य जुलूस के साथ चलने वाले ट्रैक्टर के सभी जरूरी दस्तावेज,ट्रैक्टर के



ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस,ट्रैक्टर मालिक का पहचान पत्र निश्चित रूप से जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि नो एंट्री पॉइंट को चिन्हित कर लें ताकि जुलूस एवं वाहनों के आवगमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि रामनवमी त्यौहार को पूरे उत्साह से मनाएं एवं झंडे की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखें ताकि हाई टेंसन तारों के संपर्क में नहीं आये।कहा कि प्रखंड स्तर पर आयोजित शांति समिति के बैठक कर प्रेसिडिंग निश्चित रूप से भेज दें। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर फोर्स एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जा सके।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड में रहेंगे। विधुत विभाग सभी विधुत तार दुरुस्त हैं इस आशय का प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स अगर अपने प्रतिनियुक्त स्थल से अनुपस्थित पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें।सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के अफवाह नहीं फैलाएं।सोशल मीडिया के निगरानी जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी एवं अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई भी की जायेगी। पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी पर्व को मनाएं।ऐसा कोई कार्य नहीं करें जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े।ऐसा कोई गाना नहीं बजाएं जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो। कोई भी पुलिस के अधिकारी अपने प्रतिनियुक्त स्थल को नहीं छोडेंगे। जुलूस मार्ग पर किसी भी प्रकार का ईंट,बालू,पत्थर सहित कोई भी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन मटेरियल नहीं रहे इसे सुनिश्चित किया जाय।कहा कि समिति के सदस्यों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लें ताकि संदेश कम समय में सभी तक पहुँच सके।जुलूस में विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सरकारी अतिथि गृह में भीषण आग, टोल कर्मियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** रूपनारायणपुर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब जिले के सरकारी अतिथि गृह में अचानक आग लगने की खबर सामने आई। झारखंड से सटे रूपनारायणपुर सीमा पर स्थित जिला परिषद भवन के बागान में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 7 बजे शाम टोल टैक्स कलेक्शन सेंटर के पास काम कर रहे कर्मियों ने देखा कि बागान के एक कोने से धुआं उठ रहा है। नजारा देखते ही उनके होश उड़ गए। तुरंत ही भवन कर्मचारी अनिल बाउरी को बुलाया गया और साथ ही तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक सह-संयोजक भोला सिंह को भी सूचना दी गई।भोला सिंह मौके पर पहुंचते ही स्थानीय स्तर पर पानी के टैंकर की व्यवस्था करवाई। जब तक दमकल विभाग पहुंचता, तब तक बागान में सूखी पत्तियां और झाड़ियां आग की लपटों में जलने लगी। आसपास के लोगों ने जान की परवाह किए बिना बाल्टी और ड्रमों में पानी भर-भर कर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी।भवन के अंदर मौजूद पाइपलाइन से भी पानी की बौछारें छोड़ी गईं।चित्तरंजन दमकल की गाड़ी देर से घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रास्ते और रूपनारायणपुर रेलवे गेट की वजह से दमकल को पहुंचने में देर हो गई।करीब डेढ़ घंटे की अथक मेहनत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते काबू पा लिया गया, वरना जिला परिषद भवन समेत आसपास की कई संपत्तियां इसकी चपेट में आ सकती थी।

## मिहिजाम में श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा का धूमधाम से आयोजन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** मिहिजाम में पिछले 30 वर्षों से आयोजित श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा का आयोजन दिशारी क्लब करती आ रहा है। इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया है। इस अवसर पर कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भी पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा मां का भव्य रूप श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है, जबकि पूजा पंडाल को भी सजाया गया है।

शाम के वक्त मेला का भी आयोजन किया गया है। जहां खाने पीने की चीजों के अलावा जंपिंग जोन, सजावट, खिलौने, श्रृंगार आदि के स्टाल लगाए गए हैं। मेले में लोगों के लिए कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इस पूजा के आयोजन में दिशारी क्लब के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की है और इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। पूजा के दौरान सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## रामनवमी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक

**अखाड़ा जुलूस को लेकर दिया जरूरी दिशा निर्देश**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** शुक्रवार को अनुमण्डल पदाधिकारी, अनंत कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी रामनवमी लाईसेंसी और गैर लाईसेंसी अखाड़ों के सदस्यों के साथ बैठक कर रामनवमी के अवसर पर जुलूस,अखाड़ा निकाले जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए सभी अखाड़ों से अनुरोध कर कहा कि रामनवमी के अवसर पर निकाले जाने वाले

मार्गों का सत्यापन संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क कर लेंगे साथ ही अखाड़ा निर्धारित चिन्हित मार्ग से निर्धारित समय पर ही निकालेंगे। अखाड़ा जुलूस में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग न्यायालय के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुसार ही करेंगे। वहीं उन्होंने अखाड़ा



आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से कोई ऐसी भड़काउ गीत संगीत न बजाये जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। तथा साम्प्रदयिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का आह्वान किया अनुमंडल पदाधिकारी ने निदेश दिया कि 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक जामताड़ा शहर के अंदर भारी-वाहन बड़ी बस आदि का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी बड़ी, भारी वाहन साईडिंग बाईपास होकर चलेगी। वहीं ऑटो,टोटो भी बस स्टैण्ड के बदले साईडिंग मोड़ पर खड़ी रहेगी। नगर पंचायत, जामताड़ा को निर्देश दिया गया कि बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन आदि के पास लागाये जाने वाले ठेले आदि को 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक हटाने की कार्रवाई करेंगे। थाना प्रभारी, जामताड़ा के द्वारा बताया गया कि रामनवमी के अवसर पर यातायात सामान्य बनाये रखने हेतु शहर की ओर प्रवेश करने वाले निम्न स्थानों पर बैरियर, स्लाईडर लगाकर यातायात नियंत्रण करने की कार्रवाई की जायेगी। नारायणपुर, जामताड़ा एवं, जामताड़ा करमाटांड़ की ओर से आने वाले वाहन को बुधुडीह रेलवे अंडर पास के पास स्लाईडर लगाया जायेगा। जामताड़ा-मिहिजाम ओवर ब्रिज के पास स्लाईडर लगाया जायेगा। दुमका रोड में रानी सती मंदिर के पास स्लाईडर लगाया जाएगा। पुराना कचहरी अम्बेडकर चौक के पास स्लाईडर तो वहीं मिहिजाम थाना क्षेत्र में आसनसोल से आने वाले भारी वाहनों को संध्या 04:00 बजे से हांसीपहाड़ी चेक पोस्ट के पास रोक दिया जायेगा तथा जामताड़ा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को निर्मल महतो चौक अमोई के पास रोका जायेगा। इस बीच एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाओं को विशेष परिस्थिति में थाना प्रभारी, मिहिजाम के देख रेख में नियमित परिचालन की जायेगी।इस मौके पर सभी संबंधित अधिकारी, बस, ऑटो टोटो एसोसिएशन के अध्यक्ष, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## संपादकीय

### बुलडोजर से नाइंसाफी

यह पहली बार नहीं है कि देश की शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि कथित अवैध निमार्णों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई न्याय के नैसर्गिक नियमों का उल्लंघन है। लेकिन ऐसी बलपूर्वक की गई कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिए जाने के बावजूद पिछले दिनों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बुलडोजर की नाइंसाफी नजर आई। कोर्ट का कहना था कि यह बुलडोजरी अन्याय केवल झुग्गियों व मकानों को ही नहीं गिरा रहा है, बल्कि यह कानून की उचित प्रक्रिया व अनुच्छेद 21 का भी अतिक्रमण है। जो हर नागरिक के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने प्रयागराज में घरों को गिराए जाने को अमानवीय और अवैध बताते हुए शहरी विकास प्राधिकरण को प्रत्येक पीड़ित घर के मालिक को दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान घटी उस घटना को तंत्र की संवेदनहीनता बताया जिसमें बुलडोजर द्वारा झोपड़ी गिराए जाने पर एक बालिका अपनी किताबें पकड़कर भाग रही थी। अदालत का कहना था कि तसवीर देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है। साथ ही अधिकारियों की मनमानी और असंवेदशीलता को उजागर करती है। कहा गया कि अतिक्रमणकारियों को खुद की स्थिति को स्पष्ट करने का उचित अवसर दिए बिना बुलडोजर से उनके मकान या झोपड़ियों को ध्वस्त करना अन्याय जैसा ही है। जिससे निष्कर्ष निकलता है कि प्रशासन का इरादा अनधिकृत निर्माण को हतोत्साहित करने के बजाय उन्हें सबक सिखाना लगता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन कथित ह्यतत्काल न्यायह्न के बुलडोजर मॉडल को लागू करने में सबसे आगे रहा है। इस विवादास्पद कार्रवाई का बचाव करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा था कि कभी-कभी कुछ लोगों को उनकी समझ में आने वाली ह्यभाषाह्न में चीजों को समझाने की जरूरत होती है। जिसके मायने यह भी हैं कि ऐसे तत्वों को अदालतों द्वारा उन्हें दोषी या निर्दोष ठहराये जाने का इंतजार किए बिना ही दंडित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बीते साल नवंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर के लगातार इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिये कई दिशा-निर्देश दिए थे। इसमें मकान आदि के ध्वस्तीकरण से पंद्रह दिन पहले कब्जाधारियों को सचेत करना भी शामिल था। अदालत ने तो यहां तक चेतावनी दी थी कि निदेशों का अतिक्रमण करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद जमीनी हकीकत में बदलाव नहीं आया। इसमें दो राय नहीं कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के प्रति शून्य-सहिष्णुता का नजरिया जरूरी है। अवैध निर्माण हटाया जाना चाहिए, लेकिन सभी कायदे-कानूनों का पालन भी उतना ही जरूरी है। अदालत मानती रही है कि जल्दबाजी में बुलडोजर का इस्तेमाल असंवैधानिक है और नागरिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। जिसकी कानून इजाजत नहीं देता। प्रयागराज व महाराष्ट्र में कई जगह लोगों ने आरोप लगाया कि नोटिस देने के चौबीस घंटों में ही उनके मकान गिरा दिए गए। ऐसी ही कार्रवाई नागपुर हिंसा के बाद आरोपियों के घर गिराने में की गई। कहा गया कि लोगों को अपील करने का भी मौका नहीं दिया गया। वैसे यह नैसर्गिक न्याय की अवहेलना है कि एक कथित दोषी के कृत्यों की सजा उसके पूरे परिवार को दी जाती है। उस घर में उस व्यक्ति के परिवार के अन्य सदस्य भी रहते हैं। यह विडंबना है कि नागपुर मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बैंच ने आरोपियों की संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगायी थी, लेकिन जब तक आदेश पहुंचा तब तक स्थानीय प्रशासन कार्रवाई कर चुका था। वैसे हकीकत यह भी है कि कोई अवैध निर्माण रातोंरात खड़ा नहीं हो जाता। जब उसका निर्माण होता है तो स्थानीय प्रशासन की नजर उस पर क्यों नहीं जाती। एकाएक ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो जाती है कि उसे गिराने की तत्काल जरूरत पड़ती है। फिर तुरत-फुरत बुलडोजर चल जाता है। सवाल यह भी कि हर छोटे-बड़े, धनाढ्य वर्ग, प्रभावशाली नेताओं के अवैध निर्माण पर पीला पंजा क्यों नहीं चलता?

## (चिंतन-मनन)

### बीमार बच्चों की तरह पैदा हो रहे हैं, बीमार कानून

उत्तराखंड की सरकार ने दो माह पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का कानून तैयार किया है। इसको लेकर लंबे समय तक बहस चली। तरह-तरह के सुझाव लिए गए। देश में उत्तराखंड पहली सरकार बनी, जिसने समान नागरिक संहिता का कानून लागू किया। इस कानून को लागू हुए 2 महीने भी नहीं हुए हैं, इसमें बदलाव करने की मांग होने लगी है। कानून को लेकर उत्तराखंड की राज्य सरकार के खिलाफ नागरिकों तथा सरकारी कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। कई ऐसी परेशानियां खड़ी हो गई हैं, जिसके कारण पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन ही खतरे में पड़ गया है। नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है।

समान नागरिक सहायता कानून लागू होने के बाद उत्तराखंड के नागरिकों को कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन पर भी इसका बड़ी तेजी के साथ असर पड़ रहा है। इसका निराकरण वर्तमान कानूनो में नहीं हो पा रहा है। सरकार को लोगों की परेशानी अब समझ में आ रही है। अतः दो माह पहले बने कानून में संशोधन की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तराखंड के लाखों सरकारी कर्मचारी इस कानून से हैरान और परेशान हैं। सभी कर्मचारियों के लिए शादी का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करवाना अनिवार्य है। इसमें कर्मचारियों को कई तरह से परेशानियां आ रही हैं।

# एक बेमिशाल देश भक्त अदाकार भला कैसे बिसरेगा

**–ऋतुपर्ण दवे–**

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्रए वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। जिसकी हरेक फिल्म में कूट.कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनयए आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगीए धरती और ब्रम्हाण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल ष्मेरे देश की धरती सोना उगले.उगले हीरा.मोतीष सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कारए देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं।

24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे ष्लाल किले से आई आवाज ढिल्लोए सहगलए शाहनवाजष। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिलीए बंटवारा हुआ देश भारत.पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा.मारपीट न करने की सीख दी। जिससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ।

दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था। वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मायानगरी मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमारए अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे।

वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80.90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसतते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निमार्ता लेखराज भाकड़ीए कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगाघ् जवाब मिला की लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है। अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म ष्जमीन और आसमानष बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए। इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। जिन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूंघ् खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपए मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म कांच की गुड़िया मे ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फि ल्म श्हरियाली और रास्ताश मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया।

उनके दिल में देश भक्ति कूट.कूट कर भरी थी। आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शनए रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत.प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत.पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान.जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों.रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए। वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था। लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। जिनमें उपकारए पत्थर के सनमए रोटी कपड़ा और मकानए संन्यासीए हिमालय की गोद मेंए पत्थर के सनमए नील कमलए पूरब और पश्चिमए रोटी कपड़ा और मकानए दो बदनए क्रांति जैसी कामियाब फिल्में हैं। उन्हें 2015 में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में योगदान के लिए दादा साहब फाल्के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ हमेशा.हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आनएबान और शान थेए हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार तुम दिल में थेए हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

# जन सरोकार का सिनेमा बनाने वाले मनोज कुमार

**–दिलीप कुमार पाठक –**

एक दौर था जब कहा जाता था कि हर ऐक्टर शोमैन राजकपूर नहीं हो सकता है, जो खुद ही फिल्म का ऐक्टिंग, निर्देशन, निमार्ता हो। हर किसी के बस की बात नहीं है। राज कपूर साहब का नाम आते ही एक ही शब्द जेहन में आता है... प्रतिभा... ऐसे ही एक ऐक्टर हैं, मनोज कुमार जी या भारत कुमार जी कह लें। मनोज कुमार जी ने अपनी फिल्म में रायटर, ऐक्टर, डायरेक्टर, एडिटर, निमार्ता आदि की भूमिका बड़ी शिद्दत से निभाते थे। 60 के दशक के बाद यह जुमला फिर उन्हें सुनने को नहीं मिला, जो कभी उनके ऊपर ताना मारते हुए बोला गया था, कि हर कोई राज कपूर नहीं हो सकता... सच है कोई ग्रेट शो मैन राज कपूर साहब की जगह नहीं ले सकता... लेकिन मनोज कुमार साहब की प्रतिभा भी उनका मुकाम बयां करती है। वो हमें किसी का खुद का वजूद परछाईयों में देखने की आदत पड़ी है।

सिनेमा का समाज को गढ़ने में प्रमुख रोल रहा है... सिनेमा भी दो तरह का होता है एक जहां खूब पैसा बनाया जाता है, दूसरा जहां जन सरोकार का सिनेमा गढ़ा जाता है। मनोज कुमार जी ने सिनेमा में पागल कर देने वाला स्टारडम, नहीं देखा, अपितु इज्जत बहुत कमाई। मनोज कुमार जी ने अपने अभिनय से लोगों के दिल में देशप्रेम का जज्बा बढ़ाया है। मनोज कुमार जी अविभाजित हिन्दुस्तान आज के पाकिस्तान में जन्मे थे। इनका नाम हरीकिशन गिरी गोस्वामी था... बचपन से ही हीरो बनने की चाहत हिन्दुस्तान खींच कर ले आई। बंटवारे की त्रासदी, पलायन का दर्द काफी था, उपकार, रोटी कपड़ा और मकान, पूरब और पश्चिम, क्रांति जैसी फिल्म को गढ़ने के लिए...

बचपन से ही पलायन, दुःख, दर्द अगर रचनात्मकता की राह पकड़ ले तो आदमी कुछ न कुछ कमाल ही करता है...जो मनोज कुमार जी ने सिनेमा की दुनिया में रचा वो कमाल ही तो है। मनोज कुमार जी मात्र 10 साल के थे, जब माता-पिता के साथ पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए थे। मनोज कुमार जी को फरिश्ता बनने की चाहत हिन्दी सिनेमा में खींच लाई थी। मनोज जी बचपन में रिफ्यूजी कैंप में रहते थे। उस समय दिलीप साहब की फिल्म दिखाई जा रही थी। फिल्म का नाम जुगनू था... मनोज कुमार दिलीप साहब की पर्सनलिटी से बहुत प्रभावित हुए, उस समय इनकी उम्र करीब 12 साल रही होगी। यह वही दौर था, जब हर कोई दिलीप कुमार बनना चाहता था।

कुछ दिन बाद मनोज कुमार को दिलीप साहब की एक फिल्म और देखने का मौका मिलता है। इस फिल्म का नाम शहीद था। दोनों फि ल्मों के क्लाइमेक्स में दिलीप साहब की मृत्यु हो जाती है... मनोज कुमार जी तब छोटे थे, उनमे फिल्म समझने की समझ नहीं थी, हालांकि दिलीप साहब जरूर अच्छे लगे थे।उनको यह यह समझ में नहीं आ रहा था, कि कोई इंसान दो बार कैसे मर सकता है। मनोज कुमार यही सब बार बार सोच कर चिंतित रहने लगे। उनकी मां ने मनोज कुमार को शांत बैठा देख गुमशुम रहने की वजह पूछा तो मनोज कुमार ने अपनी मां से पूछा की एक आदमी कितनी बार मरता है? तो मां ने कहा एक बार तो मनोज कुमार ने कहा अगर 2झ3 बार मरे तो, तो मां ने कहा फिर तो वो इंसान नही वो फरिश्ता होता है... छोटे से मनोज कुमार जी ने तभी सोच लिया था कि वो बड़े होकर दिलीप कुमार की तरह फरिश्ता बनेंगे... बड़े होकर जब ऐक्टर बने तो अपना नाम मनोज कुमार रख लिया। क्योंकि दिलीप साहब की फिल्म शबनम में उनके कैरेक्टर का नाम मनोज था।


मनोज कुमार ने अपनी सिनेमाई समझ का बेहतरीन उपयोग करते हुए अपनी अगली फिल्म क्रांति बनाई, जिसने उनके करियर को तो चरम पर पहुंचाया ही साथ ही साथ खराब दौर से गुजर रहे दिलीप साहब की भी शानदार वापसी करवाई। दिलीप साहब पहले फिल्म करने के लिए राजी नहीं थे, लेकिन उन्होंने मनोज कुमार के प्रेम में फिल्म करने के लिए हाँ कर दिया। मनोज कुमार दिलीप साहब के इतने बड़े दीवाने हैं कि आज भी कोई उन्हें कहता है कि आप दिलीप साहब की नकल करते हैं तो उन्हें सुनकर बुरा नहीं अपितु खुशी होती है कि मैं भी दिलीप साहब जैसे अभिनय कर सकता हूं।

कालजयी फिल्म क्रांति के साथ ही अपनी बनाई गई फिल्मों की अभूतपूर्व सफलता के बाद मनोज कुमार का खराब दौर भी शुरू हो गया था। उनकी 1989 में बनी फिल्म ह्यक्लर्कह्न फ्लॉप रही और ह्यसंतोषह्न, ह्यकलयुग की रामायणह्न जैसी फिल्मों से उनका करियर ग्राफ नीचे की ओर आता रहा... मनोज कुमार ने अपने लम्बे सिनेमाई सफर में पचास से भी कम फि ल्मों में अभिनय किया, लेकिन उनकी सारी की सारी फि ल्में यादगार हैं... तीन सौ से अधिक फि ल्मों में काम करने वाले अभिनेताओं ने भी इतनी ब्लॉकबस्टर फि ल्में नहीं दी, जितनी ब्लॉकबस्टर फि ल्में मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में दी।मनोज कुमार अपनी सिनेमाई यात्रा के लिए कहते हैं मैंने कम ही फि ल्में बनाई हैं, लेकिन जितनी भी बनाई हैं सभी कंटेंट के लिहाज से उम्दा रही हैं। भले ही मैंने पचास से कम फि ल्मों में काम किया लेकिन दर्शकों को मेरी सभी फि ल्में मुँह जुबानी याद हैं। मैंने सिनेमाई यात्रा में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां मैंने काम किया और सफलता नहीं पाई हो। हालाँकि मैं अब भी फि ल्में देखता हूं, लेकिन देव साहब, दिलीप साहब,

राज कपूर साहब, राजेन्द्र कुमार, प्राण साहब, अजीत साहब, आदि की फि ल्में मैं नहीं देख पाता, क्योंकि मुझे उनकी याद आती है।

सच है ऐसा कोई अवॉर्ड नहीं है, जो मनोज कुमार जी को मिला न हो। वहीँ मनोज कुमार जी जैसे अनोखे लोग थे, जो सरकार के करीबी भी थे। इंदिरा जी, अटल जी जैसे नेताओ को अपना मित्र भी बताते थे। हमेशा सम्मानीय थे, और जब समाज के साथ खड़े होने की बात आती थी, तो बोल देते थे, कि रोटी हमारे घर में देश के हर वर्ग से आती है... हम आपकी दोस्ती के लिए ईमान नहीं बेच सकते। कीमत चाहे जो भी चुकानी पड़े। ऐसे अदाकार को मेरा सलाम।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**




**आभार, आत्मा से उत्पन होने वाली सबसे खुबसूरत कली है।**

**- हेनरी वार्ड बीचर**

**नजरिया एक छोटी सी चीज है,जिससे बहुत फर्क पड़ता है।**

**- विंस्टन च्रिचर्ल**

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

**–ललित गर्ग–**

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गमार्ये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है- यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल ह्यअखंड भारतह्न के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दशार्ते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

7_Page 3.qxd 4/4/2025 10:55 PM Page 1



# ऊर्जा का स्तर बढ़ा सकती हैं जड़ी-बूटियां

रोजमर्रा की आपाधापी और बदलती जीवनशैली के बीच हम कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अगर हम जड़ी-बूटियों के इस्तेमाल के बारे में अपनी जागरूकता बढ़ाएं तो सेहतमंद जीवन बिता सकते हैं, बता रही हैं वेलनेस विशेषज्ञ डॉ.

शिखा शर्मा

प्रकृति से जो अनमोल उपहार हमें मिले हैं, उनमें जड़ी-बूटियां भी शामिल हैं। आयुर्वेद में इन जड़ी-बूटियों का विशेष महत्व बताया गया है। आजकल नेचुरोपैथी यानी प्राकृतिक चिकित्सा के बढ़ते प्रचलन के कारण न सिर्फ जड़ी-बूटियों का व्यापक इस्तेमाल हो रहा है, बल्कि इनके इस्तेमाल को लेकर लोगों की जागरूकता भी बढ़ रही है। ये जड़ी-बूटियां अनेक बीमारियां दूर करने में तो सहायक हैं हीं, मानसिक शांति के लिए भी इनका इस्तेमाल किया जाता है।

## फायदेमंद हैं जड़ी-बूटियां

ऐसी बहुत सी जड़ी-बूटियां हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इनमें से बहुत-सी तो हमारी रसोई में ही मिल जाती हैं।

तुलसी- सर्दी-जुकाम, बुखार, सूखा रोग, निमोनिया, कब्ज, अतिसार जैसी समस्याओं में बहुत उपयोगी औषधि है।

**लहसुन:** एंटी बैक्टीरियल तत्वों से युक्त है। इसकी एक कली के सेवन से विटामिन ए, बी, सी के साथ आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पा सकते हैं।

दालचीनी- खान-पान में इस्तेमाल होने पर उसमें उपस्थित वायरस और बैक्टीरिया को नष्ट कर देती है। शोधों में प्रमाणित हुआ है कि जिन खाद्य पदार्थों में दालचीनी का प्रयोग होता है, उनमें 99.9 प्रतिशत तक कीटाणु होने की आशंका खत्म हो जाती है।

लौंग- शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ यह एक अच्छी एंटीऑक्सीडेंट और बैक्टीरिया को खत्म करने वाली है।

**अदरक:** जी मिचलाने, उल्टी, मोशन सिकनेस आदि समस्याओं के समाधान में सहायक है। यह पाचन क्रिया में भी सहायक है।

**अश्वगंधा:** अश्वगंधा का इस्तेमाल त्वचा के साथ-साथ कई तरह की बीमारियों में भी लाभकारी है।

आंवला, एलो वेरा और गुडुची- ये शरीर की प्रतिरोधी क्षमता बनाए रखते हैं।

**ग्रीन टी:** यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह कॉलेस्ट्रॉल नियंत्रित कर हार्ट अटैक और स्ट्रोक से बचाव करती है।

**ब्राह्मी:** इससे खून साफ होता है और याद्दाश्त बढ़ती है। गठिया में भी इससे आराम मिलता है।

सेवन में सावधानी बरतें

जड़ी-बूटियां तभी अपना असर दिखाएंगी, जब उनमें किसी तरह की मिलावट न हो। आजकल बाजार में नकली जड़ी-बूटियों की भरमार है, इसलिए आपको सतर्क रहने की जरूरत है। हमेशा विश्वसनीय दुकान से ही जड़ी-बूटी खरीदें। जड़ी-बूटियां निश्चित अनुपात में ही ली जानी चाहिए। एलो वेरा जूस एक चम्मच लेना चाहिए, व्हीट ग्रास और आंवला जूस एक-एक चम्मच पानी के साथ लेना चाहिए, उनका लापरवाही से इस्तेमाल न करें।





# अर्जुन पेड की छाल से इन बीमारियों का किया जाता हैं इलाज

आज हम आपको ऐसे पेड के बारे में बताएंगे जिसकी छाल से बहुत सी बीमारियों का इलाज किया जाता है। इस पेड़ का नाम अर्जुन वृक्ष है। इसका सेवन करने से क्क्क बढ़ता हुआ कोलेस्ट्रॉल वा हार्ट अटैक तथा मोटापे आदि की बीमारी ठीक हो जाती है। इसी के साथ इसे और भी बहुत सी बीमारियां ठीक की जाती है, जैसे कि पेट दर्द, कान का दर्द, मुंह की झांइयां आदि। तो आइए जानते हैं कैसे बीमारियों का इलाज किया जाता है इस अर्जुन की छान से।







- अगर आपके बाल सफेद है तो अर्जुन की छाल का चूर्ण बना कर इसमें मेहंदी डाल कर बालों में लगाएं। ऐसी करने से आपके काले और बालों में चमक आ जाएगी।
- अगर आपका कोलेस्ट्रोल ज्यादा रहता है तो आप अर्जुन की छाल का पावडर लेकर इसमें 2 गिलास पानी डाल कर उबालें। बाद में इसे छानकर ठंडा कर लें। सुबह उठ कर हर रोज इसका एक गिलास पिएं।इसे पीने से ब्लाक हुई धमनियां खुल जाती है।
- अगर आपका क्क्कज्यादा रहता है तो ठीक करने के लिए रोज सुबह चाय बनाते समय अर्जुन की छाल का चूर्ण डाल कर पिएं।
- हृदय की अनियमित धड़कन को ठीक करने के लिए आप अर्जुन की छाल को कपड़े से छान कर इस पाउडर को अपनी जीभ पर रखें।
- सुबह अर्जुनकी छाल का काढ़ा बनाकर पीने से रक्तपित्त दूर हो जाता है।
- अगर आपको पेशाब रुक-रुक कर आता है तो दिन में एक बार र्जुनकी छाल का काढ़ा बनाकर जरूर पिएं।
- अगर आपके हाथ पर चाय गिरने से अगर घाव हो जाए तो उस पर तुरंत अर्जुन की छाल के चूर्ण लगाएं।
- ज्यादा लोग मुंह में छाले पड़ने से परेशान हो जाते है। ऐसे में आप नारियल के तेल में अर्जुन की छाल का चूर्ण मिला कर मुंह में लगाएं।
- अर्जुन की छाल का चूर्ण बनाकर गुड़ के साथ फंकी लेने से बुखार जल्द ठीक हो जाता है।
- खेलते समय ओर आपके पैर की हड्डी दूध जाए या चोट लग जाए तो आप दूध के साथ अर्जुन की छाल का चूर्ण खाएं या फिर चोट पर लेप लगाएं। ऐसे करने से टूटी हुई हड्डी जल्दी ठीक हो जाती है।

# जली हुई जीभ से तुरंत आराम पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपचार

अक्सर हम सभी जब ज्यदबाजी में गरम-गरम चाय या कॉफी पी लेते हैं तो हमारी जीभ जल जाती है। जीभ के जल जाने पर कुछ दिनों को तक हमें किसी भी चीज को खाने से उसका स्वाद नहीं आता। इसलिए हमें कभी भी किसी चीज को गरम-गरम नहीं खाना चाहिएं। आज हम आपको जली हुई जीभ से तुरंत आराम पाने के लिए कुछ आसान से घरेलू उपाय बताएगें। तो आइए जानते हैं...

**- बेकिंग सोडा**

वैसे तो बेकिंग सोडा और बेकिग पाउडर दोनों ही खाने को फुलाने के लिए काम आते हैं। पर अगर आपकी जीभ गरम-गरम चीज पीने या फिर खाने से जल जाए तो तुरंत आराम पाने के लिए बेकिंग सोडा और पानी से कुल्ला कर लें।

- **जीभ जलने पर प्लेन फूड खाएं** अगर आपकी जीभ जल गई है तो मसालेदार खाना न खाएं। ऐसे में आप सलाद और उबला हुआ सादा भोजन ही खाएं।


**- आइस क्यूब**

जली हुई जीभ से तुरंत आराम पाने के लिए आप फ्रिज में रखी हुई ठंडी-ठंडी फर्फ का टुकड़ा लेकर मुंह में रख लें और धीरे-धीरे से चूसते रहें। साथ ही ध्यान में रखे कि क्यूब को मुंह में डालने से पहले गीला जरूर कर लें।

**- दही**

ठंडा दही लेकर उसका एक चम्मच मुंह में रखने से जली हुई जीभ से तुरंत आराम मिल जाता है। अगर घर में दही नहीं है तो आप एक गिलास ठंडा दूध भी पी सकते हैं।

**- चीनी**



अगर आपकी जीभ जल गई है तो जीभ पर एक चुटकी सफेद चीनी छिडकें और इसे जीभ पर घुलने दें। ऐसा करने से होने वाली दर्द से तुरंत आराम मिल जाएगा।

**- शहद**

शहद के अनेक फायदे हैं। जीभ के जलने पर यह एक प्राकृतिक और आराम देने वाला पदार्थ है।इसे जीभ पर लगाने से दर्द कम हो जाता है।

- विटामिन E वैसे तो हमारे शरीर के लिए सभी विटामिन्स का अपना-अपना महत्व है, लेकिन उनमें कुछ की खास भूमिका होती है। ऐसे विटामिन्स में एक प्रमुख है विटामिन ई। जीभ के जलने पर विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे जीभ पर डालने से जल्द ही आराम मिल जाता है।

- मुंह से सांस लें अगर आपकी जीभ जल गई है तो मुंह से सांस लें। ऐसा करने से ठंडी हवा जीभ पर लगेगी जिसे आप को आराम मिलेगा।

**- चुइंग गम**

जली हुई जीभ से तुरंत आराम पाने के लिए च्यूइंग गम चबाएं। यह मुंह में थूक बनाने का काम करती है और मुंह को गीला रखती है, जिसे होने वाली जलन से आराम मिलता है।

- एलो वेरा जेल एलोवेरा तोड़कर उसमें से मैल निकाल लें और इसे जली हुई जीभ पर लगाएं और इस आइस क्यूब भी लगाएं। ऐसा करने से आपको दर्द से जल्द ही आराम मिल जाएगा।

# इन घरेलू उपचारों को अपनाकर ठीक करें अनियमित माहवारी

आजकल ज्यादातर महिलाएं अनियमित माहवारी की समस्याओं से बहुत परेशान रहती हैं। वह शर्म या झिझक के कारण यह बात किसी को नहीं बताती और इस समस्या से जूझती रहती हैं। अनियमित माहवारी की समस्या का कारण हार्मोन में परिवर्तन होने से होता है। इसलिए आज हम आपको अनियमित माहवारी ठीक करे कुछ घरेलू उपचारों के बारें में बताएगें।यह आपके लिए बहुत ही फायदेमंद होते है। तो आइए जानते है...



- तिल

अनियमित माहवारी को ठीक करने के लिए आप हर रोज रात के समय तिल को पानी में भिगों कर रख दें और सुबह इसे छान कर दिन में दो बार पीएं।

- जीरा माहवारी के समय जीरा खाने से दर्द से आराम मिलता है। इसलिए हर रोज 1 चम्मच जीरें के साथ 1 चम्मच शहद का सेवन जरूर करें। - पपीता पपीते को खाने से मासिक धर्म से जुड़ी हर समस्या से निजात मिल जाता है क्योंकि इसमें पोषण, एंटीऑक्सीडेंट और बीमारी को ठीक करने वाले गुण होते हैं।

- गुड़हल का फूल अनियमित माहवारी को ठीक करने के लिए आप गुड़हल का फूल जरूर लें। -तुलसी अगर आपको अनियमित माहवारी होती है तो इसे रेगुलर करने के लिए 1 चम्मच तुलसी के रस के साथ 1 चम्मच शहद का सेवन करें।



-अंगूर माहवारी को रेगुलर करने के लिए हर रोज अंगूर का जूस जरूर पीएं।

-धनिया या सौंफ धनिया या सौंफ को रात भर पानी में भिगो कर काढा बना लें और हर रोज पीएं।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंकाक में प्रधानमंत्री मोदी और ओली ने की मुलाकात



काठमांडू,(एजेंसी) : बैंकाक में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात हुई है। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई है।

यह मुलाकात अब से थोड़ी देर पहले स्थानीय समय अनुसार अपराह्न 4 बजे बैंकाक के होटल मैंडरिन ओरियंटल में मुलाकात हुई है। दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनट तक वार्ता होने की जानकारी प्रधानमंत्री ओली के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल ने दी है।

नेपाल की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री ओली के अलावा विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा, ओली के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल, आर्थिक सलाहकार डॉ. युवराज खतिवड़ा, मुख्य सचिव एकणारायण अर्याल और विदेश सचिव अमृत राई मौजूद रहे।

इसी तरह भारत की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी के अलावा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री मौजूद रहे।

मोदी और ओली के बीच यह दूसरी बार वार्ता हुई है। इससे पहले सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में हुई थी। मुलाकात जब दोनों नेता संयुक्त राष्ट्र महासभा में सहभागी होने गए थे। ओली को सत्ता संभाले 8 महीने होने के बावजूद अब तक भारत भ्रमण पर नहीं बुलाया गया है।

### बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ओली ने क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर दिया जोर




काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा है कि बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के तीन स्तंभ 'समृद्धि, लचीलापन और खुलापन' न केवल सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं, बल्कि नेपाल की समृद्ध नेपाल, सुखी नेपाली की राष्ट्रीय आकांक्षा के साथ गहराई से प्रतिध्वनित भी होते हैं।

थाईलैंड के बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि बिम्सटेक को न केवल बदलते समय के साथ खुद को ढालना चाहिए, बल्कि हमारे क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के अवसर का भी लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹बंगाल की खाड़ी क्षेत्र का निर्माण हमारी क्षमता को और अधिक उपयोग करने और हमारे पास मौजूद संसाधनों के सही उपयोग के लिए किया गया है। इसके अतिरिक्त, यह मानते हुए कि हमारे क्षेत्र की सभी अर्थव्यवस्थाएं समान नहीं हैं, हमें सदस्य राज्यों को विशेष जरूरतों के साथ तरजीही समर्थन देना चाहिए, ताकि वे आम समृद्धि साझा कर सकें।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने पूरी मानवता के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा कर दिया है, इसलिए नेपाल की विशेष जिम्मेदारी बनती है। ओली ने कहा कि हमारे उच्च हिमालय बारहमासी जल टावर और एशिया के कूलिंग स्टेशन हैं।

### इजराइल ने लेबनान में हमास कमांडर हसन फरहत को मार गिराया, गाजा के शेजाया में जमीनी हमला शुरू



बेरूत/गाजा पट्टी (एजेंसी) : इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन क्षेत्र में ड्रोन हमला करके आतंकवादी समूह हमास कमांडर हसन फरहत को मार गिराने का दावा किया है। आज तड़के शहर के दलाह्नआ इलाके में हुए इस हमले में फरहत के बेटे और बेटी की भी मौत हो गई।

अल जजीरा न्यूज चैनल ने कुद्स न्यूज नेटवर्क के हवाले से बताया कि हसन फरहत लेबनान में हमास के पश्चिमी क्षेत्र का कमांडर था। वह इजराइल के खिलाफ लंबे समय से साजिश रचता रहा है। पिछले साल फरवरी में उत्तरी इजराइल में रॉकेटों की बड़ी श्रृंखला लॉन्च करने के लिए जिम्मेदार था। इस हमले में एक निगरानी चौकी में एक इजराइली सैनिक मारा गया था।

अल जजीरा की खबर के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में 15 सहायताकर्मियों की मौत पर आपातकालीन बैठक बुलाई है। यह बैठक तीन घंटे चली। इस दौरान कई राजदूतों ने इजराइल की कड़ी निंदा की। इस बीच कहा गया है कि पिछले दिनों गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 112 फिलिस्तीनियों के मारे गए। इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इनमें से 33 लोग तो गाजा शहर में विस्थापित फिलिस्तीनियों को आश्रय देने वाले स्कूलों पर तीन अलग-अलग हमलों में मारे गए।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर जानकारी दी कि कुछ घंटे पहले सैनिकों ने उत्तरी गाजा के शेजाया क्षेत्र में जमीनी हमला शुरू कर दिया है। इस दौरान सैनिकों ने हमास के कई आतंकवादियों को खत्म कर उसके बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। हमास के एक कमांड सेंटर और एक कंट्रोल सेंटर को मिट्टी में मिला दिया गया।

# शेयर बाजार में ब्लैक फ्राइडे, कमजोर ग्लोबल संकेतों से सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट



नई दिल्ली, (एजेंसी) :कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली और ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू होने की आशंका के चलते शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके पहले अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने का ऐलान करने के बाद गुरुवार को भी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी आज के कारोबार में बाजार में दबाव इतना अधिक बढ़ गया कि आज का दिन शेयर बाजार के लिए ब्लैक फ्राईडे बन गया। आज के कारोबार में सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,050 अंक से अधिक और निफ्टी करीब 390 अंक से अधिक टूट गए। हालांकि आखिरी आधे घंटे में हुई खरीदारी के कारण ये दोनों सूचकांक मामूली सुधार के साथ बंद होने में सफल रहे। बाजार में मचे हड़कंप के कारण निवेशकों को आज करीब 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में सुधार के लक्षण भी दिखाई दिए, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिससे शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। हालांकि, बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार संभल ही नहीं सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.22 प्रतिशत और निफ्टी 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

पूरे दिन के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, मेटल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली होती रही। इसी तरह रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, टेक, हेल्थ केयर, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का चौतरफा दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 3.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 3.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 10 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 403.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) रह गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 413.33 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 9.78 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,076 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,139 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,800 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 137 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,589 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 430 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,159 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 135.27 अंक की कमजोरी के साथ 76,160.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 76,258.12 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में मंदड़ियों ने आक्रामक अंदाज में बिकवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले यह सूचकांक 1,054.81 अंक टूट कर 75,240.55 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक निचले स्तर से करीब 120 अंक की रिकवरी करके 930.67 अंक की कमजोरी के साथ 75,364.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 59.70 अंक लुढ़क कर 23,190.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 23,214.70 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक लगातार गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण शाम 3 बजे के करीब यह सूचकांक 392.65 अंक लुढ़क कर 22,857.45 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी आधे घंटे में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से 45 अंक से अधिक की रिकवरी करके 345.65 अंक की गिरावट के साथ 22,904.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ।दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 1.57 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.45 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.25 प्रतिशत, नेस्ले 0.73 प्रतिशत और अपोलो हॉस्पिटल 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर टाटा स्टील 8.61 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 8.07 प्रतिशत, ओएनजीसी 7.11 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 6.13 प्रतिशत और सिप्ला 5.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की आंच से झुलसा विश्व, दुनिया के 500 अमीरों को लगा 17.73 लाख करोड़ रुपये का चूना

नई दिल्ली, (एजेंसी) : अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिका समेत विश्व के ज्यादातर देशों के स्टॉक मार्केट बड़ी गिरावट का शिकार हो गए हैं, जिसकी वजह से दुनिया के सबसे अमीर 500 लोगों को भी बड़े नुकसान का सामना करना पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार ग्लोबल लेवल पर बाजारों में आई जोरदार गिरावट के कारण विश्व के टॉप 500 अमीरों की दौलत में 20.80 हजार करोड़ डॉलर यानी करीब 17.73 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। बताया जा रहा है कि कोरोना महामारी के बाद एक दिन में दौलत में आई ये सबसे बड़ी गिरावट है, जबकि पिछले 13 साल के इतिहास में एक दिन में ये चौथी सबसे बड़ी गिरावट है।


ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के आंकड़ों के अनुसार बाजार में आई जोरदार गिरावट के कारण सबसे अधिक नुकसान मेटा (फेसबुक) के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग को हुआ है। उनकी दौलत 1 दिन में ही करीब 17.9 अरब डॉलर यानी करीब 9 प्रतिशत घट कर 189 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई। इस साल जनवरी से लेकर फरवरी के मध्य तक मेटा के मार्केट कैप में करीब 35 हजार डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े से लेकर अभी तक यह कंपनी लगातार गिरावट का सामना कर रही है। इस अवधि में मेटा के शेयर करीब 28 प्रतिशत तक टूट चुके हैं।

दुनिया भर के बाजारों में आई गिरावट के कारण नुकसान झेलने वालों में दूसरा स्थान अमेजॉन के फाउंडर जैफ बेजॉस का है। अमेजॉन के शेयर गुरुवार के कारोबार में 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए। अप्रैल 2022 के बाद अमेजॉन के शेयर में एक दिन में ये सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण जैफ बेजॉस की दौलत एक दिन में ही 15.9 अरब डॉलर घटकर 201 अरब रह गई। अमेजॉन के शेयर इस साल फरवरी में अपने सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गए थे, लेकिन उसके बाद से लेकर अभी तक ये शेयर करीब 25 प्रतिशत टूट चुके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू की गई नई टैरिफ पॉलिसी से उनके करीबी सहयोगी और दुनिया के सबसे दौलतमंद व्यक्ति एलन मस्क भी नहीं बच सके हैं। गुरुवार की गिरावट में दौलत गंवाने वालों में एलन मस्क तीसरे स्थान पर रहे हैं। बाजार में आई कमजोरी के कारण एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयर 5.5 प्रतिशत तक टूट गए, जिसकी वजह से मस्क की संपत्ति 11 अरब डॉलर कम होकर 322 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई।

स्टॉक मार्केट्स में गुरुवार को चली आंधी के कारण दुनिया के पांचवें सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अर्नॉल्ट की दौलत 6.22 अरब डॉलर घट कर 163 अरब डॉलर के स्तर तक आ गई। अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी के तहत यूरोपीय यूनियन पर 20 प्रतिशत का फ्लैट टैरिफ लगाया गया है।

## ग्लोबल ट्रेड वॉर और फार्मा सेक्टर के प्रेशर में ढह गया घरेलू शेयर बाजार



नई दिल्ली, (एजेंसी) : घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट का शिकार हो गया। आज की गिरावट के लिए कमजोर ग्लोबल संकेतों के साथ ही मुख्य रूप से ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू होने की आशंका और फार्मास्यूटिकल सेक्टर पर जल्द ही सख्त अमेरिकी टैरिफ का बोझ डालने के संकेत को जिम्मेदार माना जा रहा है। बाजार में आज मचे हड़कंप के कारण निवेशकों के करीब पौने दस लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। फार्मास्यूटिकल सेक्टर के साथ ही आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में भी आज हाहाकार मचा रहा।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर-के वैश्विक स्तर पर ट्रेड वॉर की आशंका को हवा दे दी है। इसके बाद चीन, कनाडा, यूरोपियन यूनियन और वियतनाम जैसे देशों ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का ऐलान किया है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि दुनिया भर के स्टॉक मार्केट फिलहाल अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से बाजार की स्थिरता को लेकर असमंजस काफी बढ़ गया है, क्योंकि अगर अपने ऐलान के मुताबिक चीन, यूरोपीय यूनियन, कनाडा और वियतनाम जैसे देशों ने जवाबी टैरिफ का सहारा लिया, तो बाजार की अस्थिरता और बढ़ जाएगी। इससे ग्लोबल इकोनामी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इसके साथ ही ग्लोबल ग्रोथ रेट भी प्रभावित होगा।

धामी का कहना है कि अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर भी भारी भरकम यानी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इससे भारतीय निर्यात पर तुरंत प्रभाव से बुरा असर पड़ेगा। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका को जन्म देकर वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी का डर बना दिया है। अमेरिका में भी आर्थिक मंदी का खतरा नजर आने लगा है। इसकी वजह से दुनिया के दूसरे देशों की तरह ही भारतीय शेयर बाजार में भी आज बड़ी गिरावट का रुख बना रहा।इसी तरह खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मास्यूटिकल सेक्टर पर भी जल्द ही टैरिफ लगाने का संकेत दिया है। ट्रंप ने साफ कर दिया है कि फार्मा सेक्टर पर ऐसा टैरिफ लगाया जाएगा, जैसा पहले कभी नहीं था। साफ है कि फार्मास्यूटिकल सेक्टर पर भी डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ का चाबुक पड़ने वाला है। इसी वजह से आज फार्मास्यूटिकल सेक्टर में भी जबरदस्त गिरावट का रुख बना रहा। चौतरफा बिकवाली के कारण फार्मास्यूटिकल इंडेक्स 4.5 प्रतिशत से अधिक टूट गया। इस इंडेक्स में शामिल ल्यूपिन, अरबिंदो फार्मा और आईपीसीए लैब्स के शेयर 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए। फार्मास्यूटिकल सेक्टर में बने दबाव का असर भी आज घरेलू शेयर बाजार के परफॉर्मेंस पर साफ-साफ नजर आया।

इसी तरह ग्लोबल मार्केट के कमजोर संकेतों ने भी निवेशकों के सेंटीमेंट्स को काफी प्रभावित किया। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार 2020 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट का शिकार हो गए थे। इसका असर आज एशियाई बाजारों पर भी देखा गया। एशिया में निक्केई इंडेक्स तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया, वहीं कोस्पी इंडेक्स भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया। स्पष्ट रूप से इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा और निवेशक घबराहट में बिकवाली करते रहे।

इस संबंध में कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार में आज आई गिरावट के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली भी एक प्रमुख कारण रही है। रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान होने के बाद विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को 2,806 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने सतर्कता बरतते हुए सिर्फ 221.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जिसकी वजह से बाजार में व्यापार असंतुलन की स्थिति बन गई। इसका असर आज के कारोबार पर भी पड़ा। आज बाजार में शुरू से ही निगेटिव माहौल बना हुआ था। ऐसे में गुरुवार के दबाव ने बाजार को गिराने में और बड़ी भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री योगी ने 6500 करोड़ की एलडीए की आवासीय योजना का किया शुभारम्भ

## एलडीए की सबसे बड़ी अनंत नगर योजना छह हजार पांच सौ करोड़ की लागत से 785 एकड़ में है प्रस्तावित



लखनऊ, 04 अप्रैल (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की अभी तक की सबसे बड़ी अनंत नगर आवास योजना में भूखण्डों के लिए पंजीकरण का शुभारम्भ किया। छह हजार पांच सौ करोड़ की लागत से 785 एकड़ में प्रस्तावित एलडीए की अनंत नगर योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ऊंची इमारतों के निर्माण में पांच से दस वर्ष लगते थे लेकिन उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कुछ ही महीनों में निर्माण कार्य पूरा किया जा सकता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि इस परियोजना में आधुनिक प्रौद्योगिकी को भी शामिल किया जाए। ताकि हरित और आध्यात्मिक माहौल के साथ किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले आवास उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री योगी अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को बेहतर आवास विकल्प और जीवन जीने की सुगमता में सुधार हो। इस दिशा में बीते दस वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को श्रेय जाता है। आवास क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी लाना और समय से पहले परियोजनाएं पूरी करना समय की मांग है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। लगभग सात हजार करोड़ रुपये के निवेश से विकसित 785 एक-ड़ की अनंत नगर परियोजना के निकट में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक्सप्रेस वे और लखनऊ रिंग रोड है। इस योजना में शैक्षणिक संस्थानों, ऊंची आवासीय इमारतों और किफायती आवास भूखंडों के लिए जगहों को एलडीए ने चिन्हित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में डेढ़ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने की योजना है। दस हजार फ्लैटों और भूखंडों वाले सात सेक्टर का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणियों में पांच हजार आवास इकाइयां 25 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित करेंगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन हजार मकान उपलब्ध कराए जाएंगे। टाउनशिप के हिस्से के रूप में 130 एकड़ का पार्क और एडुटेक सिटी बनाने की भी योजना बनाई गई है। वहीं भूखंडों और आवासों के आवंटन में मध्यस्थ या दलाल को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। लखनऊ विकास प्राधिकरण परियोजना के पारदर्शी कार्यान्वयन की देखरेख करेगा।

अर्थव्यवस्था के लिए अनंत योजना को आवश्यक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बड़े स्तर पर आवास योजना से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उत्तर प्रदेश राज्य को एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आशा है कि ये पहल लोगों के जीवन में बदलाव भी लाएगी, उन्हें बेहतर आवास और अधिक आरामदायक जीवन शैली प्रदान करेंगी। इस योजना के अत्यधिक लोकप्रिय होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचकूला में होगा पहला 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता




नई दिल्ली, (एजेंसी) : हरियाणा के पंचकूला में 24 मई को पहली बार 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' (एनसी क्लासिक) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्व एथलेटिक्स ने गुरुवार को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता की पुष्टि की है।

यह प्रतियोगिता वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड कैटेगरी इवेंट होगी, जो इसे विश्व चैंपियनशिप के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफिकेशन स्पर्धा बना देगी। इस इवेंट में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है।

प्रतियोगिता का आयोजन पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में किया जाएगा। वर्तमान विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा अपने 2025 सीजन की शुरूआत 16 मई को कतर में होने वाले दोहा डायमंड लीग से करेंगे। यह इवेंट 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' से ठीक एक सप्ताह पहले होगा। नीरज ने भारत में अपना पिछला इवेंट 2024 फेडरेशन कप में खेला था, जहां उन्होंने 82.27 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

### हॉपमैन कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट 16 से 20 जुलाई तक, इटली करेगा मेजबानी



बारी (इटली), (एजेंसी) :प्रतिष्ठित हॉपमैन कप का आयोजन इस वर्ष 16 से 20 जुलाई तक इटली के बारी शहर में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट विंबलडन के एक हफ्ते बाद आयोजित होगा। इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, ग्रीस, कनाडा और गत विजेता क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी।

हॉपमैन कप में हर टीम में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होता है। प्रत्येक टाई में एक पुरुष एकल, एक महिला एकल और एक मिश्रित युगल मैच खेला जाता है। यह टूर्नामेंट एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक प्रदान नहीं करता। मेजबान इटली की ओर से जैस्मिन पाओलिनी और फ्लावियो कोबोली खेलेंगे। अन्य देशों की टीमों की घोषणा अभी नहीं हुई है। पाओलिनी पिछले साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन की महिला एकल उपविजेता रही थीं और उन्होंने पेरिस ओलंपिक में सारा एरानी के साथ महिला युगल का स्वर्ण पदक भी जीता था। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज हैरी हॉपमैन के नाम पर शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 1989 से 2020 तक लगातार खेला गया। 2023 में इसे फ्रांस में दोबारा शुरू किया गया था, जहां क्रोएशिया के डोना वेकिक और बोर्ना चोरिच की जोड़ी ने खिताब जीता था। करीब तीन दशक तक यह टूर्नामेंट पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) में नए साल की शुरूआत में आयोजित होता रहा। पिछले साल यह टूर्नामेंट फ्रांस के नीस में होना था, लेकिन ओलंपिक के नजदीक होने के चलते इसे रद्द कर दिया गया था। बारी में इसका आयोजन इटली के व्यस्त टेनिस कैलेंडर में एक और आयोजन को जोड़ता है, जहां मई में इटालियन ओपन, और नवंबर में एटीपी फाइनल्स व डेविस कप फाइनल्स भी आयोजित होते हैं।

# हैदराबाद पर मिली जीत के बाद केकेआर के उपकप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा-सकारात्मक लेकिन सही इरादे दिखाना जरूरी

कोलकाता, (एजेंसी) : कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने टाटा आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर मिली 80 रनों की धमाकेदार जीत के बाद टीम के प्रदर्शन पर विस्तार से बात की। उन्होंने मैच की स्थितियों को पढ़ने और उसी के अनुसार ढलने के महत्व को रेखांकित किया।

अय्यर ने 29 गेंदों में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे केकेआर ने ईडन गार्डन्स में पिछले सीजन के फाइनल की पुनरावृत्ति में 200 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

अय्यर ने मैच के बाद कहा, ₹आक्रामकता का एक मूल लेकिन महत्वपूर्ण अर्थ है सकारात्मक लेकिन सही इरादा दिखाना, अगर हमारी टीम 50 पर 6 है और मैं तब भी हर गेंद को हिट करने जाऊं, तो वह भले ही सकारात्मक लगे, लेकिन सही नहीं है। स्मार्ट क्रिकेटर कहलाने के लिए जरूरी है कि हम स्थिति को समझें और फिर प्रतिक्रिया दें।



अय्यर ने स्पष्ट किया कि केकेआर के लिए आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर बाउंड्री मारना नहीं है। आक्रामकता का अर्थ है परिस्थितियों को समझना और उन्हें अपने पक्ष में कैसे मोड़ा जाए, यह जानना।

उन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा बल्लेबाज अंकृष रघुवंशी की भी सराहना की, जिनकी सलाह ने उन्हें पिच को बेहतर ढंग से समझने में मदद की। रहाणे और अय्यर ने 51 गेंदों में 81 रनों की साझेदारी की, जिसमें रहाणे ने 38 रन बनाए और रघुवंशी ने अर्धशतक जमाया।

अय्यर ने कहा, टाइमआउट के दौरान मुख्य बातचीत अजिंक्य और अंकृष द्वारा की गई। उन्होंने यह समझाया कि यह पिच इतनी आसान नहीं है कि आते ही हिटिंग शुरू कर दें। आपको थोड़ा समय लेना होगा।

केकेआर की बल्लेबाजी रणनीति में अय्यर और रिंकू सिंह ने आधार तैयार किया, जिसके बाद अंतिम ओवरों में आक्रमण की योजना थी।

अय्यर ने कहा, मेरे पास यह लग्जरी है कि हमारे पास रिंकू, रमनदीप और रसेल जैसे बल्लेबाज हैं। अगर मैं कुछ गेंदें लेता हूं, तो भी हम उसे कवर कर सकते हैं। हमारे पास एक इंजन रूम है जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकता है।

एसआरएच की अत्यधिक आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति पर बात करते हुए, जिसे केकेआर के गेंदबाजों झ्र विशेषकर वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती (तीन-तीन विकेट) झ्र ने धराशायी कर दिया, अय्यर ने कहा, ₹एसआरएच के खिलाफ कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं लगता। जब कोई टीम बेहद आक्रामक होती है, तो उसके विकेट जल्दी गिरने का जोखिम भी अधिक होता है, और हमने इसी का फायदा उठाया।

अंत में अय्यर ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा, ₹मेरे अंदर का क्रिकेट फैन बहुत खुश है कि शमी भाई फिर से पूरी रफ्तार में दौड़ रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्हें खेलना बेहद चुनौतीपूर्ण था, और टी20 में तो अगर गेंदबाज गलती करे, तो वह आसानी से बाउंड्री बन सकती है।

## अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप-2025 के टीम का चयन शनिवार को



मुरादाबाद, (एजेंसी) : जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने शुक्रवार को बताया कि 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक कानपुर में अंडर-20 पुरुष अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रदेश के सभी 18 मण्डलों की टीमें प्रीतिभाग करेंगी। इस प्रतियोगिता हेतु मुरादाबाद मण्डल की टीम का चयन 5 अप्रैल (शनिवार) दोपहर 2 बजे मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर किया जायेगा, उक्त प्रीतियोगिता में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है जिसकी आयु 1 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2008 के मध्य की हो तथा जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम, नगर पंचायत द्वारा जन्म के एक वर्ष के भीतर जारी किया गया हो,उक्त प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है जो आपने मण्डल से अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन से पंजीकृत हो। अधिक जानकारी के लिए सहायक सचिव आमिर मिर्जा, व सुरेंदर पाल सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

## यूपी चैंलेजर ट्रॉफी में खेलेंगे प्रयागराज के चार क्रिकेटर



प्रयागराज, (एजेंसी) :कानपुर में 12 से 13 अप्रैल को होने वाली रमा मिश्रा यूपी वेटरन चैंलेजर ट्रॉफी के लिए प्रयागराज के चार खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश पश्चिम (यूपी ईस्ट) टीम में चयन किया गया है।इलाहाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ताहिर हसन ने शुक्रवार को बताया कि शिवाकांत शुक्ला, सुशील ओझा, विनीत सिंह और उदय प्रताप सिंह को टीम में जगह मिली है। सभी को 11 अप्रैल को अपने मूल आधार कार्ड के साथ कानपुर के होटल ग्रैंड प्लाजा में शाम छह बजे रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

## हीरो हॉकी इंडिया लीग ने भारत में 4.1 करोड़ से अधिक दर्शकों को किया आकर्षित

नई दिल्ली, (एजेंसी) :हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024झ्र25 की बहुप्रतीक्षित वापसी ने भारतीय हॉकी में एक नया अध्याय जोड़ते हुए देशभर में खेल के प्रति जुनून को फिर से जीवंत कर दिया है। सात साल के अंतराल के बाद पुरुषों की लीग की वापसी और पहली बार महिला लीग की शुरूआत ने इस संस्करण को ऐतिहासिक बना दिया। लीग की रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या और डिजिटल प्रभाव इस बात का प्रमाण हैं कि हॉकी आज भी लाखों भारतीयों के दिलों की धड़कन बनी हुई है।

हीरो एचआईएल 2024झ्र25 ने उम्मीदों से कहीं बढ़कर प्रदर्शन किया है। इस बार कुल 4.08 करोड़ दर्शकों तक पहुंच दर्ज की गई, जो एचआईएल 2017 के 2.75 करोड़ दर्शकों की तुलना में 48 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि है। पुरुषों का फाइनल मुकाबला अकेले 30.7 लाख दर्शकों ने देखा, जबकि महिलाओं का सबसे लोकप्रिय मैच 29.2 लाख दर्शकों तक पहुंचा। भारत के अलावा 18 हॉकी खेलने वाले देशों में 50 लाख से अधिक दर्शकों ने टीवी और ओटीटी के माध्यम से लीग का आनंद लिया।

इस बार लीग ने परंपरागत दर्शक वर्ग के अंतर को भी तोड़ा है। सामान्यतः पुरुष और महिला खेलों के दर्शकों में छह गुना तक का अंतर देखने को मिलता है, लेकिन हीरो एचआईएल ने इस सोच को बदल दिया। कई मौकों पर महिला मुकाबलों को भी पुरुष मुकाबलों के समान दर्शक मिले। 44 पुरुष मुकाबलों को 3.29 करोड़ दर्शकों (2.35 करोड़ टीवी पर और 94 लाख ओटीटी पर) ने देखा, वहीं 13 महिला मुकाबलों को 1.51 करोड़ दर्शकों (1.05 करोड़ टीवी पर और 45.9 लाख ओटीटी पर) ने देखा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, ह्लहीरो एचआईएल 2024झ्र25 की सफलता भारत में हॉकी के प्रति गहरे प्रेम का प्रतीक है। प्रशंसकों, ब्रांडों और प्रसारकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया लीग की अपार संभावनाओं को दशार्ती है। हम भविष्य में भी भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सिर्फ टीवी और स्ट्रीमिंग ही नहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी एचआईएल की गूंज सुनाई दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हॉकी इंडिया के 3,000 से अधिक पोस्ट्स पर 1 अरब से अधिक व्यूज दर्ज किए गए, जो एक सक्रिय और जीवंत हॉकी समुदाय का प्रमाण है।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने जारी किया शेड्यूल, फाइनल 30 अप्रैल को

गुरुग्राम, (एजेंसी) : गुरुग्राम में 18 अप्रैल से शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है, जिसकी शुरूआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल 28 अप्रैल तो महिला वर्ग के सेमीफाइनल 29 अप्रैल को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का समापन 30 अप्रैल को पुरुषों और महिलाओं दोनों के फाइनल के साथ होगा।

जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरियाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपड्र्स के बीच खेला जाना तय है। महिला मुकाबलों की शुरूआत 19 अप्रैल से होगी, जहां दिन की पहली भिड़ंत मराठी फाल्कन्स और तेलुगु चीतास के बीच देखने को मिलेगी। अन्य मुकाबले पंजाबी टाइग्रेस बनाम भोजपुरी लेपर्डेस और हरयाणवी ईगल्स बनाम तमिल लायनेस के बीच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट के शेड्यूल की घोषणा करते हुए होलिस्टिक



इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) की अध्यक्ष कांति डी. सुरेश ने कहा कि, ₹पुरुष और महिला दोनों ही टीमों के समायोजन वाले इस टूर्नामेंट के शेड्यूल तैयार करना एक अलग ही भावना है। यह मंच लैंगिक समानता सुनिश्चित करता है। एक खेल प्रतिनिधि और महिला होने के नाते यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह एक शानदार शुरूआत है और मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी यह यात्रा बहुत दूर तक जाने वाली है।₹ यह लीग कबड्डी के क्षेत्र में सर्वोच्चता का प्रतीक होगी। इसका प्रारूप इस तरह से तैयार किया गया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग टीमें विजेता बनेंगी, लेकिन केवल एक ही टीम को यह भव्य चैंपियनशिप ट्रॉफी उठाने का गौरव प्राप्त होगा।

जीआईपीकेएल के पहले सीजन में कुल 6 पुरुष और 6 महिला टीमें भाग लेंगी, जिसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। इन टीमों के नाम क्षेत्रीय पहचान को दशार्ने के लिहाज से किया गया है। लीग स्टेज 27 अप्रैल तक चलेगी, जिसके बाद नॉकआउट राउंड शुरू होगा। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल 28 अप्रैल तो महिला वर्ग के सेमीफाइनल 29 अप्रैल को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का समापन 30 अप्रैल को पुरुषों और महिलाओं दोनों के फाइनल के साथ होगा।

महिला टीमें व उनके कप्तान

हरियाणवी ईगल्सः पुष्पा राणा

भोजपुरी लेपडेर्सः मीना काद्यान

मराठी फाल्कन्सः तनु शर्मा

पंजाबी टाइग्रेसः मीरा

तेलुगु चीताः जूली भाटी

तमिल लायनेसः सुमन

पुरुष टीमें व उनके कप्तान


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water and Sanitation Mechanical Division, Dhanbad**

**Short Notice Inviting e-Quotation**

**Notice No:-01/2025-26**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for "Material" **Supply Installation, Testing and Commissioning of Different Types of Pump-Motor, Pannel and its allied Works at Rural Water Supply Scheme at Sihodih, Aura , Beko and Patrodih** Works pertaining to drinking water supply from Reputed Manufacturers/Authorized Dealers for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. Details and list of materials are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 05.04.2025 at 02:30 hrs. to 11.04.2025 at 05:00 hrs. The quotation will be opened on 12.04.2025 at 02:00Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication:-**

Office of the Executive Engineer

Drinking Water & Sanitation Mechanical Division,Dhanbad.

Address : Near Kumar Fuels Opp. Water Tower Dhansar, Dhanbad- 828106.

Landline No : 0326-2308988

e-mail ID :ee.mechdivisiondhanbad003@gmail.com.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division**
**Dhanbad.**

**PR 349741 Drinking Water and Sanitation(25-26).D**


# आईएसएल-दूसरे सेमीफाइनल का पहला मैच: मोहन बागान को पटकनी देकर जमशेदपुर ने बढ़त बनाई

जमशेदपुर, (एजेंसी) :जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार रात उलटफेर भरी जीत हासिल कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे डबल-लेग सेमीफाइनल में लीग शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट्स 1-0 की बढ़त बनी ली है।मेजबान टीम जमशेदपुर एफसी ने अपने घरेलू मैदान जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए आईएसएल 2024-25 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में फेवरेट मोहन बागान सुपर जायंट पर 2-1 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। रेड माइनर्स की शानदार जीत में स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने 24वें और कप्तान व स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर हावी हर्नांडेज ने 90+1वें मिनट में गोल किए।

मेजबान टीम के कप्तान हावी हर्नांडेज को निर्णायक गोल करने और पूरे समय मैदान पर मशक्कत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

जमशेदपुर की अप्रत्याशित जीत से मुख्य कोच खालिद जमील निश्चित तौर पर प्रसन्न होंगे, क्योंकि साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उनकी टीम पर दबाव कम होगा। वहीं, जीत की दावेदार होने के बावजूद मोहन बागान सुपर जायंट की इस हार से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना जरूर निराश होंगे, क्योंकि उनकी टीम को अपने घर पर बेहतर गोल अंतर के साथ जीत हर हाल में हासिल करनी पड़ेगी।




मैच का पहला गोल 24वें मिनट में आया, जब स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने जमशेदपुर एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। अटैकिंग थर्ड पर बायीं तरफ टच-लाइन से थ्रो-इन पर लेफ्ट-बैक मोहम्मद ओवैस ने गेंद को बॉक्स के अंदर फेंका, जिस पर नियर पोस्ट से नाइजीरियाई सेंटर-बैक स्टीफन ने हैडर से गेंद को फ्लिक करके फार पोस्ट की तरफ पहुंचा, जहां छह गज के खतरनाक इलाके में मौजूद सिवेरियो ने सटीक हैडर लगाया और गेंद टिप्पा खाकर राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में जा उलझी जबकि मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ के पास बचाव का कोई मौका नहीं था।37वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स ने फ्री-किक पर शानदार गोल करके मोहन बागान सुपर जायंट को 1-1 की बराबरी दिला दी। अटैकिंग थर्ड पर मिली फ्री-किक पर जैसन ने लगभग 35 गज की दूरी से करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि जमशेदपुर एफसी के गोलकीपर एल्बिनो गोम्स अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव करने में विफल रहे।

चार मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान 90+1वें मिनट में मेजबान टीम के कप्तान व स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर हावी हर्नांडेज ने गोल करके जमशेदपुर एफसी को फिर से बढ़त दिलाते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। एक जवाबी हमले के दौरान स्थानापन्न विंगर रित्विक दास ने बायीं तरफ बॉक्स के बाहर से गेंद को माइनस करके सेंटर किया, जहां पीछे से दौड़ कर बॉक्स के अंदर पहुंचे कप्तान हर्नांडेज ने पहले ही टच पर करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर विशाल कैथ ने अपने बायीं तरफ डाइव लगाकर बचाव करने की कोशिश जरूर की लेकिन नाकाम हुए।

पहला हाफ बराबरी के मुकाबले वाला रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो के गोल से बढ़त बनाई जबकि मोहन बागान सुपर जायंट ने ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की।लिहाजा, दोनों टीमें 1-1 की बराबरी के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गईं। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण मोहन बागान सुपर जायंट का 74 फीसदी रहा। उसकी ओर से तीन प्रयास किए गए, जिनमें से एक शॉट टारगेट पर रहा और उसी पर गोल आया। वहीं, गेंद पर 26 फीसदी कब्जा रखने वाले रेड माइनर्स ने चार प्रयास किए जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर रखे और एक पर गोल आया।

दूसरे हाफ में जमशेदपुर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कप्तान व स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर हावी हर्नांडेज ने 90+1वें मिनट में गोल कर जमशेदपुर को 2-1 की बढ़त दिलाई और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।


**समादेष्टा का कार्यालय, आई०आर०बी०–01, जामताड़ा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समादेष्टा कार्यालय/पोस्ट–पिकेट में दैनिक प्रयोग में आने वाले साफ–सफाई, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक्स एवं कार्यालय कार्य में लाये जाने वाली अन्य आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता है, जिसकी सूची समादेष्टा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। आपूर्ति कार्य हेतु इच्छुक प्रतिठान/फार्म लिफाफा बंद निविदा आमंत्रण की जाती है। इच्छुक निविदा दाता दिनांक 12.04.2025 से 19.04.2025 तक के निर्धारित समय–सीमा के अंदर कार्यालय अवधि में बंद लिफाफे में निविदा समादेष्टा आई0आर0बी0–01, जामताड़ा के गोपनीय कार्यालय में स्वतः या दूत के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। प्राप्त मुहरबंद निविदा दिनांक 20.04.2025......05:00 बजे अपराहण को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इस समय निविदा दाता उपस्थित होना आवश्यक है। आपकी अनुपस्थिति में यह माना जायेगा कि आपकी अनुपस्थिति में निविदा खोलने से आपका कोई आपत्ति नहीं है।

**नियम और शर्ते :–**

1. जी0एस0टी0 की निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य।
2. आपूर्तिकर्ता की वार्षिक रिर्टन फाईल की छायाप्रति साथ संलग्न कराना अनिवार्य।
3. न्युनतम दर अनुमोदित होने वाले निविदा दाता अनुमोदित गुणवत्ता के अनुसार ही सामग्रियों की आपूर्ति करेंगे एवं सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय में करेंगे।
4. न्यूनतम दर के आलोक में स्वीकृत होने वाले निविदा दाता से कार्यालय में दिखाये गये नमूने के अनुसार ही सामानों की आपूर्ति करनी होगी तथा सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अल्प अवधि में समादेष्टा कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
5. सफल निविदा दाता को स–समय एवं गुणवत्ता के अनुरूप सामग्रियों की आपूर्ति समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–01, जामताड़ा में करना होगा।
6. स्वीकृत दर पर एक से अधिक निविदा दाता सामग्रियों की आपूर्ति लेने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7. सामग्री क्रय का निर्णय अच्छी गुणवत्ता के आधार पर किया जायेगा।
8. विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने या संशोधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**समादेष्टा**
**आई0आर0बी0–01, जामताड़ा।**

**PR.NO.349692 Police(25-26):D**

**संक्षिप्त खबरें**

## नांदेड़ जिले में ट्रैक्टर कुएं में गिरा, आठ महिला मजदूरों की मौत, तीन घायल



मुंबई,(एजेंसी):नांदेड़ जिले में स्थित अलेगांव शिवरा में शुक्रवार को सुबह मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर अचानक कुएं में गिर गया, जिससे आठ महिला मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में तीन मजदूर घायल हो गए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नांदेड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य कर रही है।

राजस्व विभाग के सूत्रों के अनुसार हिंगोली जिले के वासमत तहसील के गुंज निवासी मजदूर आज सुबह नांदेड़ जिले के अलेगांव शिवरा में दगडू शिंदे के खेत में हल्दी काटने का काम करने ट्रैक्टर से जा रहे थे। अलेगांव शिवरा में पहुंचते ही अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नांदेड़ पुलिस गांव वालों के साथ मौके पर पहुंची और पंप लगाकर कुएं का पानी निकाला जा रहा है। इस घटना में ताराबाई जाधव, धारुप्ता जाधव, मीना राउत, ज्योति सरोदे, चौथराबाई पारधे, सरसपति भुरद, सिमरन कांबले और एक अन्य की मौत हो गई है।

इसके अलावा पुरुभाबाई कांबले, पार्वती बुरड और सतवाजी जाधव को बचा लिया गया है और तीनों का इलाज नजदीकी अस्पताल में जारी है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

## ईडी का रांची समेत देशभर में 21 जगह छापा, झारखंड में 'मुर्दों के इलाज' पर आयुष्मान भारत योजना में लूट का खुलेगा राज




रांची, (एजेंसी):प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने आज सुबह झारखंड की राजधानी रांची समेत देशभर में एक साथ 21 स्थानों पर छापा मारा है।निदेशालय की इस बड़ी कार्रवाई से आयुष्मान भारत योजना में की गई गड़बड़ी का खुलासा होने की उम्मीद है। यह कार्रवाई सुबह से रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में चल रही है।

संसद में आयुष्मान भारत योजना पर पेश की चुकी भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड में तमाम तरह की धांधली हुई है। इसमें हैरानी जताते हुए यह तक दावा किया गया है कि 'मुर्दों का इलाज' कर दिया गया। इस रहस्योद्घाटन पर ईडी ने जांच शुरू की। ईडी ने स्वास्थ्य विभाग और झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी से 'ऐसा करने' वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी।

स्वास्थ्य विभाग ने कुछ अस्पतालों के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी की सूचना भेजी। ईडी ने इस प्राथमिकी को आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तौर पर दर्ज कर बड़ा एक्शन शुरू किया है। ईडी ने झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल में दो, उत्तर प्रदेश में एक और दिल्ली में भी छापा मारा है।

## अलविदा 'भारत कुमार', नहीं रहे मशहूर अभिनेता मनोज कुमार, प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया




मुंबई, (एजेंसी): मशहूर फिल्म अभिनेता और दिग्गज निर्देशक मनोज कुमार (87) नहीं रहे। उन्होंने यहां के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली। सारा देश उन्हें उनकी देशभक्ति फिल्मों के लिए जानता है। लोग उन्हें सम्मान से 'भारत कुमार' कहते हैं। हरदिल अजीज अभिनेता के निधन से फिल्म उद्योग ही नहीं सारा देश गहरे सदमे में है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्हें भर्ती कराया था। वह आज सुबह 3:30 बजे दुनिया को अलविदा कह गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनोज कुमार के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, '' महान अभिनेता और फिल्मकार श्री मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें खास तौर पर उनकी देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाता था, जो उनकी फिल्मों में भी झलकता था। मनोज जी के कामों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और वे पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।''फिल्म निमार्ता अशोक पंडित ने कहा,'' दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित, हमारे प्रेरणास्त्रोत और भारतीय फिल्म उद्योग के 'शेर' मनोज कुमार जी अब हमारे बीच नहीं रहे। यह फिल्म उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है और पूरी इंडस्ट्री उन्हें याद करेगी।'' मनोज कुमार का असल नाम हरिकिशन गिरि गोस्वामी था। उनका जन्म 24 जुलाई 1937 को ऐबटाबाद में हुआ। देश के बंटवारे के बाद ऐबटाबाद पाकिस्तान का हिस्सा बना।मनोज के माता-पिता ने भारत को चुना और दिल्ली आ गए। मनोज कुमार ने बंटवारे के दर्द को अपनी आंखों से देखा है। बचपन से ही उन्हें अभिनय का शौक रहा। वह अशोक कुमार, दिलीप कुमार और कामिनी कौशल के बहुत बड़े प्रशंसक रहे।वह कालेज के दिनों में रंगमच से जुड़ गए और एक दिन दिल्ली से मुंबई पहुंच गए। उन्होंने अभिनय की शुरूआत 1957 में आई फिल्म 'फैशन' से की। इसके बाद 1960 में उनकी फिल्म 'कांच की गुड़िया' रिलीज हुई। इस फिल्म में उनकी नायक की भूमिका को लोगों ने सराहा। मनोज कुमार ने उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी और क्रांति जैसी कमाल की फिल्में दीं।

# जामनगर में दुर्घटनाग्रस्त जगुआर के बलिदानी फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ पंचतत्व में विलीन



रेवाड़ी, (एजेंसी):गुजरात में एयरफोर्स का जगुआर फाइटर हादसे में बलिदानी फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का शुक्रवार को उनके पैतृक गांव भालखी माजरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके पिता सुशील यादव ने बेटे की चिता को मुखाग्नि दी।

शुक्रवार को बलिदानी फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का पार्थिव शरीर रेवाड़ी पहुंचा। सबसे पहले शव को सेक्टर-18 स्थित उनके घर पर ले जाया गया, जहां परिजनों और स्थानीय लोगों ने अंतिम दर्शन किए। इस दौरान माता सुशीला यादव और बहन खुशी रोती रहीं। रोते हुए ही मां सुशीला ने कहा कि मुझे अपने बेटे पर गर्व है। मैं देश की हर मां से कहना चाहती हूं कि वे अपने बेटों को देशसेवा के लिए सेना में भेजें। मुझे उसको जन्म देने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा परिवार सेना में था, ये जानते हुए भी मैंने उसे सेना में भेजा। मुझे उसकी शहादत पर गर्व है। इस मौके पर एयरफोर्स जवानों ने मां को सिद्धार्थ की फोटो देकर टोपी सौंपी। इसके बाद गांव में अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम विदाई के दौरान एयरफोर्स की टुकड़ी ने हथियार उल्टे किये और फायर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दरअसल, बुधवार को गुजरात के जामनगर एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरने के बाद में जगुआर फाइटर क्रैश हो गया था। इस हादसे में पायलट सिद्धार्थ यादव की मौत हो गई। सिद्धार्थ ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा पास करने के बाद तीन साल के कठिन प्रशिक्षण के बाद वायुसेना में फाइटर पायलट बने। दो साल पहले उन्हें प्रोमोशन मिला था, जिसके बाद वह फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर पहुंचे। सिद्धार्थ की 23 मार्च को सगाई हुई थी और 2 नवंबर को उनकी शादी होने वाली थी।

## दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का निधन, फिल्म इंडस्ट्री सदमे में

नई दिल्ली, (एजेंसी): दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। फिल्म निर्देशक और अभिनेता मनोज कुमार अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 87 वर्ष की आयु में मुंबई के धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने उपकार और क्रांति समेत कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने निर्देशन भी किया। इसी कारण उन्हें भारत कुमार भी कहा जाता था। उनकी फिल्मों के गाने आज भी लोगों को याद हैं। मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती.... गीत के बिना 15 अगस्त और 26 जनवरी के दो राष्ट्रीय त्योहार नहीं मनाए जाते। मनोज कुमार के निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री सदमे में आ गई है।

मनोज कुमार ने पिछले कई सालों से फिल्मों में काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने 'सहारा', 'हनीमून', 'ईस्ट एंड वेस्ट', 'लिसन टू माई वॉइस', 'नसीब', 'नीलकमल', 'पत्थर के सनम' जैसी कई फिल्मों में काम किया था। मनोज कुमार को राष्ट्रीय पुरस्कार, पद्म श्री पुरस्कार और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। उनकी मौत की खबर से फिल्म इंडस्ट्री हिल गई है। उनकी कई फिल्मों में देशभक्ति के महत्व पर जोर दिया गया। इसीलिए लोग उन्हें भारत कुमार कहने लगे। उन्हें यह नाम बहुत पसंद आया और उन्होंने जीवन भर इसे अपनाया। फिल्म रोटी कपड़ा और मकान में भी उनका रोल काफी पॉपुलर रहा था। साथ ही उन पर फिल्माए गए कई गाने आज भी लोगों को याद हैं। उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म क्रांति में काम किया। फिल्म में हेमा मालिनी, शत्रुघ्न सिन्हा, शशि कपूर, परवीन बाबी, सारिका और प्रेम चोपड़ा सहित मजबूत स्टार कास्ट थी। यह फिल्म अपने गानों के कारण भी सुपरहिट रही। इस फिल्म का निर्देशन मनोज कुमार ने किया था। इसलिए उन्होंने इसमें मुख्य भूमिका भी निभाई।अभिनेता मनोज कुमार के निधन की खबर दुखद है। अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार हिंदी सिनेमा में एक आदर्श थे। वह अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उनके दिल में भी देशभक्ति थी। हम सदैव उनसे प्रेरित होते रहेंगे। मनोज कुमार के परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। यह सामग्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पोस्ट की गई है।मनोज कुमार ने 1957 में फिल्म फैशन से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। वहां से उन्होंने अगले 38 वर्षों तक यानि लगभग चार दशकों तक काम किया। उनकी आखिरी फिल्म मैदान ऐ जंग थी जो 1995 में आई थी।

## देशभक्ति की भावना जगाने वाला महान अभिनेता खो गया: मुख्यमंत्री फडणवीस



मुंबई, (एजेंसी): मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को दिग्गज नेता मनोज कुमार के निधन पर कहा कि देशभक्ति की भावना जागृत करने वाले महान अभिनेता को आज भारतीय सिनेमा जगत ने खो दिया। मुख्यमंत्री ने अपने शोकसंदेश में कहा कि मनोज कुमार ने फिल्मों के माध्यम से लोगों के मन में देशभक्ति और भारतीय सामाजिक जीवन का संचार किया और सही मायने में भारत कुमार नाम को सार्थक किया। वरिष्ठ अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार के निधन से भारतीय सिनेमा को अपूरणीय क्षति हुई है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोज कुमार को देश में फिल्म 'शहीद' में भगत सिंह का किरदार निभाने के बाद जाना गया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में कृषि जैसे विषयों को उठाया और 'मेरे देश की धरती' जैसे गीत आज भी हर स्वतंत्रता दिवस पर उसी गर्व के साथ सुने जाते हैं। 'पूरब और पश्चिम' जैसी उनकी फिल्मों ने वैश्विक स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए। उन्होंने 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों से सामाजिक मुद्दों को छुआ। उन्होंने उपकार और क्रांति जैसी कई फिल्मों को मशहूर बनाया। उन्होंने अपनी प्रत्येक कलाकृति के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का प्रयास किया।फडणवीस ने कहा कि भारतीय सिनेमा में उनका योगदान अमूल्य है और उनका स्थान कभी नहीं भरा जा सकेगा। मनोज कुमार ने निर्देशन, पटकथा-गीत लेखन और संपादन के क्षेत्र में भी काम किया। उन्होंने कई उभरते कलाकारों को अवसर दिये। उन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग को सशक्त बनाने का प्रयास किया। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके निधन से हिंदी सिनेमा ने एक वरिष्ठ कलाकार खो दिया है। हम उनके परिवारों और लाखों प्रशंसकों के दुःख में शामिल हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी अपने शोक संदेश में कहा है, मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले।

# नौसेना कमांडर आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे

**दो चरणों में होने वाले सम्मेलन में रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा**



नई दिल्ली, (एजेंसी):इस बार नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन दो चरणों में होगा, जिसमें महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआई) में 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता में भारतीय नौसेना के योगदान को बल मिलेगा। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि सम्मेलन का पहला चरण 05 अप्रैल को कारवार में और दूसरा चरण 07-10 अप्रैल तक नई दिल्ली में होगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के पहले चरण की शुरूआत से पहले 05 अप्रैल को कारवार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'हिंद महासागर जहाज सागर' को हरी झंडी दिखाएंगे। आईओएस सागर को हरी झंडी दिखाने के बाद रक्षा मंत्री प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत कई समुद्री अवसंरचनाओं और सहायता सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। उन्हें कारवार में सम्मेलन के पहले चरण के दौरान 'भारतीय नौसेना की ऑपरेशन तत्परता और भविष्य की संभावनाओं' से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का दूसरा चरण नई दिल्ली में होगा, जिसमें प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ और चीफ ऑफ एयर स्टाफ भी नौसेना कमांडरों के साथ तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए बातचीत करेंगे। नौसेना कमांडर विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव से संबंधित मुद्दों पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत के साथ भी बातचीत करेंगे।सम्मेलन के दौरान नौसेना के कमांडर आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नौसेना कमांडर तत्काल ध्यान दिए जाने तथा निर्णय लिए जाने योग्य महत्वपूर्ण परिचालन, प्रशासनिक और सामग्री संबंधी मुद्दों पर विचार करेंगे, जिससे भारतीय नौसेना को 'युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल' बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय जहाज आईएनएस सुनयना को नौ मित्र देशों कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया के साथ दक्षिण-पश्चिम आईओआर में तैनात किया जा रहा है।

# अनंत अंबानी की द्वारका पदयात्रा में शामिल हुए आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री



जामनगर,(एजेंसी): रिलायन्स ग्रुप के अनंत अंबानी की द्वारका पदयात्रा के 8वें दिन शुक्रवार को बागेश्वरधाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री भी जुड़े। शुक्रवार तड़के 5 बजे महादेवडिया गांव से यात्रा की शुरूआत हुई और खाड़ी के समीप पूरी हुई। अब शनिवार सुबह आगे यात्रा शुरू होगी।

रिलायंस ग्रुप के अनंत अंबानी भगवान द्वारकाधीश के धाम में 10 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाएंगे। इसके लिए वे जामनगर के रिलायंस टाउनशिप से 150 किलोमीटर दूरी पर स्थित द्वारका की यात्रा पर निकले हैं। रोजाना वे 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। शुक्रवार को अनंत अंबानी ने महादेवडिया गांव से अपनी यात्रा शुरू की। इनके साथ बागेश्वरधाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री भी यात्रा में शामिल हुए। धीरेन्द्र शास्त्री बगैर चप्पल ही नंगे पैर यात्रा से जुड़े। इस मौके पर शास्त्री ने मीडिया को बताया कि यह भक्ति और शक्ति की यात्रा है। मेरे परममित्र अनंत अंबानी द्वारकाधीश के चरणों में शीश नवाने जा रहे हैं। इनका तन निरोगी है, मन तंदरुस्त है और श्रद्धा से भरपूर है। मेरे तो वे खास मित्र हैं। मुझे बहुत ही गौरव है। मैं भी इनकी यात्रा में साथ जुड़ा हूं। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा से एक संदेश देना चाहता हूं कि हमें जमीन से जुड़ा रहना चाहिए। हम भले ही कितने भी बड़े हो जाए तो बिल्डिंग हवा में खड़ा नहीं रह सकता है। जमीन पर ही बिल्डिंग खड़ा रह सकता है। द्वारकाधीश अनंत अंबानी के साथ हैं। इस यात्रा में 200 ब्राह्मण भी पैदल चल रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग भजन-कीर्तन गाते चलते हैं। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों में अनंत अंबानी को देखने की भी ललक दिखाई दी।

## शिक्षक भर्ती घोटाले पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा, पश्चिम बंगाल को बताया- भ्रष्टाचार का गढ़

नई दिल्ली(एजेंसी): शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि बंगाल में जो हो रहा है, उससे सभी वाकिफ हैं। बंगाल की परिस्थिति, बंगाल का भ्रष्टाचार, बंगाल में दीदी की दादागिरी आज पूरे भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में लोग देख रहे हैं।

संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी और उनकी सरकार में बंगाल में जिस प्रकार खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, आज उसकी गाज लाखों लोगों पर पड़ी है। कल सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में हुए 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर निर्णय दिया है। लगभग 23-24 लाख आवेदकों ने बंगाल में टीचर और नॉन टीचिंग स्टाफ की पोस्ट के विज्ञापन के बाद उसके लिए आवेदन किया था और 2016 से 2021 के बीच लगभग 25,780 से अधिक टीचर और नॉन टीचिंग स्टाफ को नियुक्ति दी गई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें इतनी बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ था कि इस विषय को लेकर अनेक लोग कोर्ट में गए थे और उस समय बंगाल में इसे स्कूल भर्ती घोटाले के नाम से जाना गया। उन्होंने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर अपना फैसला सुनाया। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद बंगाल में शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पदों के लिए लगभग 2.3 से 2.4 मिलियन आवेदकों ने आवेदन किया। 2016 से 2021 के बीच 25,780 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति की गई।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित




नई दिल्ली, (एजेंसी): संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुनर्स्थापित किए गए तथा वक्फ संशोधन विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में आज सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही स्थगित कर दी।सोनिया गांधी की सरकार की आलोचना करने वाली टिप्पणियों लेकर पर सत्ता पक्ष के विरोध के बीच यह फैसला लिया गया। दोपहर 12 बजे सत्र के फिर से शुरू होने के बाद विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। शोरगुल के बीच बिरला ने इस सत्र में संसदीय चर्चा में आए प्रमुख निर्णयों की घोषणा की और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

18वीं लोकसभा के चौथे सत्र के समापन पर स्पीकर बिरला ने कहा कि अब हम 18वीं लोकसभा के चौथे सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। यह सत्र 31 जनवरी को आरंभ हुआ था। इस सत्र में हमने 26 बैठकें की तथा कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा पर 173 सदस्यों ने भागीदारी की, इसी प्रकार केन्द्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुनर्स्थापित किए गए तथा वक्फ संशोधन विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किए गए। 3 अप्रैल को शून्यकाल में 202 सदस्यों ने लोक महत्व के विषय सदन में उठाए, जो अभी तक किसी भी लोकसभा के लिए एक दिन में शून्य काल के दौरान उठाए जाने वाले विषयों का रिकॉर्ड है। बिरला ने सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल साथियों, प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और सदस्यों, लोकसभा सचिवालय के महासचिव और सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं सम्बद्ध एजेंसियों का धन्यवाद किया।

# बीसीसीएल के ठेका मजदूरों ने किया प्रदर्शन

## 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया




नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : बीसीसीएल के पाथरडीह कोलवाशरी स्थित मिवान स्टील और मोनेट कोलवाशरी में कार्यरत ठेका मजदूरों ने शुक्रवार को कोलवाशरी गेट के बाहर प्रदर्शन किया और 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दी। उनकी मांगों में एचपीसी के तहत वेतन भुगतान, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देना और अन्य शामिल हैं। बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव सबूर गोराई ने कहा है कि बीसीसीएल प्रबंधन और मोनेट वाशरी प्रबंधन के साथ कई बार वार्ता हुई, लेकिन प्रबंधन ने मजदूरों के साथ वादा खिलाफी की है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबंधन मजदूरों की 11 सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करता है, तो 12 अप्रैल से मजदूर अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इससे पहले, टाटा स्टील विजय टू खदान के मजदूरों ने भी अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आनिश्चितकालीन चक्का जाम किया था। बीसीकेयू के शाखा अध्यक्ष कृष्ण बालव पासवान ने पाथरडीह वाशरी में वर्षों से लाखों टन सैलेरी और रिजेक्ट के पड़े होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह सामग्री बर्बाद हो रही है, लेकिन प्रबंधन इसे बेचने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है, जिससे कंपनी को करोड़ों रुपये का लाभ हो सकता है। कहा कि प्रबंधन को मैनुअल लोडिंग कराकर ठेका मजदूरों को काम देना चाहिए, जिससे स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। यह कदम न केवल कंपनी के लिए लाभदायक होगा, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी फायदेमंद होगा। मौके पर सुरेश रवानी,धर्मेंद्र कुमार,पहलू रवानी,अमित कुमार दास,विजय कर्मकार,सुरेश महतो,दिल खुश राम,शक्ति मलिक,चंद्र देव मलिक,अशोक कुम्हार, निमाई मल्लिक,बलराम मल्लिक आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक चन्द्रदेव महतो ने छठ के पावन दिवस पर सूर्य मन्दिर में किया पूजा अर्चना



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

सिंदरी : लोक आस्था और सूर्य उषासना का महापर्व छठ के पावन दिवस पर विधायक चन्द्रदेव महतो ने आई एम टाइप सुर्य मन्दिर पहुंच कर पूजा अर्चना के साथ हवन किया। उन्होंने उगते हुए सुर्य के अर्ध्य अर्पित करते हुए सिन्दरीवासियो के सुख, शान्ति और समृध्दि के लिए प्रार्थना की। विधायक ने कहा कि आस्था का पर्व छठ सुख, शान्ति, समृध्दि के साथ पर्यावरण स्वच्छ रखने का महापर्व है। हमलोगो का कर्तव्य वनता है कि पर्यावरण को स्वच्छ रखे और आपसी सद्भाव, प्रेम और स्नेह के साथ एकजुटता वनाये रखे। सूर्य मन्दिर के मुख्य सेवक राजू सिंह ने छठ घाट के सौन्दर्यीकरण की बात विधायक के सामने रखे, जिस पर विधायक ने पुरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, राजू सिंह, विमल कुमार, गणेश प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद के साथ सैकडो श्रध्दालुओ ने उगते हुए सुर्य को नमन किया।

### विस्थापन विस्थापित संघर्ष मुक्ति मंच ने की बैठक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : विस्थापन विस्थापित संघर्ष मुक्ति मंच की बैठक शुक्रवार को आसनबनी गांव में विजय सोरेन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आसनबनी के अलावा सरिसाकुंडी और कालीपुर के ग्रामीण भी उपस्थित थे। आसनबनी मौजा में सेल टासरा द्वारा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। 7 अप्रैल सोमवार को बलियापुर अंचल कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अमित महतो, साहब राम मांझी, बलदेव हेंब्रम, विशाल सोरेन, बुधनी देवी, सुखलाल हेंब्रम, रवि मरांडी, उर्मिला देवी समेत की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पूर्वी झरिया क्षेत्र में कांटा घर के निर्माण को लेकर विवाद



#### रैयतों का दावा कंपनी ने उन्हें अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं दिया

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

भौरा : पूर्वी झरिया क्षेत्र में कांटा घर के निर्माण को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। भौरा एरिया के भू संपदा विभाग द्वारा डोजरिंग कराए जाने के बाद रैयत आशा हेंब्रम, मोतीलाल हेंब्रम, भरत माझी आदि ने समतली कार्य को रोक दिया। रैयतों ने दावा किया कि यह जमीन उनकी है और कंपनी ने उन्हें अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं दिया है। इस मामले में काफी हंगामा हुआ। रैयतों का आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे कंपनी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जमीन का मुआवजा दिए बिना वे काम नहीं होने देंगे। परियोजना पदाधिकारी बीके पांडे ने हस्तक्षेप किया और जमीन पर हक जमाने वालों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि शनिवार को क्षेत्रीय कार्यालय में जमीन के कागजात लेकर आने के बाद ही वार्ता होगी। यदि जमीन वास्तव में उनकी है, तो कंपनी मुआवजा देगी। इसके बाद काम बंद करने के बाद सभी लोग चले गए।

### थाना प्रभारी ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ की बैठक, शांति की अपील की

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : जोरापोखर थाना क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए एसएसपी के निर्देश के बाद थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा गंभीर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दस दिनों से दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठकें की हैं और शांति की अपील की है।रामनवमी के अखाड़ा प्रदर्शन के दौरान डिगवाडीह मस्जिद के पास से जुलुश गुजरने के दौरान तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसको लेकर पुलिस के हाथ पांव फूलने लगते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने डिगवाडीह अखाड़ा कमिटी और मस्जिद कमिटी के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने मस्जिद के निकट अखाड़ा जुलुश नहीं रोकने और मिल-जुलकर अखाड़ा निकालने का निर्णय लिया। झरिया सीओ मनोज कुमार और थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने क्षेत्र के सभी 13 अखाड़ा कमिटी के सदस्यों के साथ एक बैठक की। शाम को जोड़ापोखर क्षेत्र में जिले के एसएसपी के साथ शहरी, व ग्रामीण एसपी, एसडीपीओ सहित झरिया अंचल के सभी थानों की पुलिस ने क्षेत्र में वाहन से फ्लैग मार्च किया।

## सीआईएसएफ ने बरारी में अवैध कोयला के खिलाफ की छापेमारी में 500 बोरा कोयला किया जप्त



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : बरारी स्थित मोदीभिट्ठा के समीप सीआईएसएफ ने शुक्रवार को छापामारी कर 500 बोरा कोयला जप्त किया है। यह छापामारी अवैध कोयला खनन और तस्करी के खिलाफ की गई है। छापामारी में सीआईएसएफ ने बड़ी मात्रा में अवैध कोयला पकड़ा है, जो अवैध खनन और तस्करी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बताया जा रहा है कि बीते बुधवार को भी इस स्थल पर छापेमारी हुई थी। टीम ने मोदी भिट्ठा के पास से 500 बोरा कोयला जप्त किया है, जिसका भंडारण बागडीगी कोलियरी कोल डंप में किया गया है। इस क्षेत्र में अवैध खनन और तस्करी का यह पहला मामला नहीं है। पारबाद से लेकर लोदना तक फैला अवैध खनन का साम्राज्य चरम पर है। कोयला माफिया फर्जी जीएसटी इनवॉइस और ई-वे बिल के जरिए कोयला बिहार और बंगाल भेज रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि कोयला तो जप्त किया जाता है, लेकिन ना तो कोयला चोर पकड़ा जाता है और न ही कोयला तस्कर।

## पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अग्नि प्रभावित परिवारों को आवास आवंटन पत्र सौंपा



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने बस्ताकोला एरिया के राजापुर परियोजना के अग्नि प्रभावित क्षेत्र राजपुर रजवार बस्ती में रहने वाले 30 परिवारों को करमाटांड़ टाउनशिप सेक्टर 4 में आवास आवंटन पत्र सौंपा है। पूर्व विधायक के पहल पर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले इन लोगों को विस्थापन के तहत आवास आवंटन की गई है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो इन परिवारों को सुरक्षित और स्थिर जीवन प्रदान करेगा। इस योजना के तहत, रजवार बस्ती के 30 परिवारों को करमाटांड़ टाउनशिप सेक्टर 4 में आवास आवंटन पत्र सौंपे गए हैं। यह एक बड़ा कदम है जो इन परिवारों को अपने जीवन को फिर से बनाने में मदद करेगा। इस योजना के पीछे पूर्व विधायक की पहल सराहनीय है। उनके प्रयासों से इन परिवारों को एक नई जिंदगी मिलेगी।

## पाथरडीह में 9 दिवसीय श्रीश्री रामायण महायज्ञ का आयोजन

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : पाथरडीह हाट तल्ला नीचे धौड़ा स्थित श्री बजरंगबली मंदिर परिसर में आयोजित 9 दिवसीय श्री श्री रुद्र अवतार रामायण महायज्ञ के अवसर पर यज्ञ मंडप से शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा कलश जल यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह की पुत्री शताक्षी सिंह ने भी शिरकत की और भक्तों के साथ नारे लगाए। उन्होंने भगवान का माथा टेककर लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। यात्रा में 851 कलश माथे पर लिए कन्याएं और महिलाएं जय श्री राम, जय श्री हनुमान, जय महाकाल हरहर महादेव के नारे लगाते चल रही थीं।महायज्ञ में अयोध्या से पधारे आचार्य पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री व पाँच सहयोगी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए आगे आगे चल रहे थे। कलश जल यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए चासनाला, सुदामडीह दामोदर नदी के सूर्य मंदिर धाम घाट पहुँची। जहाँ आचार्य पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री व सहयोगी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरणी का रस्म अदा कराया। इसके बाद कलश में जल भरकर माथे पर लेकर कन्याएँ व महिलाए वापस यज्ञ मंडप पहुँची। जहाँ कलश स्थापित किया गया। शनिवार को यज्ञ मंडप पूजन,पञ्चाङ्ग पूजन, बेदी पूजन मंडप प्रवेश के साथ महायज्ञ प्रारम्भ होगा। महायज्ञ के दौरान वृन्दावन धाम से पधारी मानस माधुरी साध्वी लक्ष्मी नारायणी श्री राम कथा सुनाएंगी। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष साधन महतो, सपन बाउरी, चंडी मोदक, जगदीश आचार्या,सुरेश रवानी, विजय दे, अजित बाउरी, संतु दास, संजय रवानी, पवन बाउरी आदि कि योगदान रहा है।

## एसेट पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



#### विद्यार्थियों को अतिरिक्त कंप्यूटर कक्षा व फ्री ट्यूशन की सुविधा

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : एसेट पब्लिक स्कूल छोटा आम्बोना में शुक्रवार को कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय के एडमिन की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों ने भाग लिया।बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गर्मियों की छुट्टी के बाद, हर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया। कक्षा 9 के लिए, अप्रैल 2025 से सुबह के समय सारणी में कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मई महीने में विद्यालय के वाहन चालक और अभिभावकों के बीच एक बैठक आयोजित की जाएगी।विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के समय के बाद भी अतिरिक्त कंप्यूटर कक्षा दी जाएगी। कमजोर विद्यार्थियों के लिए फ्री ट्यूशन की व्यवस्था की जाएगी। पर्सनलिटी डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इंग्लिश बोलने पर खास ध्यान दिया जाएगा।विद्यालय के एडमिन विशाल मोदक ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर विद्यालय भेजें, ताकि उन्हें समय रहते सभी सिलेबस पूरा कराया जा सके। इस बैठक में विद्यालय के महानिर्देशक विश्वजीत भट्टाचार्य, प्रेमदीप चैटर्जी, डॉ उत्तम मंडल, और विद्यालय के संस्थापक मो अकबर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक में विद्यालय के एडमिन विशाल मोदक, मैनेजर साधन कुमार, शिक्षक आशीष कुमार,सुशांतचौबे,अंजान मुखर्जी, सचिन मोदक, नेपाल मुखर्जी, अरविंद महतो,रोहित मंडल पुष्पा कुमारी,मीतू योगी, पुष्पा महतो रिफत जहान, रूक्मणी, लक्ष्मी बाउरी, लक्ष्मी महतो,चंदा खातून, इशरत प्रवीण आदि मौजूद थे

## झरिया में हाई टेंशन तार के चपेट में आने से इंटरमीडिएट छात्रा झुलसी

#### एनएमएमसीएच धनबाद में रेफर,स्थिति गंभीर

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : झरिया थाना क्षेत्र के चिल्ड्रन पार्क मोड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। इलेक्ट्रिकल व्यवसाय काजल सेन की पुत्री राजलक्ष्मी सेन, जो एक इंटरमीडिएट छात्रा है, 16 हाई टेंशन तार के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया है। इलेक्ट्रिकल व्यवसाय काजल सेन की पुत्री राजलक्ष्मी सेन, जो एक इंटरमीडिएट छात्रा है, रामनवमी के लिए ध्वज का कच्चा बांस खरीद कर अपने छत्त पर चढ़ा रही थी। इस दौरान कच्चा बांस 420 वोल्ट के विद्युत तार के चपेट में आ गया, जिससे राजलक्ष्मी बुरी तरह से झुलस गई। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

## जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी के फंदे से लटककर की आत्महत्या



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना घटी है, जहां जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी निवासी सतनाम सिंह के 35 वर्षीय इकलौते पुत्र अमरजीत सिंह उर्फ सन्नी ने शुक्रवार की शाम अपने घर में फांसी के फंदे में लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक सन्नी के पिता सतनाम सिंह ने बताया कि सन्नी दोपहर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। लगभग चार बजे जब उसे चाय देने उसके कमरे में जगाने को दरवाजा खटखटाया गया, तो अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर परिजनों को संदेह हुआ। तब दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा कि सन्नी फांसी के फंदे में लटका हुआ था।परिजनों ने आनन-फानन में सन्नी को जामाडोबा टाटा मेन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने सन्नी को मृत घोषित कर दिया। सन्नी के परिवार में माता-पिता, पत्नी ट्विंकल कौर, एक माह का एक पुत्र, और दो विवाहित बहनें हैं। परिवार के लिए यह एक बड़ा सदमा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बलियापुर में रामनवमी के त्योहार को लेकर एसएसपी की अपील, शांति व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : बलियापुर में रामनवमी के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन और अन्य वरीय अधिकारी शुक्रवार को बलियापुर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और लोगों से अपील की कि वे त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सीटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी आशूतोष सत्यम के अलावा विधि व्यवस्था डीएसपी, ट्रैफिक डीएसपी आदि मौजूद थे।

## सिंदूरपुर पंचायत में रास्ते की समस्या को लेकर हुआ विवाद



पंचायत प्रतिनिधियों की शिकायत पर सीओ ने किया स्थल का निरीक्षण

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : सिंदूरपुर पंचायत के बड़ा तालाब पांडेयडीह तक जाने के लिए रास्ते की समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने बलियापुर के सीओ प्रवीण कुमार सिंह को लिखित शिकायत की थी। सीओ ने तत्काल स्थल का निरीक्षण कर गैराबाद भूमि होकर तालाब तक जाने के लिए रास्ते को चिन्हित किया था। शुक्रवार को सीओ द्वारा निर्देशित भूमि पर रास्ता तैयार करने के लिए पंचायत के ग्रामीण जेसीबी मशीन लेकर तालाब के पास पहुंचे। लेकिन पहाड़पुर गांव के कुछ लोगों ने उपरोक्त भूमि को अपना निजी जमीन बताते हुए रास्ता निर्माण हेतु जेसीबी मशीन से किए जा रहे कार्य पर रोक लगा दी। पहाड़पुर गांव के रामू महतो ने बलियापुर के सीओ को आवेदन देकर उपरोक्त भूमि को निजी जमीन बताया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि हाल खाता संख्या 416 प्लॉट संख्या 1542 जिसे उनके पूर्वज बिहारी महतो के नाम से जमीन होने का दावा किया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि उपरोक्त जमीन से संबंधित लगान रसीद 2012 तक कटा है। फिलहाल रास्ता निर्माण कार्य पर रोक लगने से तालाब तक जाने के लिए रास्ते की समस्या बनी हुई है।

## बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा




नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : आमटांड़ गांव में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई, जहां से लोग कलश लेकर बागजोबड़ा जोड़ियां पहुंचे। वहां पूजा अर्चना के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद, कलश यात्रा में शामिल लोग सिंगियाटांड़ समेत कई टोला का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर परिसर में पुजारी ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापना किया और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। यह आयोजन मंदिर के नवनिर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किया गया था। कलश यात्रा में भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा जिलाध्यक्षे घनश्याम ग्रोवर, उप प्रमुख आशा देवी, पूर्व मुखिया संजीत गोराई, सपन महतो समेत सैकड़ो लोग शामिल थे। वही बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह में वासंती नवरात्र के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु भाग लिया और गांव के विभिन्न टोला का भ्रमण करते हुए वासंती दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचे। वहां आदिशक्ति देवी दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मुखिया कल्पना गोराई भी उपस्थित थीं। क्षेत्र के मोको गांव में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चना आयोजित की गई। इस पूजा में गांव के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम था।

Page 12_Page 3.qxd 4/4/2025 11:02 PM Page 1



**संक्षिप्त खबर**

## कतरास में रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : रामनवमी को लेकर शुक्रवार को कतरास पुलिस के तत्वावधान में फ्लैग मार्च निकाला गया बाघमारा के अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो एवं कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया. अधिकारियों ने आम लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की. फ्लैग मार्च कतरास थाना से निकली शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पचगढ़ी मस्जिद पट्टी, गुहीबांध, कतरास बाजार भगत सिंह चौक, श्यामडीह,भटमुरना, छाताबाद, मलकेरा होते हुए कतरास थाना चौक पहुंची. फ्लैग मार्च में एसआई मनोज कुमार, एसआई सोनू कुमार, एसआई निर्भय कुमार, एसआई सत्येंद्र सिंह रामनाथ टुडू, बुधवा उरांव सहित भारी संख्या में जिला सशस्त्र बल शामिल थे.

## बीएसएल में अप्रेंटिस छात्र के मौत को लेकर महुदा में भी दिखा आक्रोश

**भाजपा, आजसू व जेएलकेएम कार्यकताओं ने किया सड़क जाम**





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : बोकारो स्टील प्लांट में विस्थापितों के द्वारा अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ रहे अप्रेंटिस संघ के प्रेम कुमार महतो की मौत के बाद आजसू पार्टी के द्वारा आहुत बोकारो बंद का असर शुक्रवार को धनबाद जिले की सीमा पर भी देखने को मिला. शुक्रवार प्रातः लगभग 6 बजे आजसू कार्यकर्ताओ ने तेलमच्चो पुल पर वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित कर दिया. आजसू कार्यकर्ता मृतक के आश्रित को नियोजन एवं मुआवजा की मांग के साथ साथ दोषियों पर कानूनी कारवाई करने की मांग कर रहे थे.

आजसू पार्टी के द्वारा आहुत बोकारो बंद का समर्थन भाजपा एवं जेएलकेएम के कार्यकर्ताओ ने आंदोलन में शामिल हुए. मौके पर आजसू के पीयूष चौधरी, करण महतो, सुभाष रवानी, संतोष कुमार महतो, हिरालाल महतो, गिरिधारी महतो, शिवा प्रसाद, नरेश महतो, नविन महतो, अमरेंद्र पासवान, रामप्रसाद महतो सहित जेएलकेएम के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## चैती छठ पर कतरी नदी घाट पर उदयीमान भगवान सूर्य को दिया अर्ध्य, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के अवसर पर कतरास सूर्य मंदिर स्थित कतरी नदी छठ घाट पर छठव्रतियों ने उदयीमान भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया. चैती छठ को लेकर कतरास कतरी नदी छठ घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी.

चैती छठ को लेकर कतरास सूर्य मंदिर कमेटी एवं धनबाद नगर निगम के द्वारा बड़े पैमाने पर छठ घाट को साफ सफाई के साथ-साथ सूर्य मंदिर को पूरी दुल्हन के तरह सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र बना था. छठवर्ती 36 घंटे के कड़े उपवास के बाद शुक्रवार को सुबह उदयीमान भगवान सूर्य को अर्ध्य देकर अपना उपवास तोड़ा. सूर्य मंदिर में छठ पर्व को लेकर पूजा पाठ का आयोजन किया गया था.

# रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से जिले भर में की गई सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

**दो हजार से भी ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती की गई , ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी निगरानी**







**एसएसपी एचपी जनार्दनन ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की**

**समाहरणालय से पूरे जिले में निकाली गयी फ्लैग मार्च**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता के इंतजाम किया हैं. त्योहार में किसी प्रकार से खलल ना पड़े इसका खास ध्यान रखा जा रहा है. सुरक्षा की दृष्टि से जिले में रामनवमी को देखते हुए दो हजार से भी ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है.

जिले भर में चिन्हित 90 संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त बल के साथ सादे लिबास में भी पुलिस की तैनाती की गई है. इसके अलावा रामनवमी जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की व्यवस्था की गई है.

एसएसपी एचपी जनार्दनन ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर बनी हुई है.किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश किया तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने की मंशा रखने वाले लोगों को भी चेतावनी देते हुए सावधान रहने को कहा है.फेसबुक, ट्विटर एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सअप ग्रुप पर भी पुलिस की मीडिया सेल कड़ी निगरानी रख रही है.इसके अलावा एसएसपी ने सभी अखाड़ा समितियों को निर्देशित करते हुए साफ शब्दों में कहा कि कोई भी अखाडा दल जुलूस के निर्धारित मार्ग में परिवर्तन नही करे. उन्होंने डीजे नहीं बजाने के साथ जुलूस के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी है. अनुशासनहीनता करने और शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की भी बात कही गई.

समाहरणालय से निकलकर फ्लैग मार्च मेमको मोड़, सिटी सेंटर, बेकारबाँध, पूजा टाकीज रोड, नया बाजार, बैंक मोड़, धनसार, भगतडीह, झरिया थाना मोड़, इंदिरा चौक, लोदना, फूसबंगला, जोरापोखर, डिगवाडीह, पाथरडीह, सुदामडीह, गौशाला मोड़, सिंदरी, कालीघाट, बलियापुर, कालूबथान, चिरकुंडा, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, निरसा, गोविंदपुर, सरायढेला, स्टील गेट, पुलिस लाइन, हीरापुर होकर गुजरा. फ्लैग मार्च के दौरान डीडीसी सादात अनवर, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, एडीएम विधि व्यवस्था पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला के साथ कई अंचल निरीक्षक, विभिन्न थाना के प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे.

## जेल आईजी सुबह-सुबह धनबाद जेल पहुंचकर तीन घंटे तक किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा जांच संतोषजनक**

**आबादी के बीच सुरक्षा के दृष्टिकोण से जेल सुरक्षित नहीं : सुदर्शन मंडल**







**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : जेल आईजी सुदर्शन मंडल आज सुबह धनबाद जेल पहुंचकर तीन घंटे तक निरीक्षण किया. शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे आईजी धनबाद जेल पहुंचे और करीब तीन घंटे तक आईजी कारा के अंदर रहकर जेल का निरीक्षण कर 11 बजे वापस लौट गये.निरीक्षण के दौरान आईजी जांच से काफी संतुष्ट दिखे. आईजी के पहुंचते ही कारा प्रशासन द्वारा सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.इस दौरान जेल आईजी कारा के अधिकारियों एवं कर्मियों से जेल के संसाधनों, व्यवस्था आदि कारा में कार्य के दौरान आनेवाली परेशानियों के संबंध में जानकारी ली. जेल आईजी बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जाना. कारा के अंदर उन्हें मिल रहे भोजन एवं उसकी गुणवत्ता स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था को लेकर भी पूछताछ की. जेल आईजी ने मिडिया को बताया कि जेल में व्यवस्थाएं, जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह निरीक्षण किया जा रहा है. इससे पहले चास में किया गया और आज धनबाद मंडलकारा पहुंचे. चास कारा की तरह ही धनबाद जेल में भी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई हैं. धनबाद जेल में स्थायी अधीक्षक, जेलर, असिस्टेंट जेलर नहीं हैं. वार्डन की भी कमी है.

दूसरी ओर उन्होंने जेल की सुरक्षा के संदर्भ में बताया कि धनबाद जेल रेसीडेंसियल इलाके से घिरा है. जेल की बॉउंड्री बिल्कुल घरों से सटी हुईं है. ऐसे में जेल की सुरक्षा को तय कर पाना काफी कठिन है और कोई भी सामान जेल के अंदर आसानी से पहुंच सकती है. मॉडल जेल के नॉर्म्स के मुताबिक धनबाद जेल का एरिया काफी कम है.ऐसे में जरुरी है कि जेल ऐसे जगह पर शिफ्ट हो जहां जेल का एरिया बड़ा हो. वर्ष 2016 में धनबाद के गोविंदपुर में जेल के नए भवन के लिए जमीन देखी भी गई थी. उस मामले में आगे और जानकारी ली जाएगी.धनबाद में बढ़ते चेन छिनतई के मामले में जेल आईजी ने बताया कि अगर यह आगेर्नाइज गिरोह के द्वारा चेन स्नेचिंग का क्राइम हो रहा है तो इसमें सीड को लगाया जायेगा.

## कतरास में शांतिपूर्ण अखाड़ा संपन्न कराने को लेकर अखाड़ा कमेटी के साथ पुलिस ने की बैठक



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : राजेंद्र क्लब कतरास बाजार में शुक्रवार को कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने कतरास के विभिन्न अखाड़ा कमेटी के साथ एक बैठक की. बैठक में अखाड़ा कमेटी के साथ-साथ कतरास के प्रबुद्ध नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे. थानेदार असित कुमार सिंह ने कतरास में शांतिपूर्ण रामनवमी बनाने की अपील करते हुए निर्धारित रुट से जुलूस निकालने, अश्लील गाना नहीं बजाने, जिला प्रशासन के गाइडलाइन समय सीमा पर खेल समाप्त करने कि अपील की. उन्होंने कहा कि रामनवमी पर शराब की सभी दुकानें बंद रहेगी.शांति भंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा.

मौके पर राजेंद्र प्रसाद जयसवाल, महेश अग्रवाल, कमलेश सिंह, डॉ स्वतंत्र कुमार, विनय सिन्हा, सरोज विश्वकर्मा, पिंटू दे, अशोक चौरसिया, मुकेश भट्ट, चंदन नंदन, प्रदीप जयसवाल, समीर जयसवाल, आदि उपस्थित थे.

## शांति व्यस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



बाघमारा : रामनवमी में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शुक्रवार को बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला. साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों का ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी.लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की गयी. हरिना, डुमरा, बाघमारा, भीमकनाली, माटीगढ़ा, खानुडीह, लुतीपहाड़ी, नदखुरकी आदि जगहों पर भ्रमण किया गया. फ्लैग मार्च में बरोरा थाना प्रभारी गंगासागर ओझा , अवर निरिक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह, सुदर्शन राम, जनेश्वर राम, लालेन्द्र कुमार सिंह, विकास कुमार, तारकेश्वर दास , संजय प्रसाद कुल्लू सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी शामिल थे.

## डीडीयू-गया-धनबाद रेलखंड पर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**सफल रहा ट्रायल, मौजूद रहे हाजीपुर जोन महाप्रबंधक व धनबाद- डीआरएम**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबादःडीडीयू-गया-धनबाद रेलखंड पर तेज रफ्तार ट्रेन संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया. इस रूट पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया,जोकि निरीक्षण यान से ट्रायल हुआ. इस ट्रायल में विशेष रूप से हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत इस रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे. महाप्रबंधक ने बताया कि इस सफल ट्रायल के बाद अब इस रेलखंड पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से नियमित ट्रेन संचालन की अनुमति के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी. उन्होंने बताया इस खंड पर कुछ दिनों से ट्रायल चल भी रही थी.



शुक्रवार को पुनः ट्रायल किया गया और अब इसके आरएसडीओ ट्रायल करेगी.ट्रायल के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. धनबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान भारी संख्या में तैनात रहे.बता दें कि भविष्य में इस रेलखंड पर तेज और आधुनिक ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा, जिससे यात्रियों के समय की बचत के साथ-साथ सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा.

## जनता दरबार में सुनीं गई आमजनों की शिकायतें

**महिला ने गलत व्यक्ति के द्वारा मुआवजा लेने की शिकायत**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनीं.इसमें तोपचांची के रामाकुंडा से आयी महिला ने अपर समाहर्ता को बताया कि उनकी पैतृक जमीन डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड परियोजना को लेकर अधिग्रहित की गई थी. जिसमें वंशावली के आधार पर नोटिस निर्गत नहीं किया गया तथा किसी गलत आदमी को मुआवजा का भुगतान कर दिया गया.वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें 32 लख रुपए मिले थे.इस रकम में से करमाटांड, बलियापुर रोड में 8 कट्ठा जमीन के साथ घर बनाकर देने के लिए डेवलपर को 30 लाख 60 हजार रुपए का भुगतान 28 अप्रैल 2023 को किया था. उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि न तो उन्हें जमीन मिली न ही



मकान मिला. इसके विपरित, डेवलपर उनपर और 20 लाख रुपए देने का दबाव बना रहा है.जनता दरबार में एसएसएलएनटी स्कूल, टेलीफोन एक्सचेंज रोड द्वारा छात्रा के नाम में सुधार नहीं करने की शिकायत प्राप्त हुई. छात्रा ने बताया कि मैट्रिक तक स्कूल रजिस्टर में उनका सही नाम दर्ज था. इसके बाद इंटर में जब नामांकन कराया तब नाम गलत लिख दिया . कई बार आवेदन देने के बाद भी नाम में सुधार नहीं किया जा रहा है.

इसके अलावा ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत कराने, महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक कराने, जमीन लेनदेन में धोखाधड़ी करने, कोलाकुसमा में घनी आबादी के बीच आरा मशीन का कारखाना खोलने, पति के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए.जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, डीडीएमए के संजय कुमार झा, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे.

# डॉ. शिवानी झा के जन्मदिन पर थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित

**शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रह कर एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को सौंपा गया**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : डॉ शिवानी झा के जन्मदिन के अवसर पर डॉ शिवानी झा,आर्य व्यायाम मंदिर कतरास एवं समर्पण एक नेक पहल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 51 यूनिट ब्लड का संग्रह कर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद के ब्लड बैंक को सौंपा गया.

जिसका उद्घाटन दीप प्रज्जवलित के साथ हुआ. दीप प्रज्वलन संयुक्त रूप से डॉ टीआर राय, डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ शिवानी झा, विजय कुमार झा, अनंत श्री कृष्णा, डॉ नेहा प्रियदर्शनी, मनीषा मीनू, डॉ धीरज चौधरी, दीपेश चौहान ने किया. इस कार्यक्रम में नौजवानों ने बढ़









चढ़कर हिस्सा लिया.

एसएनएमसीएच ब्लड बैंक के सुपरिंटेंडेंट डॉ बृज किशोर पांडे ने कहा कि आज हमलोगों को इस शिविर में 51 यूनिट ब्लड मिला है, जिसे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और जरुरतमंदों को दिया जायेगा. हम श्री कृष्णा मातृ सदन के डायरेक्टर डॉ शिवानी झा को अपने टीम की ओर से धन्यवाद देते हैं,आशा है आने वाले दिनों में इसी तरह का कैंप और भी सामाजिक लोगों के द्वारा किया जायेगा. इस अवसर पर डॉ शिवानी झा ने कहा कि शिविर लगाने का मेरा एक ही उद्देश्य था नौजवानों को जागृत करना. मैंने 25 से तीस यूनिट का लक्ष्य लिया था, जिसे हमारे नौजवानों ने 51 कर दिया. उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ लोगों को तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए, एक बार रक्तदान करने से तीन व्यक्तियों की जान बचती है, आर्य व्यायाम मंदिर कतरास, समर्पण और अपने कार्यरत सभी स्टाफ को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं. जिन्होंने मेरे जन्मदिन को यादगार बनाया.शिविर में रक्तदान करने वाले सभी 51 रक्तदाताओ को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र और टी - शर्ट देकर सम्मानित किया गया.

शिविर में मुख्य रूप से आर्य व्यायाम शाला के संस्थापक सह महासचिव गुरुजी दुगार्राम, सचिव रणधीर बर्मन, संगठन सचिव दीपक गुप्ता, उदय सिंह, विनय सिंह, कृष्णा अग्रवाल अवधेश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, गौतम मंडल, शंकर चौहान राणा प्रताप चौहान, डॉ विनय कुमार, दीपेश चौहान, राज गोस्वामी, डॉ मधुबाला, अंकित राजगड़िया, धीरज कुमार सिंह, मुन्ना झा, जयकांत प्रसाद सिंह ,वीरेंद्र यादव छोटेलाल गोप, राकेश कुम्हार, सोनी देवी, सुमन गोस्वामी, गीता देवी सुनीता देवी अविनाश कुमार,गोलू, समीर चक्रवर्ती, सक्षम गुप्ता, मयंक कुमार गुप्ता, विशाल कुमार रवानी,अक्षय कुमार वर्मा, आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्य व्यायाम मंदिर कतरास, समर्पण एक नेक पहल और श्री कृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.